राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 09 फ़रवरी 2026
वर्ष 07,अंक 129, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जली रोटी मिलने पर गर्भवती को पीटा बेटी को बचाने आई मां को बेरहमी से पीटा...03

अपनी ही कोम के खून से खेल रहा इस्लामिक स्टेट, इस्लामाबाद को धमाकों से दहलाने की ली जिम्मेदारी...12

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## एसआईआर के लिए 8000 ऑफिसर्स की तैनाती... कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले ममता ने क्यों लिया फैसला?

**पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई से ठीक पहले ममता सरकार ने 8,505 अधिकारियों को तैनात करने पर सहमति जताई है. चुनाव आयोग ने पिछली सुनवाई के दौरान अधिकारियों की कमी का मुद्दा कई बार उठाया था**




पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी. एसआईआर का टीएमसी ने कड़ा विरोध किया. अब एसआईआर के तहत सुनवाई अब खत्म होने वाली है. समय बढ़ाने की मांग के बावजूद, चुनाव आयोग ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है. दूसरी ओर, इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

सोमवार को फिर इस मामले की सुनवाई है. उससे पहले पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने प्रोसेस शुरू होने के लगभग तीन महीने बाद अधिकारी देने का फैसला किया. अधिकारियों की नियुक्ति का मुद्दा पिछले हफ्ते उठाया गया था. आयोग पहले भी कई बार अधिकारियों की नियुक्ति की मांग उठा चुका है. आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में भी दावा किया था कि राज्य सरकार ने पर्याप्त अधिकारी नहीं दिए हैं.

**ममता 8,505 B ग्रेड अधिकारी देने को तैयार**

इस बार ममता बनर्जी की सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से 24 घंटे पहले अधिकारी देने पर सहमत हो गई. राज्य सचिवालय नबन्ना ने आयोग को लिखकर कहा है कि वे 8,505 क्रग्रेड अधिकारी देने के लिए तैयार हैं।

ममता बनर्जी पिछले हफ्ते बुधवार को एसआईआर मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई और दलीलें दीं. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री से कहा, 'यह पक्का करें कि दो भाषाएं जानने वाले कर्मचारी और अधिकारी दिए जाएं।

हालांकि, सुनवाई के दौरान ममता बनर्जी ने आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि कमीशन ने जो मांगा था, वह दिया गया है. उन्होंने दावा किया कि जिलों की संख्या कम है, इसलिए अधिकारियों की संख्या भी कम है।

**सुप्रीम कोर्ट में कल SIR पर सुनवाई**

ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग पर स्ढ्रक्रके दौरान पक्षपात करने का आरोप लगाते रही है. तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा की ओर से काम कर रहा है और जानबूझ कर लोगों को परेशान किया जा रहा है और उनका आरोप है कि एसआईआर वास्तव में NRC है और यह चुनाव से पहले बीजेपी की चाल है।

अब, राज्य ने सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई से ठीक पहले अधिकारी देने का फैसला किया है. ऐसे समय में, राज्य सरकार के इस फैसले पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन क्या यह फैसला इसलिए है ताकि सुप्रीम कोर्ट में सवाल न उठें?

बीजेपी प्रवक्ता जगन्नाथ चटर्जी ने कहा, 'आज अधिकारी देने का वादा करके, राज्य सरकार ने लगभग यह मान लिया है कि वे इतने लंबे समय से पूरे एसआईआर प्रोसेस में सहयोग नहीं कर रहे हैं। '

**ममता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में आवेदन**

दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल एसआईआर मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया गया है अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल द्वारा दायर याचिका में इस मामले में हस्तक्षेप करने और सहायता प्रदान करने की मांग की गई है।

## कर्नाटक के विजयपुरा में प्राइवेट जेट क्रैश, मैंगलोर गांव के पास हुआ हादसा

**कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रेड बर्ड प्राइवेट जेट क्रैश हो गया है. यह हादसा मैंगलोर गांव के पास हुआ है. इस घटना में पायलट और ट्रेनी पायलट गंभीर रूप से घायल हुए हैं**



कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रेड बर्ड प्राइवेट जेट क्रैश हो गया है. यह हादसा मैंगलोर गांव के पास हुआ. इस घटना में पायलट और ट्रेनी पायलट गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घायलों को अस्पताल ले जाया गया है. इस संबंध में स्थानीय पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विजयपुरा जिले के बालेश्वर तालुका के मैंगलौर गांव के पास रविवार दोपहर एक जेट विमान हादसे का शिकार हो गया. शुरुआती जांच में सामने आया है कि कालबुर्गी के पास ही विमान हवा में डगमगाने लगा था. पायलट ने विमान को काफी संभालने की कोशिश की, लेकिन मैंगलोर के पास एक खेत में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में मौजूद दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

**जेट विमान क्यों हुआ हादसे का शिकार?**

विजयपुरा के मैंगलोर गांव के पास खेत में दुर्घटनाग्रस्त जेट विमान को लेकर जांच शुरू हो गई है. अभी तक की जांच में सामने आया है कि ईंधन की कमी के कारण ये हादसा हुआ है. हालांकि अभी तक किसी पुलिस अधिकारी का बयान सामने नहीं आया है. स्थानीय पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है. वहीं रेड बर्ड एविएशन की ओर से भी कोई बयान नहीं आया है. वहीं, हादसे में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर कैप्टन कुणाल मल्होत्रा और ट्रेनी पायलट गौतम शंकर हुए हैं. दोनों को इलाज के लिए BLDE हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थित बताई जा रही है।

**फ्लाइट ट्रेनिंग के लिए उपयोग होता है विमान**

रेडबर्ड एविएशन (Redbird Aviation) भारत में स्थित एक प्रमुख फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी है. ये सेसना 172 टैंगो चार्ली प्राइवेट जेट से फ्लाइट ट्रेनिंग देता है. जो प्रशिक्षण के लिए विश्व स्तरीय विमानों का उपयोग करती है. यह अकादमी बारामती, बेलगावी और सियोनी में अपने बेस से पायलट प्रशिक्षण प्रदान करती है।

बताया जाता है कि सेसना 172 एसपी में एक बेसिक ऑटोपायलट होता है जिसका उपयोग किसी निश्चित दिशा में उड़ान भरने, वीओआर या आईएलएस को कैप्चर करने या वर्तमान ऊंचाई को कैप्चर और बनाए रखने आदि के लिए किया जा सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर,कार खाई में गिरी



**नैनी, प्रयागराज** नैनी क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर रविवार सुबह ट्रैक्टर ने एक कार को टक्कर मार दी जिससे कार 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में मौजूद चालक को मामूली रूप से घायल है वही ट्रैक्टर चालक को भी गंभीर बताया जा रहा है। घटना के दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई जहां पुलिस को सूचना दी गई । जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। रहगिरों की मदद से पुलिस ने ट्रैक्टर को बीच सड़क से हटकर किनारे किया और खाई में गिरी कार को बाहर निकाला गया।बता दें की नैनी देवरख के समीप ओमेक्स सिटी में रहने वाले सूरज पुत्र हरि शंकर ओमेक्स सिटी में फ्लैट लेकर रहते है। रविवार को अपनी कार लेकर सिविल लाइंस की ओर जा रहे थे।जैसे ही शिवालय पार्क के समीप पहुंचे तभी नीचे की ओर से आ रही ट्रैक्टर ने उन्हें सामने से टक्कर मार दिया। जब तक वह कार को संभालते तब तक वह 20 फीट की गहरी खाई में जा गिरी।घटना के दौरान मौके पर काफी भीड़ जुट गई लोगों ने तत्काल पुलिस को फोन किया जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### 'दि 'वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

नैनी, प्रयागराज।'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की एक बैठक रविवार की दोपहर माघ मेला अरैल सेक्टर 7 स्थित सनातन धर्म शिविर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव तथा संचालन सचिव शिवमूरत केसरवानी ने की। बैठक में संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में संरक्षक हजारीलाल कुशवाहा, राजीव जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव केसरवानी, उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, सदस्य दिलीप कुमार जायसवाल, रामबाबू आदि लोग मौजूद रहे।

## अनुष्का यादव बनीं मां, बेटी को दिया जन्म...तेज प्रताप बोले- मेरा कोई रिश्ता नहीं

**तेज प्रताप यादव ने अनुष्का यादव और उनकी नवजात बेटी से संबंध होने से साफ इनकार किया है. उन्होंने इसे बदनाम करने की साजिश बताते हुए कहा कि उनका अनुष्का या बच्चे से कोई लेना-देना नहीं. उन्होंने अनुष्का का आलोक गुर्जर से रिश्ता होने का दावा भी किया**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जनशक्ति जनता दल प्रमुख और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव के साथ रिलेशन को लेकर सुर्खियों में आई अनुष्का यादव मां बन गई हैं. उन्होंने रविवार (8 फरवरी) को बेटी को जन्म दिया है. इस बीच तेजप्रताप का बयान सामने आया है. उन्होंने साफ कहा कि उनका अनुष्का या उसके बच्चे से उनका कोई संबंध नहीं है अनुष्का यादव के मां बनने के बाद तेजप्रताप यादव ने साफ कहा कि उनका अनुष्का या उसके बच्चे से न तो कोई रिश्ता है और न ही कोई लेना देना है. इसके साथ ही तेजप्रताप मे उन्हें बदनाम करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि जयचंदों के इशारे पर उन्हें बदनाम किया जा रहा है. इन जयचंदो ने मुझे बदनाम किया है, हम इस संबंध को खारिज करते हैं.

**'मेरा अकीउंट हैक हुआ था'**

वहीं अनुष्का यादव के साथ फोटो वायरल होने के सवाल पर तेज प्रताप ने कहा कि उनकी अनुष्का यादव के साथ जो तस्वीर वायरल हुई थी उस समय उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिया गया था।

**'मुकेश रौशन मेरी हत्या कराना चाहते हैं'**

उन्होंने कहा कि ये संबंध उन पर थोपा गया है. उन्होंने कहा कि ये एक गिरोह है जिसका संचालन पूर्व विधायक मुकेश रौशन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुकेश रौशन उनकी हत्या कराना चाहते हैं.तेजप्रताप यादव ने खुलासा करते हुए कहा है कि हमारे साथ पिछले दिनों जो व्यवहार हुआ, मुझे घर से निकाला गया उसके पीछे 5 जयचंद हैं. इसके साथ ही उन्होंने इन पांच लोगों के नाम भी बताए. जिनमें...

5 जयचंद

मुकेश रौशन, संजय यादव, रमीज, शक्ति सिंह, सुनील सिंह

**'अनुष्का यादव का आलोक गुर्जर के साथ रिश्ता'**

यही नहीं तेज प्रताप यादव ने अनुष्का यादव का किसी और के साथ रिश्ता होने का खुलासा भी किया. उन्होंने कहा कि अनुष्का यादव का आलोक गुर्जर नाम के शख्स के साथ संबंध है. उन्होंने सवाल किया कि आलोक गुर्जर कौन है और अनुष्का का उसके साथ क्या संबंध है उसे बताना चाहिए, ये वो बताएंगे. उन्होंने कहा कि जो लोग उन्हें बदनाम कर रहे हैं उनके खिलाफ वो कोर्ट जाएंगे और पीएम मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

**'इन लोगों ने मुझे डिप्रेशन में पहुंचा दिया...'**

इसके साथ ही जनशक्ति जनता दल प्रमुख ने ये भी कहा कि उनके पिता ने दही चूड़ा कार्यक्रम में आए थे और उन्हें आशीर्वाद दिया था, ये लोगों को रास नहीं आया. उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मुझे डिप्रेशन में पहुंचा दिया था, यहां तक की फांसी लगाने जैसी नौबत आ गई. उन्होंने कहा कि बिहार के गृह मंत्री ने भी उनसे कहा है कि उन्हें बुलाया जाएगा।

**क्या है मामला**

दरअसल तेज प्रताप यादव पिछले साल अनुष्का यादव के साथ रिश्ते को लेकर काफी सुर्खियों में रहे थे. सोशल मीडिया पर उन्होंने एक पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी.



हालांकि कुछ ही देर बाद उन्होंने पोस्ट डिलीट कर दी थी. बाद में उन्होंने कहा था कि उनका अकाउंट हैक हो गया था. इसके साथ ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान ये भी स्वीकार किया था कि अनुष्का के साथ उनका रिश्ता था. उन्होंने अपने प्यार को कुबूल करते हुए कहा था कि अनुष्का के साथ फोटो उन्होंने ही पोस्ट की थी. तेज प्रताप ने कहा था कि उन्होंने अनुष्का से प्यार किया है, कोई गुनाह नहीं।

**पार्टी से किया था निष्कासित**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने के बाद तेज प्रताप को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था. वहीं उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव ने कहा था कि मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता।

## झज्जर हत्याकांड का खुलासा: नंदू गैंग के दो शूटर महाराष्ट्र से गिरफ्तार, 100 से अधिक होटलों में चलाया सर्च अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंग्स्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के दो शूटर सौरभ और योगेश को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार किया है। नंदू के निर्देश पर दोनों ने हरियाणा के झज्जर जिले के बादली थानाक्षेत्र में कार सवार संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। झज्जर पुलिस कमिश्नर ने योगेश की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। सौरभ को दिल्ली में हत्या और हत्या के प्रयास के दो मामलों में भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने 100 से ज्यादा होटल और गेस्ट हाउसों में जांच करने के बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया है।

**सौरभ और योगेश के बारे में सूचना मिली–** डीसीपी अलाप पटेल के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों में सौरभ लाकड़ा, सोनीपत और योगेश शर्मा, नंदा एन्क्लेव, नजफगढ़ का रहने वाला है। जनवरी के आखिरी हफ्ते में स्पेशल सेल को सौरभ और योगेश के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी नीरज कुमार, इंस्पेक्टर पवन कुमार और सुमित कादियान के नेतृत्व में पुलिस टीम को 27 जनवरी को महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया था। वहां रहकर पुलिस टीम ने 100 से ज्यादा होटल और गेस्ट हाउसों में जांच करने के बाद कोल्हापुर, महाराष्ट्र में श्री टेंबलाई मंदिर के पास, उंचागांव रोड से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**आर्म्स एक्ट सहित 10 से ज्यादा मामले दर्ज** 17 जुलाई को संदीप जब अपने दोस्त के साथ कार से अपने घर जा रहा था, तभी दो हमलावरों ने उनपर गोली चला दी थी, जिससे संदीप की मौत हो गई थी। यह हत्या कपिल सांगवान के कहने पर की गई थी। इसके अनुसार बादली थाने में मामला दर्ज कर लिया गया था। योगेश की गिरफ्तारी पर पुलिस कमिश्नर, झज्जर ने इनाम घोषित कर दिया था। दिल्ली और हरियाणा में कई मामलों में योगेश के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी थे। दोनों पर दिल्ली और हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट सहित 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

**कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया–** विदेशी तत्वों की संलिप्तता को देखते हुए, स्पेशल सेल की टीम ने इस मामले पर काम करना शुरू किया था। हरियाणा, यूपी, राजस्थान, एमपी और महाराष्ट्र में संदिग्ध ठिकानों पर कई छापे मारे गए और उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की गई, उसके बाद उन्हें कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने प्रतिद्वंद्वी गिरोह के बदमाशों से मिल रही धमकियों के कारण अपनी सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश से एक-एक पिस्टल खरीदी थी।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में बीएसएफ को बड़ी कामयाबी, पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा



**जम्मू-कश्मीर में सांबा के रामगढ़ सेक्टर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है. आरोपी को हिरासत में लिया गया है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जम्मू-कश्मीर में सांबा के रामगढ़ सेक्टर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर BSF ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है. आरोपी को हिरासत में लिया गया है. सुरक्षा एजेंसिया और स्थानीय पुलिस अधिकारी आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं. वहीं, इससे पहले 26 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में ही बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था. घुसपैठिए की पहचान लाहौर निवासी मोहम्मद आरिफ (61) के रूप में हुई थी।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में इंटरनेशनल बॉर्डर पार करके भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते समय एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा गया. सूत्रों के मुताबिक, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने रामगढ़ सेक्टर में बॉर्डर आउटपोस्ट बल्लर के पास शाम करीब 7 बजे घुसपैठिए की हलचल देखी और उसे हिरासत में ले लिया. उन्होंने बताया कि घुसपैठिए से तुरंत पूछताछ की जा रही है. सुरक्षा एजेंसियां पता लगाने की कोशिश कर आरोपी बॉर्डर पार किस मकसद से आया है।

## थिंक, एक्सप्रेस और एक्सप्लोर... जेन-ज़ी एनआरआई को राहुल गांधी का मैसेज

**लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूएई के युवा एनआरआई स्टूडेंट्स के साथ बातचीत की है. राहुल गांधी के यूट्यूब अकाउंट पर 6 मिनट 37 सेकेंड की वीडियो शेयर की गई है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूएई के युवा एनआरआई स्टूडेंट्स के साथ बातचीत की है. राहुल गांधी के यूट्यूब अकाउंट पर 6 मिनट 37 सेकेंड की वीडियो शेयर की गई है. इस वीडियो में राहुल जेन-ज़ी स्टूडेंट्स के एक समूह से बात करते दिख रहे हैं. वीडियो कुछ स्टूडेंट्स राहुल से उनकी भारत जोड़ो यात्रा के बारे में बात करते हुए दिख रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने यूएई के युवा एनआरआई स्टूडेंट्स के साथ बातचीत की है. छात्रों ने राहुल से उनकी भारत जोड़ों यात्रा के बारे में पूछा. जिस पर राहुल गांधी ने उन्हें अपनी पूरी यात्रा के बारे में बताया. उन्होंने बताया कि कैसे हजारों की भीड़ ने उनके साथ इस यात्रा में भाग लिया. यात्रा में हर धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया. उनकी यात्रा में हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई और अन्य धर्म के लोग भी शामिल थे।

राहुल ने एक स्टूडेंट के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सफलता आसानी से नहीं मिलती है. उसके लिए आपको लगातार मेहनत करनी होगी. इस दौरान आप कई बार हारोगे या फेल होगे. लेकिन आपको रूकना नहीं है मेहनत करते रहना. फिर एक दिन आएगा आप सफलता का स्वाद चखोगे. राहुल ने स्टूडेंट्स से कहा कि इसीलिए सफलता के लिए रोज मेहनत करो।

**पहचान, मकसद और दबाव पर की बात**

राहुल गांधी ने इस दौरान पहचान, मकसद और आज के युवाओं पर पड़ने वाले दबावों के बारे में बात की. राहुल ने बताया कि इस चर्चा में जेन-ज़ी की कुछ सबसे जरूरी चिंताओं पर बात हुई, जिसमें प्रोफेशन और पैशन के बीच बैलेंस बनाना, सोचने, एक्सप्रेस करने और एक्सप्लोर करने की आजादी पर बात हुई है. साथ ही एंग्जायटी से निपटने और जजमेंट से उबरने पर भी चर्चा हुई. इस दौरान स्टूडेंट्स की शंकाओं को भी राहुल गांधी ने दूर किया है. उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि खुले तौर पर जीने से सभी शंकाएं दूर हो जाती है।



**राहुल बोले- खुद ही पार पाना होता है**

राहुल गांधी से बातचीत के दौरान कई स्टूडेंट्स ने बताया कि वे कॉन्फिडेंट नहीं हो पाते हैं. जज किए जाने से खुद इनसिक्योर पाते हैं. इसके अलावा हमेशा खुलकर बोलने में सहज महसूस न करने से चिंतित महसूस हो जाते हैं. जिस पर राहुल गांधी ने स्टूडेंट्स को बताया कि ये कमियां सभी में होती हैं. लेकिन इस पर आपको खुद ही पार पाना होता है. आपको खुद हिम्मत करनी पड़ती है. जिस तरह हम परीक्षा में पढ़ाई और हिम्मत करके बैठते हैं. ठीक उसी तरह से इन सभी पर जीत पाई जा सकती है. बस खुद पर मेहनत करने की जरूरत है।

**जिंदगी में कुछ भी सीधा नहीं होता**

राहुल गांधी और स्टूडेंट्स के बीच बातचीत का एक मुख्य विषय यह था कि समाज अक्सर लोगों को लेबल और अंदाजों से परिभाषित करने की कोशिश करता है. इस पर राहुल गांधी ने कहा कि संदेश साफ है, भले ही दुनिया आपको यह बताने की कोशिश करे कि आप कौन हैं, लेकिन जो सच में मायने रखता है वह है खुद के प्रति सच्चा रहना. उन्होंने कहा कि जेन-ज़ी के लिए मेरा संदेश आसान है. जिंदगी में कुछ भी सीधा नहीं होता. लचीले रहें और लगे रहें. इस बातचीत की शुरुआत में असली सवाल. ईमानदार जवाब. कोई फिल्टर नहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## बस्ती मे करंट की चपेट मे आई दोलड़कियों की मौत, कबाड़ बटोरकर करती थीं गुजारा

**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पचपेड़िया रोड पर कबाड़ बटोरने वाली दो लड़कियों की मौत हो गई। उनका शव बिजली के खंभे के निकट कूड़ों के ढेर पर मिला है। जानकारी के अनुसार कूड़ा बटोरते समय दोनो लड़कियां ऊपर से गये बिजली के तार की चपेट मे आ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना मे बिजली विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। स्थानीय लोगों की माने तो कबाड़ बटोरते समय दोनो लड़कियां करंट की चपेट मे आ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनो लड़कियां रोजाना कबाड़ बटोरकर अपना जीवनयापन करती थीं। लड़कियों की पहचान कांशीराम आवास की काजल पुत्री मौलबी और करिश्मा पुत्री अर्जुन के रूप मे हुई है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर गुस्सा है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार ध्यान देते तो इतनी बड़ी घटना न घटती। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़िता व उसकी बेटी के साथ मारपीट को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उसमानपुर निवासिनी श्यामकली पत्नी हरिलाल वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सात फरवरी को सुबह पानी के विवाद को लेकर विपक्षियों ने गाली गलौज की। विपक्षी गांव के राजकुमार वर्मा पुत्र पुट्टी लाल एवं उसकी मां ने पीड़िता व उसकी बेटी चांदनी को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजकमल समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मानस सम्मेलन में आज कथा सुनायेंगे राहुल कृष्ण जी महाराज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आज सोमवार से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन में पहले दिन श्रीधाम वृन्दावन से राहुल कृष्ण जी महाराज कथा सुनायेंगे। कथा का शुभारम्भ अपरान्ह ढाई बजे से होगा। यह जानकारी संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने दी है।

## बलिया पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलनः एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षुओं की समस्याएं सुनीं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**बलिया** - पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में रविवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सैनिक कल्याण योजनाओं की जानकारी दी और पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की प्राथमिकताओं व दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया। साथ ही मानव संपदा पोर्टल, साइबर क्राइम से बचाव, यक्ष ऐप, यातायात नियमों के पालन, 'स्वष्ठ (जीरो फॉल्ट डिफेक्ट) प्रणाली तथा बीट क्षेत्र में कर्तव्यों के निर्वहन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान आरटीसी के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सदर राकेश कुमार सिंह, आरटीसी प्रभारी अमरजीत यादव सहित आरटीसी के समस्त आईटीआई/पीटीआई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं दवा वितरण शिविर कल

**कोंच(जालौन)**- विमल क्लीनिक के संचालक डॉ कुलदीप सिंह ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि 10 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन विमल क्लीनिक मार्कंडेयश्वर तिराहा उरई रोड कोंच पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीज शिविर का लाभ जरूर उठाएं। मरीज अपना आधार कार्ड, राशनकार्ड एवं मोबाइल नंबर जरूर साथ लेकर आएं।

# अन्तर जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता-2026 का समापन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** पुलिस लाइन बस्ती में आयोजित गोरखपुर जोन की 31वीं अन्तर जनपदीय कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष), कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंगप्रतियोगिता- 2026 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 05 फरवरी से 07 फरवरी 2026 तक चला, जिसमें गोरखपुर जोन के 10 जनपद गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर, देवरिया तथा सिद्धार्थनगर की पुलिस टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी रहे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं पुलिस बल में शारीरिक दक्षता, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करती हैं। कुश्ती प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में जनपद गोण्डा ने 60 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जनपद सिद्धार्थनगर 20 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। महिला कुश्ती वर्ग में जनपद गोरखपुर और बस्ती दोनों ने 20-20 अंक प्राप्त किए, लेकिन गोरखपुर को दो गोल्ड मेडल अधिक होने के कारण तकनीकी आधार पर प्रथम स्थान प्रदान किया गया, जबकि बस्ती द्वितीय स्थान पर रहा। बॉक्सिंग पुरुष वर्ग में जनपद बस्ती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और सिद्धार्थनगर 20 अंक के साथ द्वितीय रहा। बॉक्सिंग महिला वर्ग में सिद्धार्थनगर ने 20 अंक के साथ प्रथम तथा देवरिया ने 15 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रीको रोमन कुश्ती पुरुष वर्ग में जनपद बस्ती ने 55 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गोण्डा 15 अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। आर्म रेसलिंग पुरुष वर्ग में बस्ती और बहराइच दोनों ने 35-35 अंक प्राप्त किए, लेकिन टाई ब्रेक के आधार पर बहराइच को प्रथम और बस्ती को द्वितीय स्थान मिला। आर्म रेसलिंग महिला वर्ग में संतकबीरनगर प्रथम तथा देवरिया द्वितीय स्थान पर रहा। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर ने 30 अंक के साथ प्रथम स्थान और बस्ती ने 22 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला बॉडी बिल्डिंग में बस्ती ने 8 अंक के साथ प्रथम और गोरखपुर ने 5 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री श्यामकांत, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येंद्र भूषण तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बस्ती, खेल टीम मैनेजर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) फरवरी 2026 सफलता पूर्वक संपन्न हुई

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के 18 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों कुल 9060 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। यह परीक्षा प्रथम पाली में कक्षा 6 से 8 तक जूनियर वर्ग के विद्यालयों में शिक्षक भर्ती पात्रता हासिल करने के लिए सम्पन्न हुई।18 केंद्रों पर 9060 में 821अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 8239 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।सभी केन्द्रों पर परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।सभी विद्यालयों में अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक 7.30 बजे से आरम्भ हुआ।सभी केन्द्रों पर पुलिस की व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रही।न्यू एन्जिल्स केंद्र पर प्रथम पाली में 600 अभ्यर्थी आबंटित थे,जिसमें 555 उपस्थित रहे और 45 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे।दूसरी पाली की परीक्षा के लिये बायोमेट्रिक 1 बजे से आरम्भ हुआ यह परीक्षा कक्षा 1 से 5 तक के अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती पात्रता हासिल करने के लिये कराई गयी।परीक्षा 2.30 बजे आरम्भ हुई। जनपद के 18 सीबीएसई विद्यालयों में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 6342 थी जबकि कुल 5937 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 405 रही।न्यू एन्जिल्स में दूसरी पाली में आबंटित 600 छात्रों में से 568 उपस्थित रहे और 32 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा 5 बजे समाप्त हुई। दोनों पाली की परीक्षाओं में प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

# रूधौली में होमगार्ड कमांडेंट के घर भीषण चोरी, लाखों के जेवर, नगदी पर हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के घनघटा गांव स्थित शास्त्रीनगर चौराहा पर देर रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। चोरों ने होमगार्ड कमांडेंट राज बिहारी शुक्ला के पैतृक आवास को निशाना बनाते हुए नकदी व कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि परिवार में पिता के स्वर्गवास को अभी दो माह भी पूरे नहीं हुए थे इसी बीच यह घटना परिजनों के लिए एक और बड़ा आघात बनकर सामने आई। मां की तबीयत खराब होने के कारण पूरा परिवार गांव मे गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने सुनसान घर में धावा बोला। चोरों ने शटर व मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और ?85,000 नकद, बहन के पूरे जेवर, मां के आभूषण, साथ ही संबंधित महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर ले गए। सुबह घर पहुंचने पर टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना केदारनाथ द्वारा तत्काल 112 नंबर तथा थाना रुधौली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

इस घटना ने एक बार फिर रुधौली थाना क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र में पहले से ही एक लापता युवक की तलाश जारी है, बावजूद इसके अपराधी बेखौफ होकर चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। रुधौली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं अपराधियों के बढ़ते हौसले को दर्शा रही हैं, जो कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है, इस बड़ी चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी है। पूरा मामला बस्ती जनपद के रुधौली थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर चौराहा का है।

## मारपीट व गाली गलौज को लेकर चार के खिलाफ केस दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के रामनगर भोजपुर निवासी छेदी लाल के पुत्र संदीप यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह बीती पांच फरवरी को रात लगभग बारह बजे बोलेरो वाहन से परिहारन का पुरवा पहाड़पुर से सवारी छोड़कर आ रहा था। रास्ते में गांव के नितेश कुमार व तीन अज्ञात रास्ते में स्कार्पियो खड़ी किये थे। पीड़ित ने वाहन हटाने को कहा तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर आरोपियों द्वारा जानलेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नितेश कुमार व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बस्ती पुलिस के लिए चुनौती बना लापता दरोगा का मामला

## ●नहीं लग रहा है लापता दरोगा का कोई सुराग पुलिस की कई टीम में गठित होने के बावजूद पुलिस खाली हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में लापता दरोगा का मामला अभी तक पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है।परसरामपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक के गायब होने के कई दिन बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।पुलिस टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है।दरोगा की मोटरसाइकिल नदी किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिली थी।इसके बाद से आशंका जताई जा रही है कि घटना में कोई अनहोनी हुई हो सकती है।गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश अभियान चलाया गया।तलाशी के बावजूद अब तक कोई महत्वपूर्ण बरामदगी नहीं हो सकी है।परिजनों ने मामले को लेकर चिंता और नाराजगी जताई है।परिवार का कहना है कि जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाई जाए।पुलिस अधिकारियों ने कई टीमों का गठन कर जांच तेज कर दी है।मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन खंगाली जा रही है।सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

संदिग्ध लोगों से पूछताछ का सिलसिला जारी है।पुलिस का कहना है कि हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।अभी तक अपहरण या अन्य कारणों की पुष्टि नहीं हुई है।जिले में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है।स्थानीय लोग भी मामले को लेकर चिंतित हैं।अधिकारियों ने जल्द खुलासा करने का भरोसा दिया है।पुलिस का दावा है कि खोज अभियान जारी रहेगा।जब तक दरोगा का पता नहीं चलता, प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

# मुफ्ती-ए-आजम व शहर काजी कानपुर हज़रत अल्लामा मुफ्ती कारी मोहम्मद अबदुस्समी साहब अलैहिर्रहमा की याद में 19 वां सालाना जलसा, पेश की गई खेराजे अक़ीदत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** आज दिनांक 08 फरवरी 2026 आबरूए अहले सुन्नत काएदे मिल्लत हज़रत अल्लामा मुफ्ती कारी मोहम्मद अबदुस्समी साहब अलैहिर्रहमा पूर्व मुफ्ती-ए-आजम व शहर क़ाज़ी कानपुर की याद में 19 वां सालाना जलसा ईद मिलादुन्नबी सलल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके बरादरे हकीकी अल्हाज मोहम्मद अहमद साहब की सरपरस्ती व शहर क़ाज़ी कानपुर हज़रत अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही साहब की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें उनके कारहाए नुमाया को याद कर खिराजे मुहब्बत पेश की गई। मुफ्ती-ए- शहर कानपुर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हनीफ बरकाती बरकाती साहब ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म जीवन के सभी क्षेत्रों में हमारा मार्गदर्शन करता है, इसलिए मुसलमानों को हर क्षेत्र में हलाल और हराम का ध्यान रखना चाहिए. इस्लाम को सिर्फ नमाज तक सीमित नहीं रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस्लामी शरीयत के बदनामी का सबब न बने बल्कि सामाजिक रीति-रिवाजों से बचकर सुन्नत व शरीयत के अनुसार शादी करें. और दहेज़ की लानत को खत्म कर शादियो को आसान बनाएं। मौलाना असगर अली यार अल्वी ने कहा कि जो कौम अपना इतिहास और अपने रहनुमाओं की याद भूल जाती है जमाना उसे भुला देता है, काएदे कौमों मिल्लत हजरत अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद अबदुस्समी साहब एक फर्द नहीं बल्कि अंजुमन थे उनकी याद में जलसा आयोजित कर उनके कारनामों को याद करना और उन्हें खिराजे अकीदत पेश करते हुए उनके मिशन को आम करना हम सब की अहम जिम्मेदारी है। अल्लामा कारी कासिम हबीबी बरकाती ने शिक्षा के महत्व पर रौशनी डालते हुए कहा कि आबरूए अहले सुन्नत को सच्चा खिराज यही है कि हम 'बरकाती पैगाम ' आधी रोटी खाएं मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं अगर हमारे बच्चे शिक्षा में पीछे रह गए तो वह मुख्यधारा से कट जाएंगे और उनका विकास एवं उन्नति के मार्ग पर पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। कलीम दानिश बरकाती, शादाब रज़ा रजधानवी आदि ने नातों मनक़बत का नजराना पेश किया जलसे की निजामत शब्बीर अशरफी कानपुरी ने अंजाम दी ।

# पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया सांसद प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के साहबगंज स्थित सुखपतिराम इण्टर कालेज के प्रांगण में रविवार को विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं कई विद्यालयों के प्रबंधक रहे शिक्षाविद् स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य स्व. रामकिशोर मिश्र के सुपुत्र अनिल प्रकाश मिश्र व पौत्र रक्षामंत्रालय में संयुक्त निदेशक योगेश मिश्र की मौजूदगी में जैसे ही सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिमा का लोकार्पण किया पाण्डाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल के साथ पं. सुखपतिराम उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान को लेकर विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गान एवं मां सरस्वती की वंदना भी आकर्षक दिखी। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. रामकिशोर मिश्र ने एक आदर्श शिक्षक तथा कुशल प्रधानाचार्य एवं विद्यालयों के प्रबंधन के जरिये सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार को मजबूत दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही देश का विकास तथा समृद्धि उत्तरोत्तर मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ ने स्वतंत्रता संग्राम में प्रखर भूमिका निभाई। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विद्या के दान के लिए प्रतापगढ़ जिला पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के योगदान का भी सदैव ऋणी रहेगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्से में आज युद्ध के हालात हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ने ही हमें अपनी राष्ट्रीय सम्प्रभुता की सुरक्षा की भी शक्ति प्रदान कर रखी है। उन्होंने शिक्षाविदों से कहा कि भावी पीढ़ी को सुदृढ़ भविष्य सौंपते हुए भारत की अजेय शक्ति का शंखनाद जारी रखें। आयोजन समिति की ओर से संयोजक अनिल प्रकाश मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्र, शशिप्रकाश मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र व अरूण प्रकाश मिश्र ने सांसद प्रमोद तिवारी को स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। प्रारम्भ में आईएस अधिकारी योगेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य मनोज मिश्र ने स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र के व्यक्तित्व पर कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रो. अरूण प्रकाश मिश्र ने किया। पूर्व प्रधानाचार्य डा. शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने पं. रामकिशोर मिश्र स्मृति संस्कृतकाव्य सम्मान पत्र का वाचन किया। वहीं कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी ने समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, डा. अवधेश कुमार मिश्र, लाल गीतेश्वरप्रताप सिंह, विधिदेव शुक्ल, श्यामलाल गुप्ता, शिवप्रताप सिंह, प्रो. विनोद खोब्रागडे, योगेश्वर उपाध्याय, संजय कुमार मिश्र को आयोजन समिति की ओर से स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। समारोह में प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केशव ओझा, डा. शक्तिकुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, उपप्रधानाचार्य जगदीश नारायण मिश्र, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. नागेन्द्र अनुज, अजीत सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, आशुतोष मिश्रा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, हाईकोर्ट के अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, विनोद दुबे, इम्तियाज अहमद, चन्द्रप्रकाश मिश्र, संतोष कुमार मिश्र, अशोक कुमार पाण्डेय, देवेश कुमार मिश्र, रामराज तिवारी, उदयराज तिवारी, छोटे लाल सरोज, रामलखन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा आयोजित विशाल चिकित्सा शिविर में 500 से अधिक जरूरतमंदों का उपचार

## ●डा. अतुल शुक्ला के नेतृत्व में लगा स्वास्थ्य शिविर, विधायक जीतलाल पटेल ने की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर देव मैरिज लॉन पड़वासी में आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में 500 से अधिक जरूरतमंद ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच व उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।चिकित्सा शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर योग्य चिकित्सकों से परामर्श एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को योग्य चिकित्सक डा. अतुल शुक्ला की सेवाएं उपलब्ध कराई गई, इसके लिए वह क्लब के आभारी हैं। साथ ही उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का सलाह दिया।शुभारंभ अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डा. अतुल शुक्ला ने ग्रामीणों को हृदय रोग, शुगर, रक्तचाप आदि बीमारियों से बचाव व उपचार की जानकारी दी। उन्होंने हरी सब्जियों, फलों एवं सलाद के सेवन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी रोग को लेकर अनावश्यक चिंता न करें, बल्कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।कार्यक्रम के प्रारंभ में लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष ला. आशुतोष त्रिपाठी एवं समाजसेवी पूर्व प्रधान विनय कुमार शुक्ला (लल्लू शुक्ला) ने क्षेत्रीय विधायक एवं डा. अतुल शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष ला. आशुतोष त्रिपाठी, प्रशासक संतोष भगवन, सचिव आर बीसिंह, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, सर्विस चेयरपर्सन डा. क्षितिज श्रीवास्तव, वरिष्ठ ला. सीएस मिश्र, ला.दिनेश प्रताप सिंह एवं ला. सुशील कुमार शुक्ला द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ ला. सीएस मिश्र ने लायंस क्लब के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक संतोष भगवन एवं सचिव आर. बी.सिंह ने किया।

चिकित्सा शिविर के आयोजन में मनोज शर्मा सहित क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों–धर्मेंद्र शुक्ला, गुलाब सिंह, अभय सिंह, राम किशोर वर्मा, प्रेम सिंह, सुभाष सरोज, राम सुमेर सरोज, वीरू प्रजापति, अनिल कुमार, राधे सिंह, राजाराम एवं विशाल गौतम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शिवांग पाण्डेय तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह भी उपस्थित रहे। चिकित्सा शिविर में विभिन्न दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों में अरुण सिंह (डिस्कवरिंग मैनकाइंड), आलोक तिवारी, अशोक तिवारी, रमेश शर्मा, देवेश मिश्रा (मैक्लियॉड्स फार्मा), पवन यादव (बैवी लैब्स), शुभम मिश्रा (आइसलिस फार्मा), सचिन पाण्डेय (न्यूट्राजेनिक्स), आशिष मिश्रा, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार (एरिस्टो फार्मा), आनंद मिश्रा, अमित श्रीवास्तव (एल्केम फार्मा), कौशलेंद्र ओझा (आईपीसीए लिमिटेड), रितेश पाण्डेय (जायडस फार्मा), एस. पी. सिंह (सिप्ला लिमिटेड), सी. बी. सिंह, अनुरोध शुक्ला (कोरोना), राजकुमार शुक्ला (टॉरेंट फार्मा) सहित अन्य प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं की उपलब्धता में सहयोग किया।

# सोनभद्र राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक में गूंजी एकता की आवाज, जनहित के लिए संघर्ष का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र** - रविवार को स्थानीय कमला पेट्रोल पंप के समीप स्थित परिसर में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस सभा में जनपद के पत्रकारों ने भारी संख्या में भाग लिया और संगठन की मजबूती के साथ-साथ पत्रकारों की सुरक्षा व जनहित के मुद्दों पर हुंकार भरी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सोनभद्र जिला अध्यक्ष संतोष साहनी ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त और एकजुट मंच का होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ने की शपथ दिलाई। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अमरदीप सिंह ने विचार साझा करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल पत्रकारों के मुद्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनना होगा। वहीं कुधन चौधरी ,रोहित त्रिवेदी, दिलीप दत्ता और अजीत सिंह जैसे अनुभवी पत्रकारों ने अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने युवा पत्रकारों को निष्पक्ष, निडर और जिम्मेदार पत्रकारिता के गुर सिखाते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति उसकी एकता में निहित है। चर्चा के दौरान संगठन ने भविष्य की कार्ययोजना के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जनता की उन समस्याओं को प्रमुखता से उजागर किया जाएगा जिन्हें अब तक प्रशासन ने अनसुना किया है। क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ संगठन एकजुट होकर आवाज बुलंद करेगा। पत्रकारों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की बदसलूकी या उत्पीड़न की घटना पर संगठन ईंट से ईंट बजाने का काम करेगा। बैठक के समापन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभिन्न स्थानीय जनहित के मुद्दों और पत्रकारों की मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा। संगठन की ओर से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की जाएगी। इस बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाले समय में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जनपद में जन-सरोकार और पत्रकारिता के गौरव की रक्षा के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य करेगी।

# सोनभद्र अनपरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)**- जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान को आज एक और बड़ी सफलता मिली है। अनपरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डिबुलगंज क्षेत्र से एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में अनपरा पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ हेतु क्षेत्र में सक्रिय थी। रविवार दोपहर करीब 01:57 बजे, पुलिस को सटीक सूचना मिली कि डिबुलगंज डी-प्लांट पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति नशे की खेप के साथ मौजूद है। त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनोज कुमार (30 वर्ष), निवासी डिबुलगंज के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग ?2,00,000 (दो लाख रुपये) बताई जा रही है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त मनोज ने पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। वह पिछले दो साल से हेरोइन की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचने का काम कर रहा है। वह प्रत्येक पुड़िया को ?250 में बेचता था। उसने बताया कि उसे हेरोइन राहुल उर्फ चिंटू (निवासी सिनेमा रोड, परासी) उपलब्ध कराता है। दोनों मिलकर पुड़िया तैयार करते हैं और हर दिन करीब 60 से 70 पुड़िया की बिक्री कर लेते हैं। पुलिस ने अभियुक्त मनोज कुमार के खिलाफ थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-26/2026 धारा 8/21 NDPS Act के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे माननीय न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले के वांछित अभियुक्त 'राहुल उर्फ चिंटू' की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## झरेखापुर में आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

### स्त्री, हृदय व हड्डी रोग की जांच व दवाएं मुफ्त, वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनेंगे




**सीतापुर(ब्यूरो)।** जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एवं श्री पीतांबरा शिक्षा समिति के सौजन्य से पारा सरायं स्थित के0 पी0 सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार 09 फरवरी को किया जाएगा। यह शिविर झरेखापुर चौराहा, बाजार में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्त्री रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग सहित अन्य सामान्य रोगों की निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाएं प्रदान की जाएंगी। आयोजन समिति के अनुसार शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, वहीं अन्य पात्र लाभार्थियों के लिए भी आयुष्मान कार्ड पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।

## तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत, दो गंभीर

### ई-रिक्शा बचाने में हुआ हादसा, बाइकों के उड़े परखच्चे



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर शोभवापुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सरेनी थाना क्षेत्र के रावतपुर कला गांव निवासी रामप्रसाद (32), अपने चचेरे भाई तेज बहादुर (28) पुत्र छेदीलाल तथा मंगा खेड़ा मजरे सेमरपहा गांव निवासी धुन्नर (30) पुत्र रामनाथ के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर दो सड़का की ओर जा रहे थे। इसी दौरान खीरो थाना क्षेत्र के पाहो गांव निवासी महेंद्र सिंह (55) पुत्र रामराज सिंह, गैगासों गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। शोभवापुर गांव के पास एक ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र सिंह और तेज बहादुर को मृत घोषित कर दिया। रामप्रसाद और धुन्नर की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बेकाबू ई-रिक्शा ने पैदल जा रही महिला को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत



**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पिलखा (बरुवाताली) गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल सड़क पार कर रही महिला की मौत हो गई। पीछे से आ रहे बेकाबू ई-रिक्शा ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी भानुमती (55) पत्नी जगतपाल के रूप में हुई है। रविवार सुबह घर से पैदल काम पर जा रही थीं। तभी गांव के पास ही पीछे से तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि भानुमती सड़क पर औंधे मुंह गिर पड़ीं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक लिखा-पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पति जगतपाल, बेटे राहुल, सुनील और बेटी लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# जली रोटी मिलने पर गर्भवती को पीटा बेटी को बचाने आई मां को बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में खाने के दौरान जली रोटी देने जैसी मामूली बात को लेकर गर्भवती नवविवाहिता के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने और जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगा है। मामला थाना लहरपुर क्षेत्र के मुशियाना मोहल्ले का बताया जा रहा है। पीड़िता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के 4 लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं बताया जाता है कि पीड़िता फ़रजाना की शादी मुशियाना मोहल्ले के रहने वाले अंसार अहमद से करीब 9 महीने पहले हुई थी। वर्तमान में वह पांच महीने की गर्भवती है पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आए दिन मारपीट और मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला चलता रहा, लेकिन सामाजिक दबाव के चलते वह सब सहन करती रही। पीड़िता के अनुसार घटना देर रात की है, जब उसका पति खाना खा रहा था। इसी दौरान रोटी हल्की सी जल गई, जिस पर पति अंसार अहमद ने आपा खो दिया। आरोप है कि पति के साथ उसकी दो ननदें सीमा और रुकसाना भी मारपीट में शामिल हो गईं। तीनों ने मिलकर गर्भवती महिला को बेरहमी से पीटा और बाद में उस पर डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की।

किसी तरह जान बचाकर पीड़िता अपने मायके पहुंची, जहां पति ने वहां भी उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़िता की मां के साथ भी मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति और उसके परिजन उसे जान से मारने और जिंदा जला देने की लगातार धमकियां दे रहे हैं। मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी!!

# होली मिलन समारोह के संबंध में नैनागढ़ महोत्सव समिति की बैठक सम्पन्न



**चुनार, मीरजापुर।** आगामी होली मिलन समारोह के संबंध में नैनागढ़ महोत्सव समिति की बैठक रविवार को नगर स्थित एक लान में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च को सायं 6:00 बजे साहित्य संत धाम घाट बालू घाट पर हास्य होगा। हास्य कवि सम्मेलन शीतला प्रसाद यादव, सचिव सौरभ पुजारी, व्यवस्थापक अफसर अली एवं सह व्यवस्थापक विकास कश्यप के देख रेख में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान इंजीनियर सभाजीत सिंह, अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, मेजर कृपाशंकर सिंह, आदित्य गुप्ता पदयात्री, आलोक श्रीवास्तव, डॉ श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, चंद्रहास गुप्ता अभिलाष राय, डॉ बंगलेश पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह , विश्वजीत, अखिलेश पाण्डेय इत्यादि उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या दो साल पहले प्रेम विवाह के बाद फंदे से झूली, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रामकोट कस्बे में शनिवार देर रात एक विवाहिता द्वारा कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की रामकोट कस्बा निवासी धर्मेश ने करीब दो वर्ष पूर्व अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी अपने घर पर ही रह रहे थे। देर रात धर्मेश की पत्नी सोनम (25) ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर सोनम को फंदे से लटका देख परिवार के लोग बदहवास हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रात में ही रामकोट थाना प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस पारिवारिक स्थिति, आपसी संबंधों और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद कस्बे में चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। विवाहिता के मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और यदि किसी प्रकार की तहरीर या शिकायत मिलती है तो उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

# एसबीआई लाइफ द्वारा जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




## ● प्रतियोगिता में टॉप छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर वितरित किए गए सर्टिफिकेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली..** गुरबख्श गंज स्थित सीएस सी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में आज एसबीआई लाइफ द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन टॉप छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सर्टिफिकेट वितरण किया गया विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला , प्रबन्धक मोहित शुक्ला , डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा इस आयोजन का आरंभ किया गया, जिसमें रायबरेली ब्रांच से सीनियर एसबीआई लाइफ ब्रांच मैनेजर - उपेंद्र सिंह जी तथा असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर - अजय प्रकाश सिंह जी द्वारा इस आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व किया गया। एसबीआई लाइफ द्वारा आयोजित इस चित्रकला प्रतियोगिता समारोह में एलकेजी , एलकेजी क्क यूकेजी , यूकेजी क्कके बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल द्वारा अभिभावक समेत सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने बताया कि बच्चो के बीच इस तरह से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होनी चाहिए जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और रचनात्मकता विकसित होती है तथा सभी टॉपर्स को अनंत शुभकामनाएं दी।

इस प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि प्रतियोगिताएं हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें एक दिन ऊंचाइयों तक ले जाती है , हमें हर बच्चे को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे उनका आत्म विश्वास और मजबूत होता है तथा उन सभी बच्चों व अभिभावकों को ढेर सारी बधाईयां दी। साथ ही इस आयोजित प्रतियोगिता में क्लास के टीचर्स अमिता, श्रेयांशी, आस्था, आकृति आदि शिक्षिकाओं का भी सफल योगदान रहा है जिससे बच्चे निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। इस आयोजन में आए हुए रायबरेली ब्रांच से सीनियर एसबीआई लाइफ ब्रांच मैनेजर - उपेंद्र सिंह जी द्वारा विद्यालय के निर्देशक रोहित शुक्ला, प्रधानाचार्या छवि बाजपेई, शिक्षिकाएं अमिता, आस्था, श्रेयांशी, आकृति आदि को सम्मान सहित पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक सम्पन्न हुई




**महराजगंज रायबरेली।** में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक महराजगंज नगर पंचायत सभागार में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम जियावन लोधी ने की। इस अवसर पर जिला संरक्षक संतलाल लोधी, जिला मंत्री शत्रोहन लोधी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी और विधानसभा सह-संयोजक/महामंत्री जय सिंह लोधी सहित कई जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया, इसके अतिरिक्त, समाज के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर भी गहन चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष राम जियावन लोधी ने बताया कि लोधी समाज को जागरूक करना उनका प्रमुख कार्य है और वे अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर महामंत्री रामराज लोधी, महामंत्री जयकरण लोधी, महामंत्री अवधेश लोधी, संरक्षक राम शरन लोधी, उपाध्यक्ष राम लखन लोधी, उपाध्यक्ष दयाराम लोधी, शोभनाथ लोधी, रामगुलाम लोधी और बनवारी लाल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# विद्युत मजदूर संगठन ने भरी हुंकार, उत्पीड़न न रुकने पर 'शक्ति भवन' के घेराव की चेतावनी

## ● .....संविदा कर्मियों की छंटनी और मृतक आश्रितों के हक छीनने पर फूटा आक्रोश; प्रबंधन के 'दमनकारी' रवैये के खिलाफ उग्र आंदोलन की तैयारी।






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हम्बरा अपार्टमेंट में रविवार को विद्युत मजदूर संगठन उ.प्र. की केंद्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। प्रान्तीय अध्यक्ष विमल चन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कथित उत्पीड़न पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक में संगठन ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने अपनी 'कर्मचारी विरोधी' नीतियों में सुधार नहीं किया, तो आगामी दिनों में लखनऊ स्थित शक्ति भवन पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

वरिष्ठ मजदूर नेता आर.एस. राय ने वर्तमान प्रबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान करने के बजाय, प्रबंधन आए दिन नियम विरुद्ध आदेश जारी कर बेगुनाह कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से 25 हजार संविदा कर्मचारियों की छंटनी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से सेवा दे रहे इन कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाकर उनके परिवारों को भुखमरी की कगार पर धकेल दिया गया है। राय ने स्पष्ट किया कि संगठन इस अन्याय का पुरजोर विरोध करेगा और बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

वहीं, संगठन के मुख्य महामंत्री ने पावर कॉरपोरेशन द्वारा मृतक आश्रितों के चतुर्थ श्रेणी पद पर सेवायोजन समाप्त किए जाने के निर्णय को 'घातक' करार दिया। उन्होंने तर्क दिया कि कई दिवंगत कर्मचारियों की पत्नियाँ स्नातक नहीं हैं या उनके बच्चे अभी छोटे हैं; ऐसे में पेंशन की सुविधा न होने और रोजगार का हक छीनने से पीड़ित परिवार दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों का बीच सत्र में स्थानांतरण करना इतिहास में पहली बार हो रहा है, जो सरासर उत्पीड़न है।

इस बैठक में आलोक सिन्हा, सैय्यद शोएब हसन, आरसी पाल, बाबू प्रताप सिंह, इंद्रेश राय, अशोक गुप्ता, मोहन बाबू आर्य, एसके सिंह, राजीव रंजन राय, संदीप कुमार, राहुल कुमार, वेद प्रकाश राय, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विनोद श्रीवास्तव, अजय भट्टाचार्य, राम चरण, अवनीश श्रीवास्तव, आरिफ वेग, मनीष श्रीवास्तव सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रबंधन से मांग की कि दमनकारी आदेशों को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा संगठन काम रोको आंदोलन और सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगा।

# मदरसा अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कॉलेज खैराबाद में बच्चों का विदाई समारोह संपन्न

## ● बच्चों को शिक्षण संस्थाओं में अच्छे संस्कार दिए जाते हैं जिससे वो भविष्य अच्छा बना सकें:- एहतिशाम आलम प्रिंसिपल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद, सीतापुर** स्थानीय मदरसा अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कॉलेज में सीनियर सेकेंडरी इंटरमीडिए के बच्चों के सम्मान में कक्षा ग्यारह के बच्चों ने विदाई समारोह का आयोजन मदरसे के ग़रीब नवाज़ हाल में आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता संस्था संस्थापक काजिम हुसैन ने की जबकि समारोह का संचालन प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम ने किया। विदाई समारोह का शुभारंभ तिलावते कुरआन पाक से किया गया तथा संस्था संचालक ने फीता काटकर समारोह कक्ष में प्रवेश किया। इसके बाद बच्चों ने नात शरीफ़ विदाई गीत और अपनी जिंदगी और शिक्षा पर विचार भी व्यक्त किए,इस अवसर पर प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चा स्कूल में जब आता है तो उसे अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते जिन्हें ग्रहण करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। जबकि समारोह अध्यक्ष काजिम हुसैन ने कहा कि बच्चों ने 12 साल तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद आज बच्चे मदरसा से जा रहे हैं उन्होंने क्या सीखा इन सबका इस्तेमाल आगे कैसे करना है इतना लम्बा समय व्यतीत करने के बाद जब आप जाएंगे तो ऐसा लगता है कि अपने घर का कोई बच्चा विदा हो रहा है इस लिए तकलीफ़ तो होती है लेकिन आगे की शिक्षा हासिल करने के लिए तो आगे जाना ही होगा इसके बाद बच्चों को और शिक्षकों को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भी दिए गए। ज्ञात हो कि कल 9 फरवरी से मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हो रही हैं इस लिए आज कक्षा 12 के बच्चों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया था बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए इस अवसर पर सभी बच्चियों की आंखों में आंसू भरे हुए थे और अपने बीते हुए समय को याद कर रही थीं समारोह में मदरसा प्रबंधक के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं जबकि हाफ़िज़ मुशीर अहमद, मोहम्मद जुनेद, निकहत जहां, ज़किया बेगम, रुबीना परवीन, अकील अहमद का सहयोग रहा। अन्त में कक्षा 12 और कक्षा 11 की कक्षाध्यापिका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीएम योगी के आगमन पर सीतापुर नो-फ्लाइंग जोन घोषित, ड्रोन, गुब्बारे और पतंग उड़ानें पर दो दिन की पाबंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में 9 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने जिले को दो दिनों के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। यह आदेश रविवार से प्रभावी होकर सोमवार शाम कार्यक्रम के समापन तक लागू रहेगा। इस दौरान जिले में ड्रोन उड़ाने के साथ-साथ गुब्बारे और पतंग उड़ाने पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के शास्त्री नगर कॉलोनी स्थित तपोधाम आश्रम में आयोजित गोरखनाथ प्रतिमा स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे हैं। कार्यक्रम घनी आबादी वाले क्षेत्र में आयोजित हो रहा है, जिसको देखते हुए प्रशासन और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए हर स्तर पर निगरानी की जा रही है शनिवार देर शाम आईजी जोन लखनऊ किरण एस ने भी कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने सभी इंतजाम समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए जीआईसी मैदान में हेलीपैड बनाया गया है। यहां से कार्यक्रम स्थल तक लगभग दो किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया जाएगा जिससे मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षित रूप से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सके। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि नो फ्लाइंग जोन के दौरान किसी भी प्रकार की उड़ने वाली वस्तु पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस ड्रोन के माध्यम से निगरानी कर रही है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है और सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है!!

# भैंस चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**भदोही।** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलियापुर से चोरी हुई भैंस के मामले में ज्ञानपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की भैंस बरामद कर ली है। ग्राम कलियापुर पीपरगांव निवासी दिवाकर पुत्र शोभनाथ गौतम की तहरीर पर दर्ज मुकदमा मु0अ0सं0 30/26 धारा 303(2) बीएनएस के अनावरण में, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में 07 फरवरी 2026 को कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुकुरु नट पुत्र मेवा नट निवासी पुरेउचितपुर बेजवां, थाना औराई को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अदद भैंस बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामधनी यादव, हेड कांस्टेबल निरंजन मौर्य एवं कांस्टेबल मारुतिनंदन दुबे शामिल रहे।

# खेत विवाद पर किसान पर दबंगों का हमला लाठी डंडों से पीटा, सिर में आई गंभीर चोटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में दबंगों द्वारा जबरन खेत को ठेके पर लेकर कब्जा करने की नीयत से खेत मालिक को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पिटाई से युवक बेहद गंभीर घायल हो गया। घटना थाना मछरेहटा क्षेत्र के भिठारा गांव की है। पीड़ित किसान अनिल अवस्थी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है पीड़ित अनिल अवस्थी के अनुसार वह सुबह अपने खेत में जोताई का काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही दूसरे गांव कुछ दबंग वहां पहुंचे और खेत को ठेके पर देने की बात कहकर जबरन खेत पर कब्जा करने की नीयत से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया हमला इतना बेरहमी से किया गया कि किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही गिर पड़ा ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायल किसान को दबंगों के चंगुल से छुड़ाया और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए इलाज शुरू किया। फिलहाल किसान का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना मछरेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खेत को लेकर पहले से ही विवाद चला आ रहा था, जिसको लेकर कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। रविवार को यह विवाद हिंसक रूप ले बैठा। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तहरीर मिलने के उपरांत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी!!

# युवक का मिला अधजला शव इलाक़े में फैली सनसनी, अभी मौत की वजह नहीं पता, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर अटरिया थाना इलाके के अलबदा गांव के बाहर एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक युवक का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी विमलेश उर्फ मनू (32 वर्ष) के रूप में हुई है। युवक का शव उसके टीनशेड वाले घर से करीब 100 मीटर दूर पुआल और लिपलिट्स की पत्तियों के बीच पड़ा मिला। बताया जाता है कि विमलेश गांव के बाहर टीनशेड डालकर अकेले रहता था। उसके साथ परिवार का कोई सदस्य नहीं रहता था। रविवार सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों की नजर खेत की ओर पड़ी, जहां पुआल के बीच अधजली हालत में शव देखा गया इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक ठंड के कारण अलाव जलाने से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में वह अलाव के पास सो गया होगा और आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। यह भी देखा जा रहा है कि घटना दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मृतक की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल गांव में घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

# सस्ती शिक्षा की महंगी कीमत: भारतीय छात्रों की त्रासदी

**[ रक्तरंजित डिग्री: विदेश में पढ़ाई का भयावह चेहरा ]**

**[ विदेश भेजे बच्चे, लौटा डर: शिक्षा नीति पर कठोर सवाल ]**

छात्रावास की शांत गलियों में अचानक गूंजती चीखें, फर्श पर बहता खून और भय से जमी आंखें–7 फरवरी 2026 की वह रात रूस के ऊफा शहर स्थित बश्कीर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के इतिहास पर एक काले अध्याय की तरह दर्ज हो गई। एक 15 वर्षीय किशोर परिसर में घुसा, सीधे डॉर्मिट्री पहुंचा और वहां मौजूद छात्रों पर बिना चेतावनी चाकू से हमला कर दिया। जहां कुछ देर पहले तक पढ़ाई, बातचीत और आराम का माहौल था, वहां पलभर में आतंक और अफरा-तफरी फैल गई। हमले में चार भारतीय छात्रों सहित छह लोग घायल हुए, जबकि दो पुलिसकर्मी भी इसकी चपेट में आए। शांत वातावरण देखते ही देखते भय के रणक्षेत्र में बदल गया। घायल छात्र अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ते रहे और हजारों किलोमीटर दूर भारत में उनके परिवार सदमे और बेचैनी में डूब गए। यह घटना केवल हिंसा नहीं थी, बल्कि उन सपनों पर किया गया क्रूर प्रहार थी, जिन्हें संजोकर हजारों युवा विदेश पढ़ने निकलते हैं। अचानक गूंजती चीखों और भागते कदमों के बीच वह भयावह दृश्य सामने आया, जिसे प्रत्यक्षदर्शी शायद जीवन भर नहीं भुला पाएंगे। हमला पूरी तरह अप्रत्याशित और निर्दय था। कुछ छात्र खेल में मग्न थे, कोई घर बात कर रहा था, तो कोई परीक्षा की चर्चा में जुटा था। तभी किशोर ने चाकू निकालकर बिना चेतावनी हमला शुरू कर दिया। पलभर में अफरा-तफरी मच गई–कोई गिर पड़ा, कोई दीवार से टकराया, तो कोई घायल मित्र को संभालने में जुट गया। फर्श पर खून बहने लगा और हवा में दहशत घुल गई। चार भारतीय छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी–गार्ड देर से पहुंचे और आपात इंतजाम नाकाम रहे। इस लापरवाही ने छात्रों के मन में गहरा भय भर दिया। अब वही छात्रावास, जो कभी घर जैसा लगता था, उन्हें असुरक्षित पिंजरा प्रतीत होता है।

हजारों किलोमीटर दूर भारत में बैठे माता पिता के लिए यह खबर किसी वज्रपात से कम नहीं थी। जिन हाथों ने बच्चों को आशीर्वाद देकर विदा किया था, वे अब हर पल प्रार्थना में जुड़े रहते हैं। कई परिवारों ने खेत बेचे, गहने गिरवी रखे और कर्ज लेकर बच्चों की फीस भरी थी। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि रूस में शिक्षा सुरक्षित, सस्ती और भविष्य निर्माण का मजबूत रास्ता है। लेकिन इस हमले ने उनके विश्वास को चकनाचूर कर दिया। अब हर फोन कॉल डर पैदा करता है और हर सुबह नई चिंता लेकर आती है। माता पिता यह सोचकर कांप उठते हैं कि कहीं अगली खबर और भी दर्दनाक न हो। विदेश में पढ़ाई का सपना अब उनके लिए आशा नहीं, बल्कि अनिश्चितता और भय का प्रतीक बन गया है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस भारतीय मेडिकल छात्रों का बड़ा ठिकाना बन गया। कम फीस, आसान दाखिला और एनएमसी मान्यता ने हजारों युवाओं को आकर्षित किया। नीट की ऊंची कटऑफ और सरकारी सीटों की कमी ने उन्हें मजबूरी में विदेश भेजा। हर साल बड़ी संख्या में छात्र यहां एमबीबीएस करने पहुंचते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग पर कभी गंभीर ध्यान नहीं दिया गया। नस्लीय टिप्पणियां, रैगिंग, मारपीट और संदिग्ध मौतें पहले ही चेतावनी दे रही थीं। यह चाकू हमला उसी उपेक्षा का सबसे भयावह रूप बन गया। आज कई छात्र कहते हैं कि वे पढ़ाई से ज्यादा अपनी जान की चिंता करते हैं। एफएमजीई का कम पास प्रतिशत पहले ही दबाव बढ़ा रहा था, और अब भय ने उनके मनोबल को और कमजोर कर दिया है।

इस घटना ने विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता की परतें एक-एक कर खोल दी हैं। छात्रावासों में सुरक्षा गार्डों की कमी, कमजोर सीसीटीवी और ढीली आपात व्यवस्था लंबे समय से खतरे की चेतावनी दे रही थीं, लेकिन उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया। डॉर्मिट्री जैसे व्यस्त और संवेदनशील स्थानों पर भी ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। यदि समय रहते निगरानी मजबूत की जाती और व्यवस्था को सख्त बनाया जाता, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी। लेकिन लापरवाही ने हालात को भयावह बना दिया। अब साफ दिखता है कि विदेशी छात्रों को अक्सर केवल फीस का स्रोत माना जाता है। सवाल यह है–क्या इन संस्थानों के लिए छात्रों की जान की कोई अहमियत है, या वे सिर्फ रजिस्टर के आंकड़े बनकर रह गए हैं? सरकारी स्तर पर भी अब तक की प्रतिक्रिया अधिकतर औपचारिकता तक ही सीमित रही है। दूतावास ने एक्स पर बयान जारी किया, अधिकारियों को मौके पर भेजा और सहायता का भरोसा दिलाया, लेकिन इससे छात्रों के मन का डर कम नहीं हुआ। अब समय आ गया है कि कड़े और ठोस कदम उठाए जाएं। रूसी सरकार से स्पष्ट मांग होनी चाहिए कि सभी विदेशी छात्रावासों में 24×7 सुरक्षा, अतिरिक्त पुलिस बल, आधुनिक निगरानी प्रणाली और मानसिक परामर्श केंद्र अनिवार्य किए जाएं। हमले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। भारत सरकार को भी मजबूत हेल्पलाइन, नियमित सुरक्षा समीक्षा और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने होंगे। केवल आश्वासन और बयान अब भरोसा पैदा नहीं कर सकते।

यह दर्दनाक घटना भारत-रूस के शैक्षणिक संबंधों पर गहरे सवाल खड़े करती है। क्या छात्र केवल आंकड़े हैं, या उनकी सुरक्षा और सम्मान की भी कोई कीमत है? हर साल हजारों युवाओं का विदेश जाना तब तक उपलब्धि नहीं कहा जा सकता, जब वे डर और असुरक्षा में जीने को मजबूर हों। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास और स्थिरता देना है, न कि भय और अकेलापन। आज रूस में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। वे लौटना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक और शैक्षणिक मजबूरियां उन्हें रोक लेती हैं। यह स्थिति हमारी शिक्षा और विदेश नीति–दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ऊफा की घटना हमें चेतावनी देती है कि विदेश में पढ़ाई अब सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि बड़ा जोखिम बन चुकी है। सस्ती डिग्री के पीछे छिपा खतरा अब उजागर हो चुका है। सरकार, विश्वविद्यालय, एजेंट और अभिभावकों को मिलकर व्यवस्था बदलनी होगी। छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बननी चाहिए। यदि अब भी चुप्पी रही, तो अगली खबर किसी और घर का उजाला बुझा देगी। शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह जीवन की रक्षा करे, सपनों को संवार दे और भविष्य को सुरक्षित बनाए। सुरक्षित शिक्षा ही सच्ची शिक्षा है–और यह हर छात्र का अधिकार है।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## भारत के लिए निर्गुट आर्थिक सामरिक केंद्र होने की क्षमता

**भारत अधिकांश देशों का साथी, मित्र।**

स्वतंत्रता के बाद भारत के परंपरागत रूप से रुस से बड़े ही प्रगाढ़ संबंध रहे हैं, जो कालांतर में लगातार सामरिक एवं आर्थिक संबंधों के चलते मजबूत होते गए हैं। वर्तमान में भारत का सबसे विश्वसनीय साथी और ट्रेड पार्टनर रूस और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ही है। करोना काल से लेकर अब तक भारत ने रूस के साथ अरबो रुपए के व्यापार तथा सामरिक समझौते किए हैं, 2014 के बाद जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं तब से भारत के विश्व के अनेक देशों से संबंध अत्यंत शक्तिशाली हुए और सामयिक व्यापारिक रिश्ते भी बने हैं। ताजा ताजा स्थिति में अमेरिका ने जो भारत पर अनावश्यक भारी टैरिफ लगाया था उसके विरोध में भारत ने चौतरफा कूटनीति नीति अपनाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया है कि वह बराबरी का व्यापारिक रिश्ता बनाकर रखें अन्यथा अमेरिका भारत को खो सकता है। इसी श्रृंखला में भारत ने यूरोपीय यूनियन के साथ जो बड़ा मदर ऑफ ऑल डील्स किया है वह मील का पत्थर साबित हुआ, इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ समतुल्य टैरिफ पर व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। भारत और अमेरिका का यह बराबरी का संबंध आने वाले वर्षों में अत्यंत महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता माना जाएगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पिछले एक दशक में भारत ने अपनी अंतरराष्ट्रीय इमेज को बहुत ही बहुआयामी निर्मित कर लिया है। भारत क्योंकि खनिज संपदा, हाइडल प्रोजेक्ट और वित्तीय संस्थानों के कारण एक मजबूत राष्ट्र बन कर उभरा है। भारत एशिया की आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। इसके अलावा भारत एक शक्तिशाली युवा देश भी है जिसके श्रमबल की गुणवत्ता के सुधार की बड़ी संभावना है ।भारतीय बैंकों में बचत की दर काफी ऊंची है और इसके अलावा मध्यमवर्गीय बचत से भारत में समृद्धि और विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा जो कि इन दिनों तीसरी जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नर ओं की बैठक में भाग लेने के लिए गांधीनगर गुजरात आए हुए हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने में सराहनीय कार्य किए हैं ।अजय बंगा ने कहा कि विश्व बैंक भारत के आर्थिक रूप से वृद्धि को लेकर वे काफी आशावादी हैं और भारत को इन प्रयासों में तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत करोना महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है और भारत वैश्विक स्तर पर कायम आर्थिक सुस्ती के बीच बहुत अच्छे कार्य कर रहा है जिसे उसे आगे रखने में काफी मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर काफी सुस्ती होने के बावजूद अपने घरेलू उत्पाद की वजह से सुरक्षित है। भारत को चीन प्लस 1 रणनीति का फायदा उठाना चाहिए 3 प्लस 1 रणनीति का मतलब है कि अब दुनिया के विकसित देशों की कंपनियां अपने निर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती है और वर्तमान समय में भारत देश ही एक संभावित विकल्प बनकर उभरा है भारत को इस रणनीति का अवसर 10 वर्षों तक नहीं खुला रहेगा यह अवसर केवल 3 से 5 वर्ष तक ही खुला रह सकता है जिसका भारत को पूरा फायदा उठाना चाहिए।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्टिन वुल्फ ने तो स्पष्ट रूप से कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई एक ताकत बनकर उभर रहा है और यही संभावनाएं पश्चिमी देशों को भारत पर दांव लगाने के लिए आकर्षित कर रही है उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसकी बचत करने क्षमता को देखते हुए भारत आगामी एक या दो दशक में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन सकता है ।अर्थशास्त्री तथा टिप्पणी कार मार्टिन वुल्फ़ ने कहा की आगामी दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी और इसी के दम पर भारत चीन को बराबरी की टक्कर दे सकेगा इसके अलावा भारत के पश्चिमी देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ,फ्रांस ,कनाडा, इंग्लैंड, इजराइल और खाड़ी के देशों से आर्थिक संबंध काफी मजबूत हैं। पश्चिमी देश आने वाले समय में भारत को चीन की टक्कर देने वाला देश मान रहे हैं और अपना निवेश तथा समर्थन देने की पूरी संभावना तलाश रहे हैं। भारत पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य की तरह दिखाई दे रहा है जो भारत के लिए और उसके भविष्य के लिए बड़ा सकारात्मक पक्ष होगा। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, विश्व बैंक और तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत देश के बैंकों का बहीखाता बेहतर हो गया है और बैंकों की जमा पूंजी भी अच्छी खासी है इसके अलावा सकल वृद्धि भी एक बार फिर से बेहतर आकार ले रही है। भारत के रणनीति कूटनीतिक तथा आर्थिक व्यवसायिक संबंध विश्व के प्रमुख देशों से बहुत ही मुकम्मल हो गए हैं जिससे भारत को पश्चिमी देशों के इन्वेस्टमेंट का बड़ा केंद्र माना जा रहा है यदि पश्चिमी देश चीन के अलावा भारत को एक इन्वेस्टमेंट का बड़ा विकल्प मानती है तो भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# मानव चेतना का उत्कर्ष- आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक समरसता

**वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भौतिक संपदा की प्रचुरता के बीच मानवीय संवेदनाओं का अकाल एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। आज की महती आवश्यकता केवल सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि नहीं, बल्कि व्यक्ति को प्रबुद्ध मनुष्य, समाज को संवेदनशील इकाई और विश्व को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में रूपांतरित करने की है।मानव जीवन मात्र दैहिक क्षुधा की तृप्ति या लोलुपतापूर्ण भौतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है। मनुष्य की वास्तविक श्रेष्ठता उसकी परिष्कृत चेतना में अंतर्निहित है। यही चेतना तर्क से विवेक की ओर ले जाती है। जब यह संकीर्ण स्व की परिधि को लांघकर सर्व के कल्याण हेतु प्रवाहित होती है, तभी मानव चेतना का सच्चा उत्कर्ष प्रकट होता है।चेतना का ऊर्ध्वगमन आकस्मिक घटना नहीं, अपितु सतत स्व-साधना है। इसका प्रारंभ आत्मबोध से होता है। सुकरात के 'स्वयं को जानो' से लेकर उपनिषदों के 'तत् त्वम् असि' तक, सभी महापुरुषों ने आध्यात्मिक जागरण पर बल दिया है। यांत्रिकता का परित्याग कर जब मनुष्य अस्तित्वपरक प्रश्न करता है, तब विवेक जागृत होता है। यही विवेक जैविक दासता और आवेगों से मुक्ति देकर उद्देश्यपूर्ण जीवन प्रदान करता है।प्रगति के पथ पर मूल्यबोध महत्वपूर्ण चरण है। सत्य, करुणा, अपरिग्रह और न्याय जैसे शाश्वत मूल्य सामाजिक मेरुदंड हैं। अल्बर्ट आइंस्टीन ने ठीक कहा था कि 'धर्म के बिना विज्ञान लंगड़ा है और विज्ञान के बिना धर्म अंधा।' तकनीकी प्रगति और नैतिक मूल्यों का समन्वय ही विनाशकारी विकास को कल्याणकारी सभ्यता में बदल सकता है।संकीर्ण पहचानें जैसे भाषा, जाति, उग्र राष्ट्रवाद या सांप्रदायिकता आदि चेतना को कुंठित कर पृथकतावाद की ओर धकेलती हैं। विविधता में एकता का बोध चेतना को वैश्विक विस्तार देता है। भारतीय मनीषा का 'वसुधैव कुटुम्बकम्' आध्यात्मिक जागरण की पराकाष्ठा है, जहाँ परायापन समाप्त होकर ब्रह्मांड एक परिवार प्रतीत होता है।चेतना का उत्कर्ष दार्शनिक विमर्श से नहीं, निष्काम कर्मयोग से सिद्ध होता है। श्रीमद्भगवद्गीता सिखाती है कि जब व्यक्ति अपनी सामर्थ्य वंचितों के सशक्तिकरण में लगाता है, तो अहं करुणा में विलीन हो जाता है। यही व्यष्टि का समष्टि में विलय है, जो सामाजिक समरसता की नींव रखता है।सूचना विस्फोट के युग में हम डेटा से परिपूर्ण होते जा रहे हैं, किंतु प्रज्ञा से रिक्त। ऐसे समय में शिक्षा का लक्ष्य जीविकोपार्जन न होकर शील और चरित्र निर्माण होना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के शब्दों में, 'शिक्षा मनुष्य में अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। 'सच्ची उन्नति अंतर्मुखी है। आंतरिक द्वंद्व शांत होकर जब प्रज्ञा प्रज्वलित होती है, तब व्यक्ति और समाज दोनों शांति एवं दिव्यता अनुभव करते हैं। चेतना का यह उत्कर्ष ही आध्यात्मिक जागरण से उपजी सामाजिक समरसता की गारंटी है।**

**डा मनमोहन प्रकाश**

# घूसखोर पंडत- चलचित्र, समाज और संवेदनशीलता का द्वंद्व

हाल ही में अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली चलचित्र कृति घूसखोर पंडतष् को लेकर देश में व्यापक विवाद खड़ा हो गया है। यह विवाद उस समय प्रारम्भ हुआ जब चार फरवरी दो हजार छब्बीस को इस चलचित्र की प्रारम्भिक झलक जारी की गई। इस झलक में मनोज बाजपेयी एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी अजय दीक्षित की भूमिका में दिखाई दिएए जिसे ष्पंडतष् के नाम से भी पुकारा जाता है। चलचित्र के नाम में प्रयुक्त घूसखोर पंडत शब्द ने कुछ ब्राह्मण संगठनों और धार्मिक समूहों को आहत कियाए जिसके बाद यह विषय केवल मनोरंजन जगत तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामाजिकए सांस्कृतिक और राजनीतिक चर्चा का प्रमुख केंद्र बन गया। विरोध करने वालों का आरोप है कि इस नाम के माध्यम से ब्राह्मण समाज को भ्रष्टाचार से जोड़ने का प्रयास किया गया हैए जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

विवाद ने उस समय गंभीर रूप धारण कर लिया जब लखनऊ के हजरतगंज थाने में इस विषय में प्राथमिकी दर्ज की गई। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा एक सौ तिरपन क के अंतर्गत दर्ज की गईए जिसमें विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों सहित अन्य राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन प्रारम्भ हो गए। धार्मिक संतों और सामाजिक संगठनों ने इसे सांस्कृतिक अपमान बताते हुए चलचित्र पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। कई राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे को उठाया और इसे जातीय भावनाओं से जुड़ा विषय बताया। संसद में भी इस विषय पर चर्चा हुई जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह विवाद केवल एक चलचित्र तक सीमित नहीं रह गया बल्कि व्यापक सामाजिक विमर्श का विषय बन गया है।

इस विवाद का केंद्र चलचित्र का शीर्षक रहा है। पंडत या पंडित शब्द हिंदू धार्मिक परंपरा में विद्वान और कर्मकांडी पुजारियों के लिए सम्मानसूचक माना जाता है। कई लोग इसे ब्राह्मण समुदाय की पहचान से भी जोड़ते हैं। ऐसे में इस शब्द को घूसखोर जैसे नकारात्मक शब्द के साथ जोड़ना अनेक लोगों को अनुचित लगा। विरोध करने वालों का कहना है कि चलचित्रों में कई बार विशेष समुदायों को रूढ़ छवियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता हैए जिससे समाज में पूर्वाग्रह बढ़ते हैं। उनका तर्क है कि रचनाकारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हैए लेकिन साथ ही उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। कुछ लोगों ने पूर्व में हुए धार्मिक विवादों का उदाहरण देते हुए कहा कि मनोरंजन जगत को संवेदनशील विषयों पर सावधानी बरतनी चाहिए।

दूसरी ओर चलचित्र के निर्माता नीरज पांडे ने स्पष्ट किया कि यह कथा पूर्णतः काल्पनिक है और इसका उद्देश्य किसी समुदाय को लक्ष्य बनाना नहीं है। उनका कहना है कि पंडत शब्द का प्रयोग केवल एक पात्र के उपनाम के रूप में किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि चलचित्र एक भ्रष्ट अधिकारी के आत्मबोध और परिवर्तन की कहानी प्रस्तुत करता है। उनके अनुसार किसी वर्ग या धर्म को अपमानित करना उनकी मंशा नहीं रही है। मनोज बाजपेयी ने भी सामाजिक माध्यमों के जरिए लोगों की भावनाओं का सम्मान करने की बात कही और यह स्पष्ट किया कि यह कहानी केवल एक व्यक्ति की यात्रा को दर्शाती है। विवाद बढ़ते देख निर्माताओं ने चलचित्र से जुड़े प्रचार कार्य अस्थायी रूप से रोक दिए और प्रचार सामग्री को सार्वजनिक मंचों से हटा लिया। विवाद ने कानूनी स्वरूप भी ग्रहण कर लिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की गई हैए जिसमें चलचित्र के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त चलचित्र निर्माता संघ के एक घटक संगठन ने भी निर्माताओं और प्रदर्शन मंच को सूचना पत्र भेजा है। उनका दावा है कि घूसखोर पंडत शीर्षक का विधिवत पंजीकरण नहीं कराया गया। संगठन के नियमों के अनुसार किसी भी चलचित्र का शीर्षक उपयोग करने से पहले अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होता है। इस आधार पर संगठन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति शीर्षक का उपयोग करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस विवाद ने मनोरंजन उद्योग में शीर्षक चयन और पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर भी नई चर्चा प्रारम्भ कर दी है।

यह विवाद मनोरंजन मंचों की बढ़ती लोकप्रियता और उनके सामाजिक प्रभाव को भी उजागर करता है। पारंपरिक चलचित्रों के विपरीत इन मंचों पर प्रस्तुत सामग्री पर पूर्व सेंसर व्यवस्था लागू नहीं होतीए जिससे रचनाकारों को अधिक स्वतंत्रता प्राप्त होती है। लेकिन इसी स्वतंत्रता के साथ सामाजिक दबाव भी बढ़ गया है। कई बार दर्शकों और सामाजिक समूहों की प्रतिक्रिया के कारण निर्माताओं को अपने निर्णय बदलने पड़ते हैं। इस प्रकरण ने यह प्रश्न भी उठाया है कि क्या कला को पूर्ण स्वतंत्रता मिलनी चाहिए या उसे सामाजिक संवेदनशीलताओं का पालन करना आवश्यक है। कुछ लोगों का मानना है कि यदि रचनात्मक स्वतंत्रता पर अत्यधिक नियंत्रण लगाया गया तो कला का विकास बाधित होगाए जबकि अन्य लोग कहते हैं कि समाज की विविधता और भावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह विवाद महत्वपूर्ण बन गया है। विभिन्न दलों ने अपने.अपने दृष्टिकोण से प्रतिक्रिया दी है। कुछ नेताओं ने इसे जातीय अपमान बतायाए जबकि अन्य ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला बताया। इस विवाद ने यह भी दिखाया कि मनोरंजन जगत और राजनीति के बीच संबंध किस प्रकार सामाजिक मुद्दों को प्रभावित करते हैं। जब कोई चलचित्र या कलाकृति व्यापक चर्चा का विषय बनती हैए तब वह केवल मनोरंजन नहीं रहती बल्कि सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का माध्यम भी बन जाती है।

सामाजिक माध्यमों पर भी इस विषय को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। कुछ लोग चलचित्र का विरोध कर रहे हैं और प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं जबकि अन्य लोग इसे रचनात्मक स्वतंत्रता पर हमला बता रहे हैं। इस प्रकार की बहसें यह दर्शाती हैं कि आधुनिक समाज में मनोरंजन सामग्री केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गई है बल्कि वह सामाजिक पहचान और सांस्कृतिक सम्मान से भी जुड़ गई है। दर्शकों की प्रतिक्रिया अब तत्काल और व्यापक होती हैए जिससे निर्माताओं पर त्वरित निर्णय लेने का दबाव बनता है।

वर्तमान स्थिति में चलचित्र का प्रदर्शन अनिश्चित बना हुआ है। यदि निर्माता शीर्षक बदलते हैं तो संभव है कि विवाद कुछ हद तक शांत हो जाएए लेकिन कानूनी प्रक्रिया और सामाजिक प्रतिक्रियाओं के कारण स्थिति स्पष्ट होने में समय लग सकता है। यदि न्यायालय हस्तक्षेप करता है तो यह मामला भविष्य के लिए एक उदाहरण बन सकता हैए जिससे यह तय होगा कि रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन किस प्रकार स्थापित किया जाए। कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के विवाद मनोरंजन उद्योग को यह संदेश देते हैं कि विषय और शीर्षक का चयन करते समय सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक भावनाओं का गहराई से अध्ययन आवश्यक है।

यह विवाद भारतीय मनोरंजन जगत के बदलते स्वरूप को भी दर्शाता है। दर्शकों की जागरूकता बढ़ रही है और वे किसी भी सामग्री को केवल मनोरंजन के रूप में स्वीकार नहीं करते बल्कि उसमें निहित सामाजिक संदेशों का भी मूल्यांकन करते हैं। रचनाकारों के सामने चुनौती यह है कि वे रोचक और प्रभावशाली कथाएँ प्रस्तुत करेंए साथ ही सामाजिक संवेदनशीलताओं का भी सम्मान बनाए रखें। यह संतुलन ही भविष्य में मनोरंजन जगत की दिशा तय करेगा। ष्घूसखोर पंडत विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक समय में कलाए समाज और राजनीति एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं और किसी भी रचनात्मक कार्य का प्रभाव केवल पर्दे तक सीमित नहीं रहताए बल्कि वह समाज की सोच और संवाद को भी प्रभावित करता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# कृषि से समृद्धि की राह पर बिहार दुग्ध उत्पादन में नई क्रांति का निश्चय

बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार ने जिस तेज़ी और स्पष्टता के साथ काम शुरू किया है, उसने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले वर्षों में राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छूने वाला है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और सामाजिक कल्याण के साथ-साथ अब कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर सरकार का विशेष फोकस साफ़ दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय कृषि में प्रगति, प्रदेश में समृद्धि के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय एक दूरगामी और ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह फैसला न केवल पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने वाला है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक मजबूत आधार भी तैयार करता है। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां आबादी का बड़ा हिस्सा खेती और पशुपालन पर निर्भर है। दुग्ध उत्पादन यहां लंबे समय से ग्रामीण आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है, लेकिन संगठित ढांचे की कमी, बाजार तक सीमित पहुंच और उचित मूल्य न मिलने के कारण पशुपालक अपनी पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठा पाते थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वास्तविकता को समझते हुए डेयरी क्षेत्र को संगठित करने का जो संकल्प लिया है, वह उनकी दूरदर्शी सोच का प्रमाण है। सात निश्चय-2 के तहत सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों की स्थापना और अब सात निश्चय-3 के तहत पंचायतों और गांवों तक इस व्यवस्था का विस्तार, इस बात को दर्शाता है कि सरकार योजनाओं को केवल घोषणा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें ज़मीन पर उतारने के लिए निरंतर प्रयास करती है।

वर्तमान समय में बिहार की दुग्ध उत्पादन स्थिति पर नज़र डालें तो राज्य देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का दुग्ध उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और यह वृद्धि मुख्यतः छोटे और सीमांत पशुपालकों के परिश्रम का परिणाम है। इसके बावजूद, उत्पादन की तुलना में प्रसंस्करण और विपणन की व्यवस्था उतनी सशक्त नहीं थी, जितनी होनी चाहिए थी। इसी कमी को दूर करने के लिए हर गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय बेहद महत्वपूर्ण है। इससे दूध संग्रहण, गुणवत्ता नियंत्रण और उचित मूल्य निर्धारण की व्यवस्था मजबूत होगी और पशुपालकों को सीधे लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य के 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन पहले ही किया जा चुका है और शेष गांवों में अगले दो वर्षों के भीतर यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार केवल लक्ष्य निर्धारित नहीं कर रही, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में गंभीर है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिए गए स्पष्ट निर्देश इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों के विस्तार का निर्णय भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राज्य की 8053 पंचायतों में से फिलहाल 100 पंचायतों में ये केंद्र स्थापित हो चुके हैं और शेष 7953 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंत तक इन्हें खोलने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि इन केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ी जीविका दीदियों को आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। यह पहल महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। महिलाएं अब केवल स्वयं सहायता समूहों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि डेयरी जैसे व्यावसायिक क्षेत्र में भी निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

नीतीश कुमार की प्रशंसा इसलिए भी की जानी चाहिए कि उन्होंने हमेशा विकास को समावेशी दृष्टिकोण से देखा है। उनके नेतृत्व में बनी नई कैबिनेट ने भी कार्यभार संभालते ही जिस सक्रियता और समन्वय का परिचय दिया है, वह काबिले-तारीफ है। नए कैबिनेट मंत्री अपने-अपने विभागों में तेजी से फैसले ले रहे हैं और योजनाओं के क्रियान्वयन पर सख्त निगरानी रख रहे हैं। कृषि, पशुपालन और ग्रामीण विकास जैसे विभागों में जिस गति से काम हो रहा है, उसने यह भरोसा पैदा किया है कि बिहार अब केवल संभावनाओं का राज्य नहीं, बल्कि उपलब्धियों का राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में यह नई पहल राज्य की अर्थव्यवस्था को बहुआयामी लाभ पहुंचाएगी। एक ओर पशुपालकों की आय बढ़ेगी, तो दूसरी ओर गांवों में ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। दूध संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन से जुड़े कामों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे पलायन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही, राज्य में दूध और दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता बढ़ने से पोषण स्तर में सुधार होगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती किसी भी राज्य की समग्र प्रगति का आधार होती है। नीतीश कुमार की सरकार यह भली-भांति समझती है कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक राज्य और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत नहीं हो सकती। इसलिए कृषि और पशुपालन को विकास की धुरी बनाकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह गांव के स्तर पर सहकारिता और सामूहिक प्रयास की भावना को भी मजबूत करेगा।

आज जब देश में आत्मनिर्भर भारत की बात हो रही है, तब बिहार की यह पहल आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में एक ठोस कदम है। चुनाव के बाद जिस तेजी से सरकार ने काम शुरू किया है, उससे यह स्पष्ट है कि विकास अब रुकने वाला नहीं है। हर क्षेत्र में हो रहे कार्यों के बीच डेयरी उद्योग को दिया गया यह प्रोत्साहन आने वाले वर्षों में बिहार को दुग्ध उत्पादन के मानचित्र पर और अधिक मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा।

अंततः कहा जा सकता है कि सात निश्चय-3 के तहत लिया गया यह निर्णय बिहार के भविष्य को नई दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अनुभव, उनकी प्रतिबद्धता और नई कैबिनेट मंत्रियों की सक्रियता मिलकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का जो कार्य कर रही है, वह प्रशंसा के योग्य है। कृषि में प्रगति के माध्यम से प्रदेश में समृद्धि लाने का यह संकल्प अगर इसी गति से आगे बढ़ता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब बिहार विकास और समृद्धि का एक नया उदाहरण बनकर देश के सामने खड़ा होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां तेज, होली तक चलता है मेला



**रूद्रपुर, देवरिया।** दूसरी काशी के रूप में प्रसिद्ध दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं ।मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग का काम भी नगर पंचायत ने शुरू कर दिया है। वहीं इस बार मंदिर के प्रमुख प्रवेश द्वार को भी विशेष तरह से सजाने का कार्य चल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने कहा कि इस बार महाशिवरात्रि पर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। वहीं त्योहार से एक दिन पूर्व शिव जागरण व भंडारे का आयोजन करने की योजना है। मेले को लेकर मंदिर परिसर सहित रुद्रपुर गौरी बाज़ार मार्ग पर भीड़ बढ़ गई है। गाड़ियों की आवाजाही ज्यादा हो गई है ।बावजूद इसके बड़े ट्रकों के आवागमन पर कोई रोक नहीं लगी।नगर पंचायत पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए भी जी तोड़ मेहनत कर रहा है। इस बार मंदिर परिसर को बनारस से आए गेंदे के फूल से सजाया जाएगा। बता दें कि महाशिवरात्रि पर शुरू हुआ मेला होली तक चलता है। जिसमें दूर-दूर से आकर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं और मेले का भरपूर आनंद उठाते हैं ।मेले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की भी आवाजाही बढ़ गई है।शनिवार को एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह ने मंदिर का जायजा लिया था व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश दिया था। इसके पूर्व सतासी राज स्टेट की वारिस कादम्बरी सिंह ने भी मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया था।

### स्व केशभान राय की स्मृति में 35 वां संस्थापक दिवस समारोह विद्यालय प्रांगण में 12 फरवरी को होगा सम्पन्न



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला क्षेत्र स्थित आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही के संस्थापक,पूर्वांचल के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,प्रख्यात शिक्षाविद्, महान गांधीवादी, चिंतक एवं पूर्व उप शिक्षा मंत्री उ प्र स्व केशभान राय की 35वी पुण्य तिथि 12 फरवरी 2026 गुरुवार को दिन 10 बजे से विद्यालय प्रांगण में मनाया जाएगा । साथ ही विधायक निधि से नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता वीर बहादुर चंद करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक रविप्रताप राय एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने लोगो से उक्त समय पर गरिमामयी उपस्थिति की अपील किया है।

### गाजे बाजे के साथ निकली रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा



सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत भपसा शिव मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ रविवार को रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। महिलाएं,और कन्याएं पीला वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी।साथ में पुरुष और बच्चे और अनेक श्रद्धालु जयघोष के नारे लगाते चल रहे थे। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा बसंतपुर, तेनुहारी, सहजनवां, बोकटा होते हुए मोक्षधाम कालेसर पहुंचा,जहां कलश में जल भर कर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां बाल व्यास चंदन जी महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश की स्थापना किया गया। इस दौरान छोटेलाल यादव, रामहित यादव, विशाल यादव, दिनेश प्रजापति, शिवपाल सिंह, मोहन, संजय, सुजीत, राहुल, अभिषेक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# विद्यालय का पूर्वी चाहरदीवारी नहीं होने से जंगली जानवरों का खतरा

● खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा बाउंड्री वॉल को लेकर शासन को भेजा गया है प्रस्ताव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोड़हवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पूर्वी चाहरदीवारी नहीं होने से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों पर जंगली जानवरों का लगातार खतरा बना हुआ है। उक्त विद्यालय उत्तरी चौक रेंज के बीट के जंगल से बिल्कुल करीब है तथा विद्यालय के दक्षिण घना जंगल है। ऐसे में घने जंगल के वादियों के निकट स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की सुरक्षा दरकिनार है। घोड़हवा बीट के वन क्षेत्र के पास स्थित विद्यालय के इर्द-गिर्द तेंदुआ, सियार, जंगली सूअर जैसे अन्य जंगली जानवरों की दहशत बनी रहती है। विद्यालय में पूर्वी चाहरदीवारी न होने से स्कूली बच्चों को पठन-पाठन व मध्यांतर में खेलकूद के दौरान खतरा बना रहता है। इस दौरान छात्र-छात्राएं स्कूल से बाहर न निकलने पाएं इसको लेकर अध्यापक मुस्तैद रहते हैं। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा का समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बनी हुई है। अभिभावक राधेश्याम पासवान, दिनेश पासवान, राजू, हेमकुमार, दिनेश, राजकुमार प्रजापति, राघव, हरिलाल, रामप्रसाद, महेंद्र आदि का कहना है कि चाहरदिवारी को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत करवाया गया लेकिन झूठे आश्वासन के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ। अभिभावकों का कहना है कि हमारी गरीबी हमें अपने बच्चों को इस स्कूल में पढ़ाने पर मजबूर करती है। वरना इस स्कूल में चाहरदिवारी नहीं होने से हमारे बच्चे बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कि चाहरदीवारी को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, आदेश मिलने पर निर्माण करवा दिया जाएगा।

## कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर डॉ.एस.के.पाठक नियुक्त

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर डॉ. एस.के. पाठक की नियुक्ति पर जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. पाठक के नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया जाएगा। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की।

## जंगल बकुलहाँ में एसआईआर पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा जंगल बकुलहाँ में रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशुनपुरा मंडल मंत्री मनोज कुमार गोंड द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को लगभग तीन माह से संचालित किया जा रहा है, जिसमें अब तक करीब 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि तकनीकी जानकारी के अभाव में कुछ स्थानों पर प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्ढक्रकी ड्राफ्ट सूची में जिन मतदाताओं के नाम कट गए हैं, उन्हें पुनः जोड़ने के लिए फार्म-6 भरवाया जा रहा है। इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित 13 वैध पहचान पत्रों में से किसी एक दस्तावेज—जैसे परिवार रजिस्टर की नकल, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की मार्कशीट आदि—का संलग्न होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है, उन्हें भी इन दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, जबकि फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर फार्म-7 भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपना आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अनिल कुमार गोंड, लालमती देवी, सुदामा, जवाहिर, पहाड़ी, किसमती देवी, सुगंती देवी, मीना देवी, रम्भा देवी, कैलाश, अनिल, प्रभु, नगीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस ने चलाये व्यापक अभियान

**देवरिया।** जनपद की देवरिया पुलिस ने 8 फरवरी को जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाए। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में प्रातः 5 से 8 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत 18 स्थानों पर 376 व्यक्तियों व 215 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, वाहनों की तलाशी, तीन सवारी, मॉडिफाइड साइलेंसर, नाबालिग ड्राइविंग तथा अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया, जिसे लोगों ने सराहा। इसी दिन जनपदीय पुलिस ने कार्यालयों, थानों व पुलिस लाइन में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा पेड़-पौधों की छंटाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं बरियारपुर थाने की पुलिस ने गो-तस्करी के एक वांछित अभियुक्त जावेद कुरैसी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति, सुरक्षा व स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## घटतौली कर खरीदारों को दोतरफा चूना लगा रहे मिठाई विक्रेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** शादी ब्याह के इस महीने में जहां एक तरफ मिठाई की मांग आवश्यकता से अधिक बढ़ गई है वहीं मिठाई विक्रेता खरीदारों को दो तरफा चूना लगा रहे हैं। एक तो दुकानों पर मिठाई की गुणवत्ता को लेकर शक है वहीं दूसरी तरफ ज्यादातर दुकानदार डिब्बे और ढक्कन के साथ ही मिठाई तौल रहे हैं। ऐसी ही एक घटना उपनगर के एक चर्चित मिठाई विक्रेता के दुकान पर घटित हुई और खरीदार ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर दी। शिकायत का संज्ञान लेकर बाट एवं माप विभाग ने मिठाई की दुकान पर छापेमारी की। उन्होंने दुकानदार से एक किलो लड्डू तोलवाया। जिसका वजन 1 किलो 40 ग्राम निकला। जबकि खाली डिब्बे का वजन 146 ग्राम निकला। इस प्रकार बाट एवं माप निरीक्षक के सामने ही मिठाई विक्रेता ने लगभग 100 ग्राम की घटतौली की। यदि कोई 1 किलो मिठाई खरीदता है तो उसे 900 ग्राम मिठाई ही प्राप्त होती है। हालांकि इस तरह की समस्या लगभग हर जगह और हर दुकानदार के यहां है जिस पर बांट एवं माप विभाग बिना शिकायत के कोई कार्यवाही नहीं करता। मांग बढ़ने पर दुकानदार खोये और छेने की मिठाइयों में जबरदस्त मिलावट भी करते हैं। कई बार तो खराब होने की स्थिति में उन मिठाइयों को फिर से किसी नए रूप में बना दिया जाता है और खरीदारों को जहरीली मिठाई खाने पर मजबूर होना पड़ता है। ढक्कन सहित डिब्बे के साथ मिठाई तोलने के विषय में पूछने पर ज्यादातर मिठाई विक्रेता तू तू मैं मैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। अब देखना है उक्त दुकानदार के विरुद्ध बाट एवं माप विभाग क्या कार्रवाई करता है।

## नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय प्रदेश सचिव रईस अहमद के आवास पर पहुंचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा-** 301 गौरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भ्रमण के दौरान आगमन हुआ।नेता प्रतिपक्ष का काफिला गौरा चौकी बभनान मार्ग की तरफ जा रहा था बीच में प्रदेश सचिव रईस अहमद का आवास है नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का हुजूम देखकर उनके आवास पर पहुंचे लोगों ने इस अवसर नेता प्रतिपक्ष के लिए खूब नारे लगाए अखिलेश यादव जिंदाबाद माता प्रसाद जिंदाबाद समाजवादी पार्टी जिंदाबाद अरशद हुसैन जिंदाबाद का खूब नारा लगाया प्रदेश सचिव रईस अहमद ने नेता प्रतिपक्ष को पार्टी का प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट किया और समाजवादी पार्टी की उपस्थिति पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की सबसे बड़ी आवश्यकता अपने वोटो की बचाने की है सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का दायित्व है कि अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहे फर्जी वोट बढ़ाने ना दें और सही वोट काटने ना दे और हम सबको मिलकर पार्टी के लिए काम करना है और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है आप पत्रकारों के माध्यम से जनता को और कार्यकर्ताओं को यही मेरा संदेश है राष्ट्रीय अध्यक्ष जी जिसको टिकट देंगे सब लोग मिलकर लड़ाये और जिताइए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन पूर्व प्रत्याशी सदर सूरज सिंह राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव जिला प्रवक्ता जावेद उर्फ मंटू युजन सभा की प्रदेश महासचिव सुशीला गौतम जिला उपाध्यक्ष जीतू निषाद जिला सचिव कस्तूरी यादव छात्र सभा के प्रदेश सचिव महेश यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ संजय साहू विधानसभा अध्यक्ष इस्लाम चौधरी जिला पंचायत सदस्य अनुराग पटेल शाहिद भाई महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष प्रतिभा यादव महेश वर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य बुनने प्रधान नसीर अहमद मोहम्मद अनस मोहम्मद तल्हा गोलू प्रजापति रवि गौतम मोहम्मद राशिद सुबरती मोहम्मद अजहरूद्दीन रामकृपाल रामसनेही कश्यप आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में ईंट-भट्ठा सनचलको की मनमानी: बिना लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर दौड़ रही हैं, जनजीवन खतरे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में ईंट-भट्ठा संचालकों की बेलगाम गतिविधियां अब आम जनता की जान के लिए खतरा बन चुकी हैं। जिले के विभिन्न इलाकों में सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट और किसी भी वैध कागजात के खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं। ये ट्रॉलियां भारी मात्रा में ईंटों से लदी रहती हैं, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्रतिदिन सुबह से देर रात तक लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां एक ही दिशा से जिले में प्रवेश करती हैं। ग्रामीण और शहरी सड़कों पर ये भारी वाहन यातायात नियमों की पूरी तरह अनदेखी करते हुए तेज रफ्तार से चलते हैं। ओवरलोडिंग, गलत साइड ड्राइविंग और बिना ब्रेक/लाइट की स्थिति में ये वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। लोग आरोप लगाते हैं कि पुलिस चौकियों पर इन अवैध वाहनों को रोका नहीं जाता, बल्कि 100 से 150 रुपये की मामूली रिश्वत लेकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। इससे ईंट-भट्ठा मालिकों का माफिया खुलेआम फल-फूल रहा है, जबकि आम जनता की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है।

जिला पंचायत सदस्य पद (वार्ड संख्या 28, ब्लॉक पिपरौली) के प्रत्याशी कुलभूषण उर्फ दीपक पाण्डेय ने इस मुद्दे पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, 'यह महज यातायात उल्लंघन नहीं, बल्कि जनता के जीवन के साथ खुला खिलवाड़ है। ईंट-भट्ठा मालिकों की इस अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।' उन्होंने नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि पूर्व में एसपी सिटी रह चुके होने के नाते वे इस मामले में विशेष अभियान चलाएं। दीपक पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी सीधे प्रशासन पर होगी। हाल के दिनों में जिले में अवैध खनन और ईंट-भट्ठों पर कुछ कार्रवाइयां हुई हैं, जैसे सहजनवा में चार अवैध भट्ठों पर छापेमारी और वाहनों की जब्ती, लेकिन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के लाइसेंस-रहित संचालन पर अभी भी प्रभावी अंकुश नहीं लगा है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाएं, ओवरलोडिंग पर जुर्माना लगाएं और रिश्वतखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। प्रश्न यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करेगा, या अब ही ईंट-भट्ठा माफिया पर लगाम कसकर जनता को राहत प्रदान करेगा? समय आ गया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़कें सुरक्षित रहें और मासूमों की जान बचे।

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम की साइकिल रैली में उमड़ा जनसैलाब, ईंधन संरक्षण और स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शजनवन -गोरखपुर-** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सक्षम अभियान के तहत रविवार को सहजनवां में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित करीब 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का मजबूत संदेश दिया। साइकिल रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश भारती ने सक्षम का झंडा दिखाकर किया। रैली सहजनवां के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां प्रतिभागियों ने हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर 'ईंधन बचाओ, देश बनाओ ', 'साइकिल चलाओ, स्वास्थ्य बढ़ाओ' जैसे नारे लगाए। रैली के दौरान आमजन को पेट्रोल-डीजल की बचत और प्रदूषण कम करने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर एचपीसीएल एलपीजी के उपमहाप्रबंधक एम. महेश बाबू ने कहा कि यदि सप्ताह में कम से कम एक दिन लोग साइकिल का उपयोग करें तो ईंधन की खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इससे न केवल देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है, जो पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश भारती ने अपने संबोधन में कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं। ऐसे में उनका विवेकपूर्ण उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटी दूरी के लिए साइकिल या पैदल चलने की आदत डालें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधनों को बचाया जा सके। रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप कप सेट भेंट किए गए। वहीं, लकी ड्रॉ के माध्यम से दो प्रतिभागियों—अभिषेक गिरी और द्रौपदी स्कूल की छात्रा सौम्या चौबे—को साइकिल पुरस्कार में दी गई, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ गया।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर सहजनवां थाना प्रभारी पंकज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रहे, जिससे रैली शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में मार्केटिंग अधिकारी शिशिर दूबे, बिक्री अधिकारी आकाश कुशवाहा, प्रधानाचार्य चंद्र भूषण पांडेय, सूरज शुक्ला, रामेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साइकिल रैली ने सहजनवां में ईंधन संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर एक सकारात्मक संदेश।

## पत्रकारिता के साथ मानवता की मिसाल ओबरा में गूँज रहा है सेवा का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा, सोनभद्र –** समाज में पत्रकार को प्राय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और समाज का आईना माना जाता है, लेकिन जब वही कलम का सिपाही जमीन पर उतरकर भूखों को भोजन कराने और वंचितों को शिक्षा देने का बीड़ा उठा ले, तो वह समाज का नायक बन जाता है। ओबरा नगर में श्री राम सेवा समिति के संस्थापक और पत्रकार अजीत सिंह इसी नायक की भूमिका निभा रहे हैं। बीते शनिवार, 07 फरवरी 2026 को ओबरा के सुभाष चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर आस्था और सेवा का संगम देखने को मिला। प्रत्येक शनिवार की भांति इस बार भी शाम 5:00 बजे से खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। यह सिलसिला आज का नहीं है, इसकी नींव 23 अगस्त 2025 भाद्रपद अमावस्या को रखी गई थी, जो अब एक विशाल अभियान का रूप ले चुका है। अजीत सिंह का स्पष्ट दर्शन है, जो श्री राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इसी भाव के साथ समिति ने केवल पेट भरने तक खुद को सीमित नहीं रखा है। समिति के कार्यों की सूची सेवा के प्रति उनकी गहराई को दर्शाती है। शिक्षा से वंचित आदिवासी बच्चों को कॉपी, पेंसिल और किताबें बांटना। ठंड में कंबल का सहारा और बरसात में बेघरों के लिए तिरपाल की व्यवस्था।

दीपावली जैसे त्योहारों पर मिठाई बांटकर वंचितों के चेहरों पर मुस्कान लाना 7 फरवरी के आयोजन में नगर के प्रबुद्ध जनों और संस्थानों का भरपूर सहयोग मिला। इसमें श्रीमती अर्चना चौकसे ,आदित्य वर्मा, अनिल गुप्ता, और इतराती देवी ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।समिति ने इन सभी सेवा-सारथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अभियान की सफलता के पीछे एक निस्वार्थ टीम की मेहनत है। ओम प्रकाश सिंह, संकट मोचन झा सरिता सिंह, रीता कुमारी, आदित्य वर्मा, अविनाश श्रीवास्तव जैसे नाम लगातार इस मिशन को ऊर्जा दे रहे हैं। समिति का संकल्प है कि यह सेवा यात्रा बिना किसी समय सीमा के अनवरत चलती रहेगी। यह अभियान न केवल लोगों की भूख मिटा रहा है, बल्कि समाज में भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का बीज भी बो रहा है। ओबरा के सुभाष चौराहे पर गूँज रहा है नर सेवा ही नारायण सेवा का नारा! पत्रकार अजीत सिंह जी के नेतृत्व में श्री राम सेवा समिति द्वारा लगातार 23 अगस्त 2025 भाद्रपद अमावस्या से जारी से लेकर सुरक्षा तक, हर मोर्चे पर खड़ी है यह समिति।शनिवार खिचड़ी वितरण के समय साथ देने आए सभासद वार्ड4 संजय कनौजिया समिति उनको बहुत-बहुत धन्यवाद करती है।

## सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता 24 घंटे के भीतर बरामद हुई लापता नाबालिग, 80 CCTV कैमरों ने सुलझाई गुत्थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र –** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस की संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया है। रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने कड़ी मशक्कत और आधुनिक संसाधनों के सहयोग से एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। दिनांक 7 फरवरी को रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग छात्रा रोज की तरह स्कूल के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। अनहोनी की आशंका से डरे परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमें बनाई गईं। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने रात भर लोढ़ी टोल प्लाजा से पंचमुखी मंदिर तक के रास्तों पर लगे लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। सोशल मीडिया और सर्विलांस जैसे तकनीकी माध्यमों का सहारा लिया। बालिका के संभावित रास्तों और लोकेशन को ट्रैक किया। पुलिस की सतर्कता तब रंग लाई जब आज (08 फरवरी) दोपहर करीब 12:00 बजे बालिका को बढ़ौली चौराहे के पास सुरक्षित पाया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह रास्ता भटकने के कारण पन्नूगंज की ओर निकल गई थी। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बेटी को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। अपनी बच्ची को सही-सलामत वापस पाकर परिजनों की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने सोनभद्र पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस मिशन को सफल बनाने में निम्नलिखित अधिकारियों व कर्मियों की मुख्य भूमिका रही उ0नि0 अमित सिंह (चौकी प्रभारी कस्बा, रॉबर्ट्सगंज), टी.एस.आई. हरेराम यादव एवं टी.एस.आई. भरत कुमार राय म.का. पिंकी सोनभद्र पुलिस ने इसमें बाजी मारी है।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाला अभियुक्त हुआ गिरफ्तार, गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रधानाचार्य/परीक्षा केन्द्र अधीक्षक पं0 नागेश दत्त पब्लिक स्कूल अझारा, लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा शनिवार को थाना लालगंज पर तहरीर दी गई कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(सीटीईटी) द्वितीय पाली की परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की गई। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभ्यर्थी उमेश कुमार निर्मल के स्थान पर अन्य व्यक्ति संजय कुमार पुत्र अंगनू लाल, निवासी जनपद कौशाम्बी द्वारा परीक्षा दी जा रही थी। पहचान पत्र में अंकित विवरण एवं परीक्षा दे रहे व्यक्ति में भिन्नता पाई गई। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत 02 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी लालगंज आलोक कुमार के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस द्वारा वादी के सहयोग से अभियुक्त संजय कुमार पुत्र अंगनू लाल, निवासी अमरसा, पोस्ट चायल, जनपद कौशाम्बी, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।उक्त तहरीर एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 37/26 धारा 11 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत 02 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ठगी का नया तरीका: बुजुर्ग महिला से नाक का गहना लेकर फरार हुआ बाइक सवार



**सिंगाही संवाददाता।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंगहा कला के मजरा जयपरा में एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार टप्पेबाजों ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को गुमराह कर के नाक से सोने का फूल पार कर भाग गया। बुजुर्ग महिला से रात में जानकारी पाकर परिजन रविवार को थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार। शनिवार शाम 4 बजे जयपरा निवासी राजेश विश्वकर्मा की 80 वर्षीय माता जी गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में गई हुई थीं। इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार टप्पेबाज वहां पहुँचा।

शातिर टप्पेबाज ने पहले बुजुर्ग महिला को अपनी बातों में उलझाया और तंबाकू मांगने के बहाने उनके करीब आया।बुजुर्ग महिला की सरलता का फायदा उठाते हुए, उस व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से उनकी नाक का सोने का फूल झपट कर उतार लिया और इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती या शोर मचाती, आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से रफूचक्कर हो गया। रविवार सुबह शोशल मीडिया से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध महिला से पूंछताछ की उसके बाद महिला ने थाने में आकर तहरीर दी।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ शातिर चोर, मंदिरों समेत कई चोरी की घटनाओं का खुलासा



**बलिया।** नगरा थाना पुलिस ने शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान रूदल नट पुत्र तुफानी नट, निवासी नकहरा थाना गड़वार, जनपद बलिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और 63.43 ग्राम सफेद धातु का टुकड़ा बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार शुक्ल ने बताया कि पुलिस टीम खरूआंव पोखरे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। घेराबंदी के बाद खुद को फंसा देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई।

पूछताछ में घायल बदमाश ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। उसने स्वीकार किया कि 4/5 जनवरी 2026 की रात उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सुखपुरा स्थित बुढ़वा शिव मंदिर से शिवलिंग और नाग की चोरी की थी। इसके अलावा 11 जनवरी 2026 की रात थाना गड़वार क्षेत्र के बंगला चट्टी से एक टुल्लू पंप भी चुराया था। रूदल नट ने यह भी बताया कि 17/18 दिसंबर 2025 की रात ग्राम सवन स्थित कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी किया गया था। वहीं, 14/15 नवंबर 2025 की रात नगरा के पुराने दुर्गा मंदिर से मूर्ति का मुकुट, नथिया और दान पेटी से नकदी चोरी की गई थी। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## पंचायत वासियों का सहयोग और प्रधानप्रतिनिधि की मेहनत से महाविद्यालय को लेकर क्षेत्र वासियों में जगी आस

● सुप्रीम कोर्ट ने जिला कलेक्टर को तथ्य जांच कर आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के लिए किया निर्देशित।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कला में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन पर आज तक शुरू नही हुआ डिग्री कालेज का निर्माण जबकि न्यायालय ने 2012 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन ग्रोवर्स महाविद्यालय समिति को डिग्री कॉलेज बनाने के लिए आदेश दिया था। आदेश के दो साल बाद 2014 में कोर्ट को गुमराह किया गया कि महाविद्यालय प्रस्तावित जमीन पर चल रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि वहां किसी प्रकार का कोई भी विद्यालय बना ही नही। महाविद्यालय न होने के कारण तराई इलाके के बच्चे जो दूर दराज नही जा पाते वो उच्च शिक्षा से आज भी वंचित है, जिसको लेकर प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने हाईकोर्ट में सन्तराम कनौजिया बनाम सरकार के नाम रिट याचिका दायर की महाविद्यालय की भूमि ग्राम पंचायत को वापस मिल जाये जिससे एक नई समिति का गठन कर महाविद्यालय के नाम आवंटित पैसे का खोजबीन कर उसका निर्माण आमजन के सहयोग से कराया जा सके जिससे तराई क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए इधर उधर भटकना न पड़े, लेकिन किन्ही कारणों के चलते हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। हाईकार्ट से याचिका खारिज होने के बाद कार्यवाही को आगे बढाते हुए प्रधानप्रतिनिधि ने रिट याचिका सुप्रीम कोर्ट में की जहां पर 27 जनवरी 2026 को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य का हस्तक्षेप कर लखीमपुर खीरी डीएम के माध्यम से तथ्य जांच कर आवश्यक कार्यवाही चार माह की अवधि के पहले करने को लेकर निर्देशित किया।

बताते चले कि ग्राम पंचायत सिंगहा कला में सन 1980 ई.में सरजू सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के उपाध्यक्ष स्व.प्रीतम सिंह दुग्गा की अध्यक्षता में सरजू किसान महाविद्यालय के निर्माण का प्रस्ताव पास हुआ था और ग्राम पंचायत में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन महाविद्यालय समिति को प्रस्तावित की थी और सरजू महाविद्यालय के नाम से बेलरायां चीनी मिल में किसानों से डिग्री कालेज के निर्माण के लिए दस पैसे की किसानों से प्रति कुंतल के हिसाब से की गई, कटौती से करोणों रुपया एकत्रित हुआ था, तत्कालीन जिलाधिकारी विजय शंकर पांडेय ने शिलान्यास की तिथि घोषित कर पत्थर भी लग गया था, लेकिन उनका स्थानांतरण होने के बाद शिलान्यास नही हो सका।

पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष क्रेन गोवर्ष महाविद्यालय के नाम दूसरी समिति बनाकर तत्कालीन प्रधान दुर्गा प्रसाद से प्रस्ताव कर लिया और मामला न्यायालय में विचाराधीन हो गया और डिग्री कॉलेज का निर्माण अधर में लटक गया। सरजू किसान महाविद्यालय के उपाध्यक्ष के स्वर्गवास के बाद दोनों समितियां सन 2011 में समझौता होकर डिग्री कॉलेज बनाने का एकपक्षीय आदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय के नाम हो गया। लेकिन किसानों से कटौती किये गये पैसे का खुर्द बुर्द हो जाने के बाद जब धन समिति को नहीं मिला तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति ने डिग्री कॉलेज निर्माण से अपने हांथ खड़े कर दिए। लेकिन कागजो में 2014 से अब तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्ष महाविद्यालय के नाम से विद्यालय चल रहा है, लेकिन विद्यालय का कहीं अता पता नही है, इस संदर्भ में प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने पंचायत में बैठकों का दौर प्रारम्भ करते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाते गए जिसका नतीजा ये निकला कि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के हस्तक्षेप कर जिला जिलाधिकारी को जांच कर चार माह के अंदर रिपोर्ट देने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि राम मोहन दीक्षित, संकटा प्रसाद मौर्य, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, प्रयाग दत्त शास्त्री, मुनेश प्रसाद शुक्ला, रामसनेही वर्मा, दीपक, सहित सैकड़ों ग्राम के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि रमजान को लेकर क्षेत्राधिकारी ने थाने में की गोष्टी दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/नवाबगंज क्षेत्र अधिकारी निलेश मिश्रा ने क्यों लड़िया थाना प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व के साथ रमजान पर शांति व्यवस्था कायम रखने को थाना परिसर में गोष्ठी की यहां पर भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए क्षेत्र अधिकारी ने लोगों से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही महेशपुर में स्थित शिव मंदिर पर लगने वाले विशाल मेले का क्षेत्रवासियों से सुझाव मांगे इसके साथ ही अन्य शिव मंदिरों पर भी जल अभिषेक को लेकर ग्राम प्रधानों से चर्चा की और विस्तृत सुझाव मांगे गए साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि रमजान होली जैसे पर्व पर खुराफात करने वालों पर पहली नजर रखने का निर्देश क्यों लड़ियां पुलिस को दिए। साथ ही उन्होंने कहा किसी को भी कानून हाथ में लेने की आवश्यकता नहीं है कहीं पर खुराफात होने की संभावना हो तो इसकी सूचना शीघ्र पुलिस को दें इसी दौरान साइबर क्राइम को लेकर हेड कांस्टेबल नवीन कुमार ने विस्तृत जानकारी दी और कहा अपनी ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति को ना दें यदि कोई वीडियो कॉल करके फर्जी पुलिस वाला बनके या सड़क दुर्घटना होने जैसी जानकारी देकर पैसे मांगता है तो उसे पैसे न दिए जाएं।

परंतु अपने परिचित को संपर्क कर असलियत की जानकारी प्राप्त करें साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दें या 1930 पर फोन करके अपनी समस्या दर्ज करायें इस पर पुलिस कार्यवाही करेगी क्षेत्राधिकार द्वारा क्षेत्रवासियों से अन्य कार्यों में भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की यहां पर उपस्थित क्षेत्राधिकारी निलेश मिश्रा प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह इंस्पेक्टर क्रायम शैलेंद्र कुमार उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह देशराज सिंह तोमर एवं अन्य पुलिस बल उपस्थित था यहीं पर ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार गंगवार रफीक अहमद राधेश्याम फारूक अहमद आजम खान अनीस अहमद त्रिवेंद्र कुमार जयवीर वर्मा लल्ला खां समेत क्षेत्र के गढ़ मान्य लोग उपस्थित थे।

## अंडर-16 स्वर्गीय अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026

● (आयोजक: जिला क्रिकेट एसोसिएशन, लखीमपुर खीरी)

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



आज रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर प्रतियोगिता का लीग मुकाबला अरविंद क्रिकेट अकादमी गोला एवं जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अरविंद क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अरविंद क्रिकेट अकादमी ने 25 ओवर खेलकर 6 विकेट के नुकसान पे 128 रन बनाए।अरविंद क्रिकेट क्रिकेट अकादमी की तरफ से सर्वाधिक रन अक्षत ने 38 रन, व कृष्णा ने 18 रन बनाए। जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कार्तिक अग्रवाल ने 03 विकेट और ग्रन्थ अग्रवाल ने 02 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी ने 14.1ओवर में 02 विकेट खोकर 133 रन बनाकर 08 विकेट से मैच जीत लिया।जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से कार्तिक अग्रवाल ने नाबाद 70 रन, और ग्रन्थ अग्रवाल ने 27 रन, नाबाद बनाए। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कार्तिक अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह पुरस्कार टी पी आर एस स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर अमन वर्मा के द्वारा प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान, अभिषेक शुक्ला, श्री अनुपम त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, पारिजात त्रिपाठी, रामजी कश्यप, महक राठौर, मसीह अहमद नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव, रवि शंकर तिवारी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सनातन को नीचा दिखाने के लिए ब्राह्मणों का कर रहे अपमान, इन्हें निकालना चाहिए समाज से बाहर- देवकीनंदन



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में रविवार दोपहर दो बजे हुए हिंदू सम्मेलन में प्रसिद्ध कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने, सनातन, देश और आने वाली पीढ़ी को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन को नीचा दिखाने के लिए ब्राह्मण और साधु-संतों का अपमान किया जा रहा है। घूसखोर पंडित के नाम से वेब सीरीज बनाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई के साथ समाज से निष्कासित करने का काम भी होना चाहिए।

## सीएमओ ने प्राथमिक आरोग्य मंदिर कालाआम का लिया जायजा, परखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं, मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के दिए निर्देश

● सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने प्राथमिक आरोग्य मंदिर कालाआम का किया निरीक्षण! मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के तहत आयुष्मान कार्ड पर जोर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर- खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्राथमिक आरोग्य मंदिर कालाआम में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई के नेतृत्व में आरोग्य मेले में ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे जांच, परामर्श और निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष गुप्ता,एडिशनल मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ACMO) डॉ. प्रमोद वर्मा ने प्राथमिक आरोग्य मंदिर कालाआम का विस्तृत निरीक्षण किया यह निरीक्षण जन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया सीएमओ ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित नही रहने दिया जाना चाहिए।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व रजिस्टरों की जांच, दवाओं के स्टॉक और लैब व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आरोग्य मेले का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मरीजों को दी जाने वाली दवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए तथा गंभीर मरीजों को समय से उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर किया जाए आरोग्य मेले में क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई की देखरेख में मरीजों का परीक्षण किया गया। सर्दी, जुकाम, बुखार, उच्च रक्तचाप (बीपी) सहित मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की विशेष रूप से जांच की गई। लैब टेक्नीशियन मोहित द्वारा संदिग्ध मरीजों के रक्त नमूने लेकर तत्काल जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई। वहीं फार्मासिस्ट सर्वेश वर्मा ने चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया और दवाओं के सेवन की विधि भी समझाई।

वही आरोग्य मेले के दौरान अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। मौके पर स्टाफ नर्स मीनू, डॉ मोनिका भारती सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे और सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन किया। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोग्य मेले की सराहना करते हुए कहा कि रविवार को गांव में ही जांच, डॉक्टर की सलाह और दवाइयां मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर लगाने से निजात मिली है।

## फर्जी रिपोर्ट, लगाने वाले लेखपाल पर मेहरबान जिला प्रशासन

● यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने न होती फर्जी रिपोर्ट तो शायद नहीं होता खेल मैदान पर अवैध कब्जा

लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और प्रधान कुलदीप पर लग रहे खेल मैदान पर अवैध कब्जा करवाने के गंभीर आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत जटपुरा में तत्कालीन लेखपाल रहे भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान के काली करतूत खुलकर सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत जटपुरा में प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 474 और गाटा संख्या 159 तथा खेल मैदान की आरक्षित भूमि गाटा संख्या 1192 हेक्टेयर पर गांव के ही दबंग लोगों से मिलीभगत करके लगभग एक दर्जन लोगों के मकान बनवा दिए गए ।इस खेल में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान की मिली भगत होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त अवैध कब्जों की जब आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई तो तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने की नीयत से फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि खेल मैदान विद्यालय की बाउंड्री वाल के अंदर है तथा इस पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं पाया गया। जबकि हाल ही में हुई शिकायत के बाद वर्तमान लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा की गई पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान खेल मैदान पर बन पाए गए। जिनके विरुद्ध 67 (1)की कार्रवाई की गई और बेदखली की नोटिस जारी की गई है। जो भूपेंद्र वर्मा के रिश्वतखोरी की पोल खोलने को काफी है। ग्रामीणों का आरोप है यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने उस समय न लगाई होती फर्जी जांच रिपोर्ट और की होती करवाई तो शायद आज खेल मैदान पर अवैध कब्जा नहीं होता। मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकरशासन प्रशासन को गुमराह करने तथा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग के बाबजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जो तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों की मिली भगत की ओर इशारा करता है देखना अब यह है की फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तथा शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है या फिर जैसे खेल मैदान पर अनाधिकृत कब्जा करा दिया गया ठीक उसी तरह लेखपाल साहब को प्रमोशन कर कानूनगो बना दिया जाएगा।

## जांच में गर्दन फंसते देख काम पूरा कराने में जुटे प्रधान

● मामला विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत जहांपुर का है। जहां भारी भ्रष्टाचार के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद के विकासखंड बिजुआ में विकास कार्य के नाम पर भारी भ्रष्टाचार होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है जिसकी बानगी दिखाने हम आपको ग्राम पंचायत जहानपुर और बस्तौली ले चल रहे हैं।जहां महज काग़ज़ों पर काम दिखाकर सरकारी धन का बंदर बाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कहीं काग़ज़ों पर काम दिखा तो कहीं आधे अधूरे कामों को पूरा दिखाकर सरकारी धन की जमकर लूट की गई है द्य

ग्रामीणों का आरोप है कि इस भ्रस्टाचार के खेत.मे प्रधान, पंचायत सचिव रोजगार सेवक,सहित जे. ई..टी. ए और ए.पी . ओ मनरेगा से लेकर खंड बिकास अधिकारी बीजूआ तक के शामिल होने के आरोप लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जहांपुर में राजाराम के घर से मनोरथ के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी 064 9915 में बॉक्सिंग बोल नहीं बनाई गई पश्चिम साइड में पहले से पक्का बाल बना हुआ है

और पूरब साइड में बॉक्सिंग नहीं बनाई गई है उक्त पर बी बिल के सापेक्ष कार्य नहीं कराया गया दूसरा मामला रामकुमार के घर से वेद प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य जिसकी वर्क आईडी आरसी 06499 18 है की लंबाई 5 मीटर और चौड़ाई 3.5 मी स्थल में कम पाई गई है 15 * 3.5 बराबर 17.5 मीटर बल एवं बी के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया तीसरा नंबर पीडब्ल्यूडी की रोड से कुलदीप के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण क आईडी 6499 26 की लंबाई सत्यापन मापन के दौरान 3.5 * 3 मीटर = 10.5 मीटर कम पाई गई।

यहां पर भी बी वे बिल के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया कल्याण के चारों तरफ खाई खुदाई कार्य में भी म से 40 मी कार्य काम कराया गया और भुगतान पूरे का निकाल लिया गया यह खुलासा मौके पर की गई मैप से होने की बात सामने आई है एमपी में कुल लंबाई 362 मीटर है और मौके पर मात्र 322 मी ही कार्य कराया गया है सुरेंद्र के घर से कुंडा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी पब्लिक 64 9929 में एक तरफ पहले से बनी नाली का निर्माण कार्य देखा गया है तथा दूसरी तरफ एक राधा लगाकर इंशाल्लाह की वापसी बॉक्सिंग बनाई गई है जो मानक विपरीत है अधूरी बॉक्सिंग बी बिल अनुसार कार्य नहीं कराया गया है वही श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य आईडी आरसी 6499 23 पर काम शुरू ही नहीं कराया गया और फर्जी तरीके से निकाल लिया गया मजदूरों का भुगतान चर्चा का विषय बना है बताया जाता है कि इस खेल में प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी बिजुआ तक के शामिल होने की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही।

फर्जी तरीके से निकल गया मजदूरों की मजदूरी का भुगतान जहां चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा मनमने तरीके से मानकों के अनदेखी करते हुए आधा अधूरा काम करवा कर कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों का घोटाला किया गया है दोनों ग्राम पंचायत में प्रधान सचिव और के सहित रोजगार सेवक तथा ता की मिली भगत से काफी बड़ा घोटाला किया जाने का बताते हुए।

मामले की शासन प्रशासन से शिकायत किए जाने की बात सामने आई है सूत्र बताते हैं उक्त मामले की जांच के लिए गठित की गई जांच टीम की भनक लगते ही प्रधानों व सचिव मैं हड़कंप मच गया है जांच में फसते देख प्रधान काम पूरा करने में एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं वहीं यदि इस मामले की कर ली जाए निष्पक्ष जांच जिसमें माप पुस्तिका कार्य पूर्ति रजिस्टर मास्टर रोल आदि की गहनता से कर ली जाए जांच तो एक बहुत बड़ा फर्जी वाला और भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय।

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत अधिकारी जहांपुर कमाल अहमद से से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कई कल जाने के बाद भी फोन उठाना उचित नहीं समझा जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

## नल रिबोर और स्ट्रीट लाइट के नाम लाखों का गोलमाल

● ग्राम पंचायत गणेशापुर में हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर धांधली के आरोप

स्ट्रीट लाइट के नाम पर जबरदस्त घोटाला बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** विकास खंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में नल रिबोर और मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट के नाम पर भारी भ्रस्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि शासन द्वारा चलाई जा रही विकास कार्य योजना का विकास खंड पसगवां की अधिकतर ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही क्रियान्वयन हो रहा है परंतु वास्तविकता में ग्राम पंचायतों के कुछ मदों में विकास कोसो नदारद है। तथा इन मदो में जबरदस्त घोटाला हुआ है। विकास खंड पसगवां की कई ग्राम पंचायतों में हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर व स्ट्रीट लाइट के नाम पर जमकर घोटाला किया गया तथा ये घोटाला अब तक किया जा रहा है। कई योजनाओं में क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर भ्रष्टाचार अब तक किया जा रहा है। पसगवां ब्लाक की ग्राम पंचायत गनेशापुर मे जनता के पैसे को पंचायत सचिव प्रधान डकार कर मालामाल हो रहे हैं। गॉव का विकास करने के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजना चलाई जाती परंतु ये विकास कार्य सिर्फ कागजों पर किए जा रहे और खातों में जमा राशि निकालकर ग्राम प्रधानों एवं सचिवों द्वारा खुद का विकास किया जा रहा है।सचिव और प्रधान शासन के आदेशों पर पानी फेर रहे है जिम्मेदारो को न तो उच्चधिकारियों का डर है न सरकार का भय।कार्यकाल के अंतिम चरण में चल रही ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव खाते खाली करने में लगे है। ग्राम पंचायत गनेशापुर मे हैन्ड पम्प मरम्मत व रिबोर कार्य करने के नाम पर वर्ष 2021 से 2022 तक निकाली गई धनराशि क्रमशः 200000/हैन्डपम्पमरम्मतकार्य,100000 /हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य, 90000/हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य, 257000/हैन्ड पम्प रिबोर कार्य,200000/हैन्ड पम्प मरम्मत, *200000/हैन्ड पम्प रिबोर कार्य,कुल धनराशि 1047000 होती है*।

**फिर स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर निकाली गई धनराशि-** 60000/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,कुल धनराशि 4,33000 निकाली गई।उक्त सारी जानकारी पोर्टल के माध्यम से हुई है उक्त के विषय में जब सचिव से जानकारी चाही गई तो सचिव सच्चाई बताने से बच रहे है। गणेशापुर के ग्रामीणों का आरोप है कि कोई सब आपस में मिले हुए है।इस लिए आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।ये दोनों विकास कार्य प्रधान प्रतिनिधि व सचिव ने मिलकर कागजों पर ही करवा दिया।

**वर्जन** जब उपरोक्त मामले पर खंड विकास अधिकारी पसगवां से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो सब ने फोन उठाना ही उचित नहीं समझा जिसके चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 12फरवरी को किया जायेगा आयोजित




**मीरजापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान मे 12फरवरी को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन स्थानीय राज स्थान इंटर कॉलेज देवपु र वा मीरजापुर मे आयोजित किया जायेगा।इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रसिद्ध गणितज्ञ सर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के सम्मान मे मनाया जाता है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों मे गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हे गणितीय अध्ययन एवं करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है।यह कार्यक्रम अधिक ठंडक के कारण दो बार स्थगित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम मे कक्षा 6से12 तक के सभी बोर्डो के छात्रों को प्रतिभागिता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पत्र भेजे गये है। इस कार्यक्रम मे श्रीनिवास रामानुजन के गणित के योगदान पर फिल्म दिखाई जाएगी। साथ ही गणित के विषय विशेषज्ञो द्वारा व्याख्यान दिये जाएगे।इस कार्यक्रम मे गणित पर आधारित मॉडल,पोस्टर,गणित प्रश्नोतरी भी आयोजित की जाएगी।प्रतियोगिता मे चयनित छात्रों को जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर 139 मरीजों का किया गया उपचार



**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत चिकित्सकों द्वारा कैंप लगाकर रविवार को कुल 139 मरीजों का निः शुल्क उपचार किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने बुखार, सुगर, बीपी, खांसी आदि की जांच के बाद मरीजों को दवाएं दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में 51मतवार में 39,मुड़पेली में 49 मरीजों का उपचार किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर 139 मरीजों का प्राथमिक उपचार किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार के चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने घर के आसपास साफ सफाई रखने व बदलते मौसम से सावधान रखने की सलाह दी है। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे मतवार में कामेश्वर तिवारी व मुड़पेली में मनीष कुमार ने उपचार किया है।

### लावारिश हालत में जंगल में मिली एक स्कूटी, हेलमेट, मोबाइल फोन, जांच में जुटी पुलिस



**अहरौरा, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लखनिया दरी पर्यटन स्थल से करीब दो सौ मीटर दूरी पर दिन रविवार को झाड़ी में एक लावारिश हालत में स्कूटी मिली। सूचना पर पहुंची पीआरबी की पुलिस ने स्थानीय थाने पर सूचित किया। इसी दौरान अहरौरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर लावारिश स्कूटी और साथ में एक हेलमेट, बैग को कब्जे में लेकर आस पास के झाड़ियां और अन्य जगहों पर खोजबीन में जुट गए।

एसआई राम आशीष बिंद ने बताया कि लखनिया दरी पर्यटन स्थल से करीब दो सौ मीटर दूरी पर झाड़ी में एक लावारिश हालत में स्कूटी क्र45 ङ्ग 9722 वाहन नम्बर मिली हुई है, स्कूटी के साथ एक हेलमेट और बैग में रखे एक मोबाइल फोन और एक एडमिट कार्ड जो कर्मचारी चयन आयोग, एक अडानी का आई कार्ड है। एडमिट कार्ड में नाम आशुतोष पटेल (24) वर्ष निवासी बीबीपुर भुसौली धौरुआ मालीपुर अम्बेडकर है। जांच की जा रही है, आस पास के जंगलों में खोजबीन की जा रही है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि दिवस को सफल बनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही/** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील करते हुए बताया कि जनपद भदोही में 10 फरवरी 2026 से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान एवं नेशनल डिवर्मिंग डे/राष्ट्रीय कृमि दिवस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान शासन की महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य जनपद को फाइलेरिया एवं आंतों के कीड़े जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त करना है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया अभियान के अंतर्गत जनपद के 02 विकासखंड–सुरियावां एवं आभोली में दिनांक 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 01 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव हेतु तीन दवाएं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएंगी। इस अभियान के माध्यम से जनपद की कुल 3,37,958 आबादी को आच्छादित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बताया कि नेशनल डिवर्मिंग डे/राष्ट्रीय कृमि दिवस के अंतर्गत जनपद के 04 विकासखंडों में 10 फरवरी 2026 से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के 2743 प्राथमिक विद्यालयों, कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर 01 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह दवा मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) अथवा भोजन करने के उपरांत भरे पेट दी जाएगी, जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आम जनमानस, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे इस अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा बच्चों को निर्धारित दवा अवश्य खिलवाएं, जिससे आंतों के कीड़े से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज की नींव होते हैं, अतः इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष चक ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अभियान का क्रियान्वयन समन्वय, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## दो वारंटी गिरफ्तार




**चुनार, मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्रा व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के कुशल नेतृत्व में वारंटी गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के दौरान रविवार को उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव मय पुलिस टीम के द्वारा वारंटी बेचन यादव पुत्र विश्वनाथ चकईपुर मुहाना व गुड्डू पुत्र मेवा लाल निवासी जमुई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने 69 लाख की लागत से बनने वाली सी सी रोड का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरियावां** रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा नगर के वादे के अनुसार विकास कार्यों की कड़ी में एक और कार्य करके जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया इसी क्रम में उन्होंने बघेल कटरा त्रिमुहानी से बाईपास अटल चौराहा तक 69 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क 650 मीटर लंबी और अठारह फीट चौड़ी सी सी रोड का शिलान्यास किया उन्होंने बताया कि नगर विकास मंत्री एक शर्मा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से मिलकर पत्र के दिया गया था पत्रक को मुख्यमंत्री ने सज्ञान में लिया इस बीच सांसद डॉक्टर विनोद बिंद ने भी अपने सड़क की मांग को संज्ञान में लेते हुए शासन को पत्र लिखा पी डब्लू डी द्वारा प्रस्ताव भेजा गया और मंजूरी मिलने के बाद कार्य को शुरू करा दिया गया है जिसके लिए हम सुरियावा की जनता के तरफ से धन्यवाद देते हैं और लगातार नगर के विकास के लिए प्रयत्नशील रहेंगे हमारा प्रयास है कि नगर सूरियावा का चहुमुखी विकास हो नगर के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दिया जाएगा इस मौके पर रमाकांत जायसवाल अवधेश उमर मदन जयसवाल विक्की सिंह बघेल चंद्रेश यादव प्रधान गणेश जायसवाल अशोक जालान जयशंकर बुद्धू हवाई नंदलाल उम्र गुड्डू उम्र जलालुद्दीन पंजाबी मोदनवाल एवं नगर के गणमान्य लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

## 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान



### ●सभी का उद्देश्य जनकल्याण व मानव समाज की सेवा करना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के अंतर्गत अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन मे दिनांक-08.02.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




**भदोही।** थाना दुर्गागंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदुआ में पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल करने के मामले में दुर्गागंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ग्राम हरदुआ निवासी अर्जुन पुत्र बबऊ की तहरीर पर दर्ज मुकदमा में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राजकुमार पुत्र लालता प्रसाद (48 वर्ष) एवं बेचू पुत्र चौथी (51 वर्ष) निवासी हरदुआ को बरबसपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## कछुआ सैंक्चुअरी में बेखौफ बालू माफिया, रात में अवैध खनन का खेल जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जिगना, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डंगहर गांव के आसपास गंगा नदी में अवैध बालू खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बालू माफिया रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली और नावों के सहारे बड़े पैमाने पर बालू का खनन कर रहे हैं, जबकि जिगना पुलिस की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिदिन रात में करीब दस ट्रैक्टर-ट्रॉली बालू नदी से निकाल कर बाहर भेजी जाती हैं। माफियाओं ने ट्रैक्टर में ही जेसीबी मशीन फिट कर रखी है, जिससे गंगा नदी में चोरी-छिपे खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, गंगा किनारे तक कच्चा रास्ता भी बना दिया गया है, ताकि बालू को आसानी से ऊपर तक पहुंचाया जा सके।

सूत्रों के अनुसार थाना जिगना क्षेत्र के डंगहर गांव निवासी डीके तिवारी तथा लहरी मांझी, कंपोटर मांझी समेत अन्य लोग, जो थाना कोइरौना क्षेत्र के नारेपार गांव के बताए जा रहे हैं, रात के समय नावों के जरिए बालू खनन कर उसे माफियाओं तक पहुंचा रहे हैं। अवैध रूप से निकाली गई बालू को करीब 3500 रुपये प्रति ट्रॉली के भाव से बेचा जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में पुलिस-प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों में यह चर्चा आम है कि थाना स्तर पर मिलीभगत के चलते समय रहते कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

गौरतलब है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इस पूरे परिक्षेत्र को कछुआ सैंक्चुअरी घोषित किया गया है। इसके बावजूद गंगा नदी में अवैध खनन का सिलसिला जारी है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। हालात ऐसे हैं कि माफियाओं में प्रशासन का जरा भी भय नहीं दिखाई दे रहा, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ गंगा नदी का अस्तित्व भी खतरे में पड़ता जा रहा है।

## राजेश गुप्ता के निधन पर उमड़ा शोक, हरिश्चंद्र घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के पूर्व सदस्य उमेश गुप्ता 'मुन्ना' के बड़े भाई राजेश गुप्ता का असामयिक निधन 4 फरवरी को वाराणसी स्थित गैलेक्सी अस्पताल में हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही मुन्ना के आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

5 फरवरी को वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर राजेश गुप्ता का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान से किया गया, जहां कालीन उद्योग, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या मौजूद रही। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक जाहिद बेग, चेयरमैन अतहर अंसारी, सीईपीसी के पूर्व चेयरमैन सिद्धनाथ सिंह, एआईसीएमए अध्यक्ष मो. रजा खान, पूर्व अध्यक्ष ओंकार नाथ मिश्रा, रवि पाटोदिया, सीईपीसी के पूर्व सदस्य ओंकार मिश्रा (बच्चा बाबू), राजेंद्र मिश्रा (बाबा), घनश्याम शुक्ला, सीईपीसी सदस्य अनिल सिंह, यादवेंद्र राय काका, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका आरिफ सिद्दीकी, रियाज अंसारी (बाबूभाई), कमरुद्दीन अंसारी, राजू बोथरा, सुजीत जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त संजय गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अशोक जायसवाल, मुजाहिद हुसैन, मकसूद अंसारी, फैयाज अंसारी, वकील कुरैशी, सादिक अंसारी, शाहिद अंसारी, अमित मौर्य, विकास यादव, पन्ना लाल यादव, रमेश यादव, काशी यादव, पंकज बरनवाल, इमाम बेग, अतीक खान, संदेश सुनेजा, सुरेश जायसवाल, सुभाष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कालीन निर्यातक, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो खंभे से टकराकर खाई में गिरी



**कछवा।** थाना क्षेत्र के खैरा पुलिस चौकी के पास शनिवार की रात करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कछवा से चुनार की ओर जा रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई, जिससे पोल टूट गया और वाहन खाई में पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में हिमांशु सिंह पुत्र विरेंद्र सिंह अपने साथी सोनू व एक अन्य युवक के साथ सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही खैरा पुलिस चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए गाड़ी में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## एसपी के निर्देश पर हिस्ट्रीशीटर राजेश सिंह पर मुकदमा दर्ज, पीड़िता अब भी परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गाँव की महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर सुरियावां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर राजेश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता पूर्णिमा सिंह पत्नी प्रताप सिंह, निवासी ग्राम महजूदा, थाना सुरियावां ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया था कि आरोपी राजेश सिंह पूर्व में अवैध शराब व गांजा तस्करी के मामलों में कई बार जेल जा चुका है तथा थाना सुरियावां का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

पीड़िता के अनुसार आरोपी पर पूर्व में गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई, जिला प्रशासन द्वारा जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है। साथ ही भदोही पुलिस द्वारा पूर्व में उसे दस हजार रुपये का इनामी अपराधी भी घोषित किया जा चुका है।

महिला का आरोप है कि लगभग दो महीने से आरोपी द्वारा लगातार उसके घर के सामने गोबर फेक कर अतिक्रमण करने के उद्देश्य से गंदगी की जा रही है, गाली-गलौज की जाती है तथा जान से मारने की धमकी दी जाती है। शिकायत के आधार पर थाना सुरियावां पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 351(3) व 352 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। हालांकि मुकदमा दर्ज हो जाने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, जिससे पीड़िता व उसके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध कड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।इस सम्बंध में पाली चौकी प्रभारी अजय ओझा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन की जा रही हैं।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो खंभे से टकराकर खाई में गिरी




**कछवा।** थाना क्षेत्र के खैरा पुलिस चौकी के पास शनिवार की रात करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कछवा से चुनार की ओर जा रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई, जिससे पोल टूट गया और वाहन खाई में पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में हिमांशु सिंह पुत्र विरेंद्र सिंह अपने साथी सोनू व एक अन्य युवक के साथ सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही खैरा पुलिस चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए गाड़ी में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## सूरजकुंड मेला में हादसा होना कोई नई बात नहीं, पहले भी बंद हो चुके हैं झूले; अब स्थायी प्रतिबंध की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट्स मेले में झूले की सवारी से हुए दुखद हादसे के बाद, इन झूलों को हमेशा के लिए बंद करने की मांग बढ़ रही है। यह पहली बार नहीं है जब मेले में झूले की वजह से ऐसी घटना हुई है। पहले भी झूलों से जुड़े दो हादसे हो चुके हैं। उन मौकों पर, झूलों को कई सालों के लिए बंद कर दिया गया था। तब भी मेले में आने वालों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा था, फिर भी मेले के प्रशासन ने आखिरकार उन्हें फिर से खोलने की इजाजत दे दी।

12 फरवरी, 2001 को एक इलेक्ट्रिक झूले में खराबी आ गई थी। झूले से तीन लोग गिर गए थे, और इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, मेले में झूलों पर बैन लगा दिया गया था। वे लगभग पाँच साल तक मेले में नहीं थे। फिर, 2007 में, मेले के मैनेजमेंट ने झूलों को फिर से शुरू किया। 9 फरवरी, 2019 को, एक व्यक्ति को झूले से चोट लगी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। इस घटना के बाद, झूलों को फिर से दो साल के लिए बंद कर दिया गया, लेकिन तीसरे साल उन्हें फिर से शुरू कर दिया गया। सवाल यह उठता है: मैनेजमेंट ने पिछले दो हादसों से सबक क्यों नहीं लिया? उन्हें हर बार मेले में चलाने की इजाज़त क्यों दी जाती है? शैलेश गर्ग, जो हर साल सूरजकुंड मेले में आते हैं, कहते हैं कि यह मेला अपनी हस्तशिल्प और कलाकृतियों के लिए मशहूर है। लोग मेले में कारीगरों के हुनर की तारीफ करने और अगर उन्हें पसंद आए तो अलग-अलग तरह की कलाकृतियाँ खरीदने आते हैं। झूले हों या न हों, इससे आने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ता। वह कहते हैं कि सिर्फ तीन या चार प्रतिशत लोग ही झूले वाले जोन में जाते हैं, बाकी लोग तो उस इलाके के पास भी नहीं जाते।

## 'हमारा क्या कसूर...' सूरजकुंड मेला में हादसे के बाद एम्यूजमेंट पार्क बंद, स्टॉल लगाने पर लगी पाबंदी

**फरीदाबाद।** शनिवार को हुए हादसे के बाद इंटरनेशनल आत्मनिर्भर शिल्प मेले में एम्यूजमेंट पार्क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। मेले के मैदान से एम्यूजमेंट पार्क तक जाने वाले रास्ते को भी सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है और किसी को भी अंदर जाने से रोकने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। हादसे के बाद पार्क बंद होने से उन स्टॉल मालिकों को परेशानी हो रही है, जिन्होंने 1.25 लाख रुपये से 1.75 लाख रुपये में स्टॉल बुक किए थे। स्टॉल मालिक रविवार को अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए इकट्ठा हुए। शनिवार को शाम 6 से 6:30 बजे के बीच एम्यूजमेंट पार्क में अफरा-तफरी मच गई थी। लोग इधर-उधर भाग रहे थे और अधिकारियों ने स्टॉल बंद करने का आदेश दिया था। रविवार को भी राइड्स के पास स्टॉल के सामने खाने-पीने की चीजें जमीन पर पड़ी थीं। सभी खाने-पीने के स्टॉल और खिलौनों की दुकानें खाली पड़ी थीं। जब रविवार सुबह 10 बजे मेले के मैनेजमेंट ने स्टॉल मालिकों को बताया कि स्टॉल बंद रहेंगे, तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई।

## युवाओं ने सिस्टम के जिम्मेदारों को दिखाया आईना

### ●सेमराधनाथ मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान।

### छोटी कोशिश बड़ा बदलाव के तहत युवा कर रहे कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सरकार जहां स्वच्छता मिशन को लेकर स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतो को लाखों की रकम देकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की निर्देश देती है लेकिन स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही, मिलीभगत और खाना पूर्ति से सभी साफ सफाई केवल कागजो तक ही सीमित है और स्वच्छता मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। लेकिन इसी बीच कुछ ऐसे युवा समाजसेवी है जिन्होंने अपने कार्यो से सिस्टम को आईना दिखा रहे है।

ऐसा ही नजारा बीते 25 जनवरी से कई रविवार से जनपद के बिहरोजपुर, ज्ञानानन्द समेत कई गंगा घाटों और शिवालयों पर देखा जा रहा है जहां क्षेत्र के युवाओं की टीम छोटी कोशिश बड़ा बदलाव के माध्यम से साफ सफाई और स्वच्छता का बीड़ा उठाया है, इसमें अधिकतर युवा निजी विद्यालय के अध्यापक है। जिसमें और भी युवा इसमें शामिल होकर स्वच्छता की अनूठी मिशाल पेश कर रहे है। युवाओं की टीम रविवार को सेमराध नाथ मंदिर परिसर की साफ सफाई की, जहां परिसर में लगे हैंड पंप के आसपास गन्दगी का अम्बार था उसे साफ किया गया। मंदिर के पास बने नाला के ढक्कन की ठीक करते हुए साफ सफाई की गई और परिसर में जहां भी गन्दगी थी उसे साफ किया गया। युवाओं की इस लगन को देखकर लोगो ने खूब सराहना की। सेमराध नाथ परिसर की साफ सफाई करने वालों मे चंद्रशेखर विश्वकर्मा, अंकित पाण्डेय, लवकेश सिंह, अंशु मिश्रा और सुमित मिश्रा समेत कई दर्जन युवा शामिल थे।

## भिवानी में पूर्व बीडीसी चेयरमैन की जहरीले पदार्थ से मौत, जांच में जुटी पुलिस

**चरखी दादरी।** बौंद खंड के पूर्व बीडीसी चेयरमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने पीजीआइ रोहतक में शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान बौंद कलां निवासी करीब 50 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप परमार वर्ष 2005 से 2009 तक बौंद खंड में बीडीसी चेयरमैन रहे। बुधवार को भूलवश उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे बौंद कलां सीएचसी लेकर गए। लेकिन हालात गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बौंदकलां थाना पुलिस टीम पीजीआइ पहुंची और स्वजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजनों को सौंप दिया गया। बौंद कलां थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि मृतक के भाई ने बताया कि वह दवाई ले रहा था उसी दौरान भूलवश उसने जहरीला पदार्थ ले लिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयानों के आधार पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी पुलिस का अवैध दवा गोदाम पर छापा; 55 लाख की नशीली दवाएं जब्त

**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी के मेरठ पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है. छापेमारी के दौरान टीमों ने 55 लाख रुपये कीमत की प्रतिबंधित दवाएं बरामद की. इसके बाद पुलिस ने गोदाम मालिक को गिरफ्तार किया. पुलिस को गिरफ्तार आरोपी से बड़े नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद है. टीपीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में रविवार को सीओ ब्रह्मपुरी और टीपीनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर एक गोदाम में छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित और संदिग्ध दवाइयां बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 55 लाख रुपये आंकी जा रही हैं। भारी मात्रा में जखीरा बरामदः छापेमारी इतनी बड़ी थी कि बरामद दवाओं को ले जाने के लिए पुलिस को एक 'छोटा हाथी' (टाटा एस) वाहन का उपयोग करना पड़ा. इन दवाओं की आपूर्ति केवल मेरठ ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों में भी की जा रही थीं। पुलिस ने मौके से गोदाम मालिक तुषार गर्ग को गिरफ्तार किया है, जो ब्रह्मपुरी के माधवपुरम का निवासी है. बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है. पुलिस अब तुषार से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध धंधे के तार कहां-कहां जुड़े हैं और दवाओं की मुख्य सप्लाई चेन क्या हैं। मामले की गंभीरता और दवाओं की प्रकृति को देखते हुए नारकोटिक्स विभाग को भी जांच में शामिल किया गया है. टीम यह पता लगा रही है कि जब्त दवाओं में कौन सी साल्ट एनडीपीएस (NDPS) श्रेणी में आते हैं।

### यूपी एसआईआरः चौथी बार बढ़ाई गई समयसीमा, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

**ब्यूरो प्रयागराज** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार (6 फरवरी) को उत्तर प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की समयसीमा को चौथी बार बढ़ा दिया है.रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयोग ने राज्य में इस प्रक्रिया को 30 दिन का विस्तार दिया है, जिसके तहत अब 6 मार्च तक आपत्तियां और दावे दर्ज किए जा सकेंगे और अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का मसौदा, प्रारंभिक समय-सारणी के अनुसार 9 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 दिसंबर कर दिया गया.इसके बाद दूसरी बार समयसीमा बढ़ाई गई और मसौदा सूची 31 दिसंबर को प्रकाशित करने की बात कही गई. हालांकि इस प्रक्रिया के लिए 30 दिसंबर को तीसरी बार फिर समयसीमा बढ़ाई गई, जिसके तहत कहा गया था कि मसौदा सूची 6 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी और आपत्तियां और दावे 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दर्ज किए जाएंगे। पिछले महीने प्रकाशित मतदाता सूची के मसौदे में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल नहीं थे, जो राज्य के कुल मतदाताओं का लगभग 18.70% है.इस संबंध में शुक्रवार (6 फरवरी) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि अभी तक बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा मतदाता सूची में शामिल नहीं हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से अपना नाम सूची में शामिल कराने के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का आग्रह किया.उन्होंने कहा, 'हमारे पास अब एक महीना और है और हमने उन लोगों के लिए भी व्यवस्था की है जो इंटरनेट या तकनीक के बारे में ज्यादा नहीं जानते. मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे, सभी आवश्यक जानकारी वहां उपलब्ध होगी. फॉर्म 6, 7 और 8 भी उपलब्ध होंगे. जिन्हें भी इनकी आवश्यकता हो, वे इन्हें ले सकते हैं... हम सभी महिलाओं, युवाओं और शेष मतदाताओं से आगे आने का अनुरोध करते हैं।' गौरतलब है कि दिसंबर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने चल रहे एसआईआर में बड़ी संख्या में 'लापता' मतदाताओं की ओर इशारा करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि छूटे हुए मतदाताओं में से अधिकांश भाजपा वोटर्स हैं.इंडियन एक्सप्रेस ने उनके हवाले से कहा था, 'चार करोड़ मतदाता गायब हैं. ये आपके विरोधी नहीं हैं, बल्कि इनमें से 90% आपके ही मतदाता हैं।' उत्तर प्रदेश उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल है जहां वर्तमान में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, जिनमें पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे चुनाव वाले राज्य भी शामिल हैं.असम में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, लेकिन ये राज्य वर्तमान एसआईआर प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है और वहां केवल गहन संशोधन (एसआर) किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पश्चिम बंगाल में लगभग 58 लाख मतदाताओं (राज्य के कुल पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 7.6%) को पिछली मतदाता सूची से हटा दिया गया है.इसी तरह, केरल में 24.08 लाख मतदाताओं (राज्य के कुल मतदाताओं का 8%) को संशोधित मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया. जबकि तमिलनाडु में एसआईआर के तहत 97.3 लाख मतदाताओं को हटाया गया है।

## करछना समाधान दिवस में कुल 208 प्रकरण सुनवाई के लिए।, 11 का मौके पर किया गया निस्तारण

● पोषण अभियान के अन्तर्गत 3 महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का कराया अन्नप्राशन।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील करछना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा उनसे सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए पात्र लोगो को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील में पोषण अभियान के अन्तर्गत 3 महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीको के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर आए अखिलेश पुत्र गणेश शंकर निवासी ग्राम पतुलकी, तहसील करछना ने सहखातेदार के द्वारा प्रार्थी के हिस्से की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व थानाअध्यक्ष को संयुक्त रूप से प्रकरण की जांच करने तथा नियमानुसार समस्या के निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए है। रमेश कुमार पुत्र स्व0 भाईलाल निवासी ग्राम हिनौता महोरी के द्वारा अपनी भूमि पर किए गए निर्माण को गांव के कुछ लोगो के द्वारा अवैधानिक तरीके से गिराकर जबरदस्ती कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व थानाअध्यक्ष को संयुक्त रूप से प्रकरण की जांच करने तथा विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। उदयभान प्रताप सिंह निवासी ग्राम चांडी के द्वारा उनकी खरीदी गयी भूमि की खतौनी में अवैध रूप से दूसरे व्यक्ति का भी नाम दर्शाये जाने तथा गलत वरासत किए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को प्रकरण की जांच कराकर जिम्मेदार लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। ठाकुर प्रसाद निवासी मौजा पनासा उपरहार ने राजस्व निरीक्षक के द्वारा पत्थरगड़ी कराये जाने के कार्य में हीलाहवाली करने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व एसीपी को संयुक्त रूप से प्रकरण में विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार रामधन पुत्र मोहन लाल निवासी अकोढ़ा ने गांव के ही अपराधी किस्म के व्यक्ति के द्वारा उनकी भूमि पर जोताई-बुआई करने से रोके जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी से प्रकरण की जांच कराकर विधि अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

प्रार्थी संजीव कुमार निवासी ग्राम महोरी ने दबंगो के द्वारा गांव के सरकारी खलिहान एवं नवीन परती भूमि पर कराये गये अवैध निर्माण को हटाये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को सरकारी जमीन से अवैध कब्जा को हटवाकर सुरक्षित किए जाने के निर्देश दिए है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील करछना में कुल 208 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग व राजस्व न्यायालय से सम्बंधित 166 विकास विभाग की 08, पुलिस विभाग की 22, विद्युत विभाग की 08 व अन्य विभागों से सम्बंधित 04 शिकायतें थी, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्टेªट भारती मीना, सिटी मजिस्टेªट श्री विनोद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री जी0पी0 कुशवाहा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

● कब्जे से चोरी का कुल 72.5 फीट पावर केबिल व 07 माड्यूल फाइबर केबिल बरामद।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-58/26 धारा-305(ए)/331(4) भा0न्या0सं0 तथा मु0अ0सं0-60/26 धारा-303(2) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त राहुल शेख उर्फ कलीम शेख पुत्र बदरु जमाल उर्फ बबलू शेख उर्फ मिस्टर हाल पता फूलबाग थाना गोपीगंज जनपद भदोही उ0प्र0 व मूल निवासी ग्राम चचकी थाना पाकुड़ जनपद पाकुड़ राज्य झारखण्ड को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.02.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत कस्बा हण्डिया स्थित नलकूप कालोनी के पास से उपरोक्त दोनों मुकदमों में चोरी हुए कुल 72.5 फीट पावर केबिल व 07 माड्यूल फाइबर केबिल तथा घटना में प्रयुक्त 01 स्टील की आरी के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उपरोक्त दोनो मुकदमों में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा दिनांक-04.02.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ढेढ़ा गांव के पास रिलायन्स जियो कम्पनी के टावर की पावर केबिल तथा दिनांक-06.02.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ए0टी0 नगर के पास इण्डस टावर से 07 माड्यूल फाइबर केबिल व पावर केबिल चोरी की गयी थी जिसके सम्बंध मे थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-58/26 तथा मु0अ0सं0-60/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। धारा-305(ए)/331(4) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-317(2) भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया प्रयागराज।

थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से पीडिता/अपहृता सकुशल बरामद

**ब्यूरो प्रयागराज।** नबावगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-689/25 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल पटेल पुत्र स्व0 सुरेश कुमार पटेल निवासी काटी अखैवरपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना नबावगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.02.2026 को थाना नबावगंज क्षेत्रान्तर्गत भगौतीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया तथा साक्ष्य संकलन एवं पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(1) भा0न्या0सं0 व ड्पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## बीएसपी अकेली लड़ेगी यूपी विधानसभा चुनाव, मायावती ने कर दिया एलान, ब्राह्मणों को साथ लेकर चलेंगी

**ब्यूरो प्रयागराज** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को एक बार फिर ऐलान किया है कि उनकी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी. साथ ही उन्होंने कहा है कि पार्टी, ब्राह्मण समाज को साथ लेकर चुनाव लड़ेगी. पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को आयोजित बड़ी बैठक में मायावती ने मिशनरी कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने का ऐलान किया।

2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने बड़ी बैठक की. बसपा सुप्रीमो मायावती ने बैठक में साफ कर दिया कि वो अपने बूते पर आगामी यूपी विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी.मायावती ने एक बार फिर से सर्व समाज और सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से 2027 विधानसभा चुनाव में दमखम दिखाने का एलान कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी के एक प्रवक्ता ने आज सुबह ये बताया था कि यह बैठक मुख्य रूप से प्रदेश भर के विधानसभा क्षेत्र विधानसभा प्रभारी मंडल कोऑर्डिनेटरों को बुलाई गई और इसमें आगामी चुनाव को लेकर मायावती खुलकर अपना संदेश देंगी। आज की बैठक में मायावती ने पार्टी कैडर और कार्यकर्ताओं में जोश भरा. इसके साथ ही यूपी में बसपा की सरकार बनाने के लिए हुंकार भरी. हालांकि मायावती ने उन अटकलों पर विराम लगा दिया गया, जिसमें ये अंदेशा जताया जा रहा था कि वो चुनाव जीतने के लिए किसी पार्टी से गठजोड़ कर सकती हैं.इस तरह से मायावती आज ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी अकेले ही यूपी का चुनाव फतह करेगी।

## देश के 30 शहरों में पानी के लिए मचेगा हाहाकार; 16 करोड़ लोग पी रहे गंदा पानी

**ब्यूरो प्रयागराज।** जीवन के लिए पानी 'अमृत' समान है. यह लोगों की बुनियादी जरूरत है. शहरीकरण और औद्योगीकरण ने काफी हद तक इसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है. ग्राउंड वाटर लेवल भी साल दर साल नीचे जा रहा है. एक रिपोर्ट के अनुसार देश के 60 करोड़ लोग पानी की। किल्लत से जूझ रहे हैं जबकि 16 करोड़ लोग गंदा पानी पी रहे हैं। शुद्ध पानी के लिए सरकार करोड़ों-अरबों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. देश के करीब 9 राज्यों में पानी की गुणवत्ता खराब है. यहां नाइट्रेट, फ्लोराइड, क्रोमियम, मैंगनीज, आयरन, निकेल, कोबाल्ट जैसे तत्व मानक से अधिक पाए गए हैं. खराब पानी की वजह से काफी लोगों की मौत भी चुकी है. काफी लोग तमाम बीमारियों से जूझ रहे हैं।

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 जारी की. इसमें देशभर में ग्राउंड वाटर क्वालिटी का पता लगाने के लिए 2023 को बेस ईयर मानकर कुल 15,259 सैंपल इकट्ठा किए गए. साल 2024 में 5 हजार 368 स्टेशनों से ये नमूने लिए गए. इनमें से कुछ मानसून से पहले जबकि कुछ मानसून के बाद के थे।

इनकी जांच अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन में दिए गए स्टैंडर्ड तरीकों से कराई गई. जांच के पीछे का मकसद पीने और खेती के लिए इस्तेमाल होने पानी की गुणवत्ता को अलग-अलग पैरामीटर पर परखना था. जांच में कई राज्यों के पेयजल शुद्ध पाए गए जबकि कई स्टेट में ये काफी प्रदूषित मिले।

जांच में अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय और जम्मू कश्मीर के 100% नमूने ब्हृस (भारतीय मानक ब्यूरो ) के अनुरूप पाए गए. यानी यहां का पानी पूरी तरह शुद्ध है. लिहाजा ये पीने और फसलों की सिंचाई के लिए काफी उपयुक्त है. यहां के लोगों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों को लेकर फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं है। कम आबादी और कम औद्योगीकरण के कारण यहां पानी की गुणवत्ता ठीक है. इन राज्यों में इंडस्ट्रियल कचरे और शहरी प्रदूषण का दबाव कम है. मानसून में होने वाली ज्यादा बारिश सतह और ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने में मदद करती है. यहां सीमित खेती होती है. मतलब फर्टिलाइजर/पेस्टीसाइड का प्रयोग कम किया जाता है।

राजस्थान, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में नाइट्रेट मानक से अधिक पाया गया. लवणता (Salinity) भी ज्यादा मिली. पूर्वी राज्य यानी असम, मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैंड, सिक्किम आदि और उत्तर-पूर्वी राज्यों में आयरन, मैंगनीज और आर्सेनिक पाए गए हैं. कुल 9 राज्यों में पानी की गुणवत्ता खराब है।

राजस्थान, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में नाइट्रेट मानक से अधिक पाया गया. लवणता (Salinity) भी ज्यादा मिली. पूर्वी राज्य यानी असम, मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैंड, सिक्किम आदि और उत्तर-पूर्वी राज्यों में आयरन, मैंगनीज और आर्सेनिक पाए गए हैं. कुल 9 राज्यों में पानी की गुणवत्ता खराब है।

25% स्टेशन (जहां से नमून लिए गए थे) ब्हृस के मानकों पर खरे नहीं उतरे. मतलब यहां पानी की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई. सैंपलों की जांच में बड़ी चिंताएं सामने आई. ग्राउंड वाटर में नाइट्रेट, फ्लोराइड और EC (Electrical Conductivity) की मात्रा ज्यादा मिली. करीब 20.7% सैंपल में नाइट्रेट तय मानक से ज्यादा पाए गए. 8.05% सैंपल में फ्लोराइड का स्तर ज्यादा मिला। लगभग 20.7% सैंपल नाइट्रेट की तय लिमिट से ज्यादा थे, जबकि 8.05% सैंपल में फ्लोराइड का लेवल मानक से ज्यादा था. 7.23% सैंपल श्चष्ट से दूषित पाए गए. राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में नेचुरल हाइड्रोकेमिकल प्रोसेस की वजह से क्लोराइड सांद्रता (Concentration) ज्यादा है।

### डाक्टर राजेन्द्र कुमारी बाजपेई राजनीति में सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थीं- आजाद

देश-प्रदेश के विकास में अविस्मरणीय योगदान है।



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज सहसो क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राज्यपाल स्व डा राजेन्द्र कुमारी बाजपेई प्रतिमा पे माल्यार्पण कर उनके जीवन कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद त्रिपाठी आजाद ने कहा कि डाक्टर बाजपेई जी राजनीति में सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थीं, उन्होंने इलाहाबाद के विकास में बहुत योगदान दिया था। जिसका जिता-जागता उदाहरण है कि उनकी तिसरी पीढ़ी हर्षवर्धन बाजपेई विधायक के रूप में नेतृत्व कर उनके विकास रथ कों आगे बढ़ा रहे हैं। बैठक में जयप्रकाश द्विवेदी आनन्द मिश्रा, बेदमणि तिवारी,अजीत पाण्डेय, भूपेंद्र मिश्रा पप्पू अमन मिश्रा, दीपू मिश्रा, सन्तोष मिश्र आदि ने माल्यार्पण किया।

## सामाजिक सेवा संस्थान पुनः गंगा स्वच्छता अभियान मे जुटी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** माघ मेला वर्ष - 2026 की समाप्ति पर 'सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल घाट पर पुनः गंगा स्वच्छता अभियान मे जुटे। रविवार को कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में अरैल गंगा तट पर जन जागरण अभियान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि लोग गंगा में स्नान करने आते हैं, पॉलिथीन सहित गंदगी डालकर चले जाते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। मां गंगा के आंचल को साफ सुथरा रखना चाहिए।संस्था पदाधिकारी प्रियांशु उपाध्याय ने कहा कि जो गंदगी करते हैं, उन्हीं को साफ सफाई भी गंगा, यमुना एवं सरस्वती के तट पर रखने का कर्तव्य निभाना चाहिए। क्योंकि गंगा हमारी संस्कृति एवं धरोहर है। जब हम जागरूक होंगे, तभी साफ सफाई तटों पर दिखाई पड़ेगी।प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि जिस तरह से मेला प्रशासन मेले की शुरुआत में घाटों पर साफ सफाई करवाती है, उसी प्रकार से मेला समाप्ति के पश्चात् भी संपूर्ण घाटों को साफ सुथरा करवा कर ही छोड़ना चाहिए। जिससे तटो पर साफ सफाई विद्यमान रहे।

कार्यक्रम में सर्वश्री धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, आत्म प्रकाश यादव, डॉ. एस. बी. यादव, संदीप केसरवानी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, विनोद गुरानी, नीरज पांडेय, प्रियांशु उपाध्याय, इंदु प्रकाश सिंह, शैलेंद्र पाल, पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## प्रेप ग्रेजुएशन समारोह एवं क्वेस्ट जूनियर(विज्ञान उत्सव) मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रेप ग्रेजुएशन समारोह एवं क्वेस्ट जूनियर(विज्ञान उत्सव) बड़े जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया।जिसमें प्रेप के छात्रों को औपचारिक स्कूली छात्र बनने की राह दिखाई गई। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सरिता खंडाका (विभागाध्यक्ष,भौतिकी विभाग सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय) एवं प्रो. अशोक कुमार पाठक (विभागाध्यक्ष,भौतिकी विभाग इविंग क्रिश्चियन कॉलेज इलाहाबाद विश्वविद्यालय), स्कूल की अध्यक्षा सुश्री सोनू सिंह ,प्रिंसिपल डॉ. सुजाता सिंह, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अभिभावक गण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस अवसर का उद्देश्य नन्हें छात्र- छात्राओं की उपलब्धियों को मंच पर लाना एवं उनकी सराहना करना था । मुख्य अतिथि ने बाल वैज्ञानिकों और उनकी उपलब्धियों को इतने भव्य तरीके से प्रोत्साहित करने की स्कूल की शानदार पहल की सराहना की, और प्रिंसिपल डॉ. सुजाता सिंह ने आगन्तुकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए 'कक्षा से परे सीखने' और 'अनुभवात्मक शिक्षा' के विचार पर ज़ोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि क्वेस्ट जूनियर निश्चित रूप से नन्हे मुन्ने बच्चों की जिज्ञासा को पोषित करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य के नेता और अग्रणी बनेंगे। क्वेस्ट जूनियर 2026, एक उल्लासपूर्ण जूनियर स्कूल विज्ञान उत्सव का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में टीमवर्क, आलोचनात्मक सोच और दृढ़ता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण मूल्यों को विकसित करना था। कैंपस विभिन्न इंटरैक्टिव ज़ोन में ऊर्जा से गूंज उठा, जिसमें 'द एक्सपेरिमेंटेरियम' शामिल था, जहाँ छात्रों ने जटिल अवधारणाओं का पता लगाया और समझाया। 'नेचुरेक्स,' जिसने एक हरित दुनिया के लिए भावी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। 'हाइड्रो हब' जल प्रदर्शनियों से लेकर 'इनोवेटर शोकेस' तक, उत्सव ने बाल वैज्ञानिकों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण का केंद्र 'टाइनी स्टार्स परेड' और 'न्यूट्रिशन स्टेशन' रहे। माता-पिता और शिक्षकों की आपसी सराहना और भागीदारी के साथ भव्य कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## कृषि विभाग द्वारा आयोजित 05 दिवसीय विराट किसान मेले के तृतीय दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** निदेशक रहमानखेड़ा की अध्यक्षता में 5 दिवसीय विराट किसान मेला, माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर-3 में स्थित गंगा पंडाल, प्रयागराज में आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन, सोलर पम्प, ड्रोन एवं विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया, डेयरी विभाग, उद्यान विभाग एवं विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा 40 से अधिक मेले में स्टाल लगाये गये जिसका मुख्य अतिथियो द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, रहमानखेड़ा उ0प्र0 लखनऊ थे।

निदेशक ने फसल प्रबन्धन पर चर्चा करते हुए बताया कि फसलों की अच्छी वृद्धि, विकास एवं अच्छे उत्पादन के लिए एकीकृत फसल प्रबन्धन अति आवश्यक है। जिसके माध्यम से एक उद्यम का बचा हुआ अवशेष अगले उद्यम के लिए संसाधन बन जाता है। खेती में पशुपालन, बकरी पालन, भेड़ पालन आदि को शामिल करने से एक तरफ किसान की आय में वृद्धि होती है वहीं दूसरी तरफ उनका अपशिष्ट खाद के रूप में उपयोग में लाया जाता है। जो रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता को कम करता है एवं खाद्यान्न की गुणवत्ता को सुधारता है। कृषकों को गन्ने की खेती के साथ उर्द-मूंग की समेकित खेती से गन्ने एवं सहयोगी फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है। सिंचाई में सिंचाई की लागत को कम करने एवं समुचित जल प्रबन्धन के लिए स्प्रिंगकलर सिंचाई का उपयोग करने से फसलोत्पादन में वृद्धि होती है। विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से टोकन विधि से कृषकों को अनुदानित कृषि यंत्रों का वितरण किया जाता है। जिसकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाती है। फसल चक्र परिवर्तन एवं हरी खाद का उपयोग करने से मृदा में पोषक तत्व की कमी को पूरा किया जा सकता है। समय से फसलों की बुवाई, सिंचाई एवं पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति करने के लिए उर्वरकों का प्रयोग एवं समुचित मशीनरी के उपयोग से उत्पादकता में वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।




डा0 निमिषा नटराजन, कृषि वैज्ञानिक शुआट्स, नैनी, प्रयागराज ने मोटे अनाज और पोषण के बारे में कृषकों को अवगत कराया कि मोटे अनाजों के प्रयोग से शरीर में होने वाली पोषक तत्वों की कमी को पूर्ण किया जा सकता है। मोटे अनाज प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेड, वसा, पोषक तत्व, विटामिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। डा0 आशीष श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि प्शुपालन को कृषि में अपनाने से कृषकों की आय में वृद्धि होती है, अपशिष्टों को फसलों में कार्बनिक रासायन के तौर पर मिट्टी में उपयोग करने से जीवांशों की संख्या में वृद्धि होती है जिससे मृदा उर्वरता में वृद्धि होती है। देशी नश्ल के गौवंश के दूध की गुणवत्ता विदेशी नश्ल की गायों की अपेक्षा अधिक होती है।

उप कृषि निदेशक, बीज उत्पादन एवं अन्य उत्पादों को कृषक उत्पादक संगठनों के माध्यम से बेचकर कृषक बन्धु अपने उत्पादन का सही मूल्य प्राप्त कर सकते है। मेले का उद्देश्य कृषि विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों में संचालित होने वाली समस्त योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी को कृषकों के मध्य साझा करना है। अन्त में सभी कृषक बन्धुओं से निवेदन किया कि सभी कृषक भाई फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करायें जिससे उन्हें कृषि से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिलता रहे। यौगिक खेती की अनूठी पद्धति के बारे में चर्चा की जो जैविक खेती को ध्यान के साथ जोड़ती है। फसलों को प्राकृतिक खाद देने के साथ-साथ मानसिक ऊर्जा दी जाती है जिससे बीजों की जमाव शक्ति एवं फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। साथ ही यह रासायन मुक्त और सात्विक उत्पादन को बढ़ावा देती है। संयुक्त कृषि निदेशक, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा किसान मेले में कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में पोषक तत्व प्रबन्धन, फसल स्वास्थ्य प्रबन्धन के बारे में चर्चा की गयी।

## सभी पात्रों तक पंहुचना चाहिए योजनाओं का लाभ, राजमणि कोल

● प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव विकास खंड मुख्यालय कोरांव पर शानिवार को ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2के अंतर्गत आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।

इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी पारदर्शिता और संवेदनशील के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। आकांक्षी ल्बाक कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के समय विकास को गति देना है। स्वास्थ्य शिक्षा, पोषण पशुपालन कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी जन -जन तक पहुंचाकर ही विकास की वास्तविक तस्वीर सामने लाई जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की योजना ओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य शिक्षा पशुधन, एवं बाल विकास, पंचायत, कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टील लगाएं गए।इन स्टोंलों के माध्यम से लाभार्थियों को आयुष्मान भारत



योजना, टीकाकरण, पोषण अभियान छात्रवृत्ति, पेंशन योजनाएं पशुपालन से जुड़ी सुविधा ओं सहित अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बेहतर कार्य करने वाले विभागीय कार्मिकों को विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।बी डीओ मनोज कुमार सिंह,एडीओ पंचायत विवेक कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर केबी सिंह और संतर बिंद आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बरियट्ठा सड़क किनारे मिला अज्ञात विक्षिप्त महिला का शव

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- रविवार की सुबह बरियट्ठा सड़क के किनारे ग्रामीणों ने एक विक्षिप्त महिला का शव पड़ा हुआ देखा। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी बरही थाना को दी। सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि मृत महिला के आसपास कोई परिचित या पहचान से जुड़ा व्यक्ति मौजूद नहीं था। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ करने पर भी महिला की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर शव को हजारीबाग स्थित मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार महिला के शव को अगले 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि यदि कोई परिजन पहचान के लिए सामने आता है तो शव सौंपा जा सके। निर्धारित समय सीमा के बाद विधि-विधान के साथ महिला का अंतिम संस्कार किया जाएगा।पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

### भोपाल रेफर, चालक पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम नैनारा पुलिया के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने सामने जा रहे बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम नैनारा निवासी शिवलाल पुत्र देवरीलाल 30 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू.पी.94 ए.सी. 0711 से महरौनी से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह नैनारा पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल यू.पी. 91 एस 9773 के चालक मोहल्ला नेहरू नगर निवासी दीपक कुमार पुत्र पूरे सिंह ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर रेफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया, जहां पीड़ित का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) और 324(4) के तहत केस दर्ज किया है।

## इंस्टाग्राम चैट से ब्लैकमेलिंग तक

### छात्रा को धमकाने का आरोप, नामजद युवक पर एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा को सोशल मीडिया के जरिए ब्लैकमेल करने, पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी स्थानीय कॉलेज में पढ़ाई करती है। इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से एक युवक ने बातचीत शुरू की और इसी दौरान कथित तौर पर छात्रा की कुछ तस्वीरें अपने मोबाइल में ले लीं। बाद में जब छात्रा ने बात करने से मना किया तो आरोपी ने तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को दबाव में लेने की कोशिश की। शिकायत में आरोप है कि आरोपी छात्रा का कॉलेज और ट्यूशन जाते समय पीछा करता, रास्ते में रोककर धमकाया और परिवार पर शादी का दबाव बनाता रहा। इतना ही नहीं, उसने तस्वीरें रिश्तेदारों और मोहल्ले वालों को भेजने तथा वीडियो-फोटो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने शादी न होने पर पेट्रोल डालकर जलाने या गोली मारने जैसी गंभीर धमकियां भी दीं। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि 6 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे जब शिकायतकर्ता अपनी बेटी के साथ कचहरी चौराहे से रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तब आरोपी ने पीछा कर पुलिस की मदद लेने पर जान से मारने की धमकी दी और छात्रा का भविष्य खराब करने की बात कही। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 78 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

# बरही की धरती पर पहली बार होगा बिजनेस कॉन्क्लेव, व्यापारियों को मिलेंगे बिजनेस के नए आइडिया

### ●क्या आप भी अपने बिजनेस को देना चाहते हैं नई पहचान? विशेषज्ञ बताएंगे सफलता के नए मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- बरही की धरती पर पहली बार भव्य बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन होने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों, उद्यमियों और युवा स्टार्टअप्स को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम 09 फरवरी, सोमवार को बरही बुलॉक स्थित बरही टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों का स्वागत किया जाएगा। कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और उद्योग जगत से जुड़े वक्ता अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक मृत्युंजय शर्मा होंगे।




इसके साथ ही प्रमुख वक्ताओं में बिजनेस कंसल्टेंट पंकज सोनी, सीए कंसल्टेंट अभिषेक कुमार (रांची), प्रसिद्ध व्यवसायी आशीष कुमार तथा बिजनेस एडवाइजर रंजीत चंद्रवंशी शामिल रहेंगे, जो आधुनिक बिजनेस मॉडल, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों और नए निवेश अवसरों पर विस्तार से जानकारी देंगे। इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य बरही जैसे छोटे शहरों में व्यापार की अपार संभावनाओं को पहचान दिलाना और स्थानीय व्यापारियों को नए युग की तकनीकों व योजनाओं से जोड़ना है। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से व्यापारियों को अपने व्यवसाय के विस्तार, बेहतर प्रबंधन और प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में मजबूत पहचान बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह आयोजन बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि बरही जैसे छोटे शहरों में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत है सही मार्गदर्शन और आधुनिक जानकारी की। इस बिजनेस कॉन्क्लेव के माध्यम से हम स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को ऐसे विशेषज्ञों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जो उन्हें नए अवसरों की पहचान कराने और अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कॉन्क्लेव क्षेत्र में उद्यमिता और व्यावसायिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## मानसरोवर के पुनरुद्धार की यात्रा निरंतर जारी

**तालबेहट।** बुंदेलखंड का विशाल एवं ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटने लगा है। लगभग 650 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस तालाब के पुनरुद्धार के लिए प्रकृति रक्षकों द्वारा नगर पंचायत के सहयोग से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। तालाब से गाद और जलकुंभी हटाने का कार्य इंसानी श्रम के साथ-साथ मशीनों की मदद से किया गया। लंबे समय से तालाब में फैले बड़े-बड़े खरपतवार और अतिक्रमणकारी पौधों को भी मशीनों के माध्यम से निकाला गया, जिसका वजन टनों में बताया जा रहा है। इन पौधों के कारण तालाब का जल क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा था। प्रकृति रक्षकों ने आमजन से अपील की है कि इस पुनीत अभियान से जुड़ें और तालाब में किसी भी प्रकार की प्लास्टिक सामग्री या पूजन सामग्री न डालें। उन्होंने कहा कि जब हमारे जलस्रोत शुद्ध, साफ और स्वच्छ रहेंगे, तभी स्वस्थ और बेहतर जीवन की कल्पना संभव हो सकेगी।

# कोलहरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः**- जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के तत्वाधान में रविवार को नारायणपुर प्रखंड के कोलहरिया में पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित पीएलवी ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने और ज़रूरतमंदों तक सही जानकारी पहुँचाने की अपील की गई।

### मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी

पीएलवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा द्वारा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही, पात्र व्यक्तियों को उपयुक्त योजनाओं का लाभ दिलाने की भी



व्यवस्था है।

### बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर

शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह जैसे सामाजिक अपराध के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है और इसकी जानकारी मिलते ही इसका विरोध और रोकथाम आवश्यक है। ग्रामीणों से कहा गया कि वे स्वयं जागरूक रहें और समाज में भी जागरूकता फैलाएँ, तभी वे अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग कर पाएँगे।

# किड्स कैंपस जॉन स्कूल व सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल हुए पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

### ●शिक्षा ही समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है- मुन्ना सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः**-पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह रविवार को कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ढेंगुरा पंचायत स्थित किड्स कैंपस जॉन स्कूल तथा गदोखर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। किड्स कैंपस जॉन स्कूल में आयोजित समारोह के दौरान विद्यालय



परिवार द्वारा मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ढेंगुरा पंचायत के उप-मुखिया गुलाम सरवर और दिलशाद जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने सिटी पब्लिक स्कूल, गदोखर में आयोजित वार्षिक समारोह में भाग लिया, जहां कार्यक्रम के संचालक सालिक जफर ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर सिंह का सम्मान किया। इस अवसर पर मिस्टर खान, गुलाम जी, साबिर जी और नौशाद खान सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और जिम्मेदार नागरिक निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेवा सप्ताह के समापन पर बरही खंड में पारिवारिक सेवा मिलन समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- नर सेवा नारायण सेवा। व्यक्ति-व्यक्ति में राष्ट्र चेतना जगाना, तन-मन में संस्कार भरना ही सच्ची साधना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के इस विचार को आत्मसात करते हुए संघ एवं संघ विचार परिवार से जुड़े सेवा समूह बीते सौ वर्षों से निरंतर सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं। यह बातें क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने कही। उन्होंने बताया कि संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जन्मशताब्दी वर्ष 1989-90 से सेवा विभाग एवं सेवा समूह के 10 संगठन तथा हजारों न्यास देशभर में वंचित, पीड़ित, उपेक्षित एवं अभावग्रस्त समाजबंधुओं के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में संस्कार निर्माण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहे हैं। झारखंड प्रांत की योजना के अनुसार 2 फरवरी 2026 से 8 फरवरी 2026 तक सेवा सप्ताह का



आयोजन किया गया, जो व्यावसायी शाखाओं के स्वयंसेवकों के माध्यम से सफलतापूर्वक संचालित हुआ।इसी क्रम में सेवा सप्ताह के सप्तम एवं समापन दिवस पर रविवार को भामाशाह विद्यामंदिर सभागार में बरही खंड का पारिवारिक सेवा मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह चार घंटे का कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चला। समारोह में डॉ. हेडगेवार आगासे स्मृति सेवा न्यास के अंतर्गत संचालित 5 संस्कार केंद्र, विद्या भारती के 2 सरस्वती संस्कार केंद्र, एकल अभियान के 2 एकल विद्यालय तथा सेवा क्षेत्र में दायित्वधारी कार्यकर्ताओं और सेवा भावी दंपतियों की सहभागिता रही। खंड सेवा प्रमुख राजू कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस पारिवारिक सेवा मिलन में 63 मातृशक्ति, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा कार्यों से जुड़े परिवारों के बीच आपसी समन्वय, अनुभव साझा करना और सेवा भाव को और अधिक सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर खंड कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेन्द्र केशरी, बसंत सिंह, भामाशाह विद्यामंदिर के प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय, प्रिंस रविशंकर, सोमनाथ कुमार, नितेश कुमार, योगेश्वर साव, सुरेन्द्र कुमार, अरुण झा सहित अन्य बंधु-भगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## थानागांव-वनगुंवा के ग्रामीणों ने मांगा रास्ता

### बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने डीएम से लगाई गुहार

**तालबेहट।** सेना क्षेत्र से सटे ग्राम वनगुंवा कलां व थानागांव के मजरों को जाने वाला रास्ता सैन्य अधिकारियों द्वारा तारबंदी कर बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों को अपनी भूमि व घरी तक आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज पटैरिया ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी सत्यप्रकाश से मिले और समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1962-65 के दौरान राजस्व विभाग द्वारा की गई नापजोख के बाद एमईएस व ग्राम सभा की सीमाएं चिन्हित की गई थीं। इसके बाद से दर्जनों ग्रामीण परिवार उक्त मजरों में निवास करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में सेना द्वारा की गई तारबंदी से उनका पारंपरिक रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे खेती-बाड़ी और दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से रास्ता खुलवाने की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चे की मौत, ग्राम पंचायत की बैठक में मुआवज़े पर सहमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः**- नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांकुडीह पंचायत के बांका गांव में शनिवार दोपहर एक दुखद घटना हुई, जहां ट्रैक्टर से दबकर एक पाँच वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। बताया गया कि बांका गांव के निवासी कटी हेंब्रम का पुत्र आकाश हेंब्रम ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल, जामताड़ा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ग्राम पंचायत की बैठक में मुआवज़े पर बनी सहमति

दुर्घटना के संबंध में रविवार को बांका गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई। विचार-विमर्श के बाद यह सहमति बनी कि ट्रैक्टर मालिक—जो कि चिरुडीह गांव के निवासी हैं—दुःखद घटना के मद्देनज़र मृतक के



परिजनों को ढाई लाख रुपये मुआवज़ा देंगे। बैठक लंबी चली, जिसके बाद एक सहमति समिति बनाई गई। हालांकि घटना के संबंध में नारायणपुर थाना को लिखित शिकायत नहीं दी गई है, लेकिन पुलिस मामले से अवगत है।

### परिजनों पर दुखों का पहाड़

आकाश हेंब्रम तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से परिजन बदहवास हैं और गांव में मातम पसरा हुआ है। समाचार भेजे जाने तक ट्रैक्टर गांव में ही खड़ा था और जामताड़ा अस्पताल से बच्चे के शव को लाने की प्रक्रिया जारी थी।

# समाज संगठन से ही राष्ट्र परम वैभव की ओर बढ़ेगा - डॉ. कृष्ण गोपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में लोहिया कला भवन में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की तथा शाखा व्यवस्था के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण और समाज संगठन का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को ज्ञान, शिक्षा, अंक प्रणाली, संगीत तथा श्रेष्ठ पारिवारिक व्यवस्था जैसे अनेक आदर्श दिए, किंतु सामाजिक असंगठन और आपसी भेदभाव के कारण देश को लंबे समय तक पराधीनता का सामना करना पड़ा। संघ का सतत प्रयास समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक समरसता स्थापित करना और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करना है। डॉ. कृष्ण गोपाल ने बताया कि वर्तमान में देशभर में लगभग 90 हजार से अधिक शाखाएँ संचालित हो रही हैं तथा हजारों



स्थानों पर साप्ताहिक मिलन नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का उद्देश्य किसी राजनीतिक सत्ता को प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को संगठित कर राष्ट्र को पुनः गौरवशाली बनाना है। विभिन्न कालखंडों में लगे प्रतिबंधों के बावजूद संघ का सेवा और संगठन का कार्य निरंतर आगे बढ़ता रहा है।

उन्होंने स्वदेशी भावना, पर्यावरण संरक्षण, परिवार संवाद, संस्कारयुक्त शिक्षा तथा मातृभाषा और संस्कृति के सम्मान पर विशेष बल देते हुए कहा कि चरित्रवान और सेवाभावी नागरिक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची शक्ति हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक बोरा ने की। प्रस्ताविकी डॉ. अरविंद सिंह (प्राचार्य, शिवपति महाविद्यालय एवं प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख) ने रखी तथा संचालन जिला प्रचार प्रमुख अभय सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक रमेश , सह प्रांत प्रचारक सुरजीत , विभाग प्रचारक राजीव नयन, जिला प्रचारक विशाल, जिला प्रचारक अवनीश, विभाग कार्यवाह शिवमूर्ति, सह विभाग कार्यवाह हरिश्चंद्र, जिला संघचालक गोकुल, सह नगर संघचालक मुरलीधर, विभाग समरसता प्रमुख शंभू गुप्ता, प्रांत मंत्री सेवा भारती दिवाकर विक्रम सिंह, खंड संचालक राजेश त्रिपाठी, जिला कार्यवाह शिवेंद्र, सह जिला कार्यवाह मनोज, नगर प्रचारक अरुणेश, नगर प्रचार प्रमुख रुपेश, योगेश जिला बौद्धिक प्रमुख मातृशक्ति प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा, मुरलीधरअग्रहरी, प्रधानाचार्या उमा, कविता सहित संतोष, दुर्गेश, आनंद, अभिषेक, पंकज, राजन, सुजीत, संतोष सिंह, अखिलेश, वाचस्पति तथा विभिन्न क्षेत्रों के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# ओबरा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की सजीव झांकी देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पांडाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)**- 08 फरवरी, 2026 ओबरा के श्री राम नगर स्थित ? श्री सदाशिव महादेव मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठवें दिन शनिवार को भक्ति का सागर उमड़ पड़ा। भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलों की वर्षा के बीच पूरा क्षेत्र जय श्री कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान रहा। कथा व्यास माधवाचार्य पं. महेशदेव पांडेय जी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि रुक्मिणी जी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और भगवान श्रीकृष्ण नारायण हैं। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी-कृष्ण विवाह केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि जीवात्मा का परमात्मा से मिलन का प्रतीक है। व्यास जी ने महारास, मथुरा गमन और रुक्मिणी हरण के प्रसंगों का सजीव चित्रण किया। विशेष रूप से रुक्मिणी जी द्वारा




भगवान को लिखे गए सात श्लोकों के प्रेम पत्र का वर्णन सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे। उन्होंने समझाया कि जब भक्त सच्चे मन से पुकारता है, तो भगवान स्वयं उसे अपनाने के लिए दौड़े चले आते हैं। विवाह प्रसंग के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी की सजीव झांकी सामने आई, श्रद्धालु भक्ति में झूमने लगे। मुख्य यजमान पं. प्रमोद चौबे और उनकी धर्मपत्नी ने कन्यादान की रस्म पूरी कर द्वारकाधीश का पूजन किया। महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। पूरे पंडाल में फूलों की वर्षा की गई और भक्तों ने नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर की। प्रातः कालीन बेला में भगवान की शोभायात्रा ओबरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली गई। ? श्री सदाशिव परिवार और श्री राधा रानी की टोली गीता मंदिर, शीतला माता मंदिर, हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर और गायत्री मंदिर होते हुए वापस मुख्य मंदिर पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए और महिलाएं भक्ति भाव में नृत्य करती नजर आई। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया। व्यास जी ने बताया कि रविवार को कथा का विश्राम दिवस होगा, जिसमें मित्रता की मिसाल पेश करने वाले सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया जाएगा।

# पटपुरा स्टैंड पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने युवक को मारी टक्कर

### ●घोड़े की मौके पर मौत, युवक गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पटपुरा स्टैंड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साथ चल रहा घोड़ा मौके पर ही मर गया। घटना 6 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गनगौरा निवासी मंगल पुत्र गज्जू सेन ने पुलिस को बताया कि उसका चचेरा भाई रवि पुत्र चुन्नीलाल सेन अपने गांव से पटपुरा बारात के लिए घोड़ा लेकर जा रहा था। इसी दौरान राजघाट की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन संख्या एम.पी. 67 बी 0221 ने पटपुरा स्टैंड पर पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रवि को गंभीर चोटें आई और घोड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन घायल रवि को तत्काल जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे पहले झांसी और बाद में ग्वालियर रेफर किया गया। एफआईआर में उल्लेख है कि रवि की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है, जिससे परिजन काफी परेशान हैं। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 325 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल वाहन चालक की पहचान अज्ञात बताई गई है।

# पतंजलि योग समिति का 12वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न, पत्रकार, शिक्षक, डॉक्टर, वकील, व्यवसायी के साथ ही योग साधकों को किया गया सम्मानित

### ●सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री तथा कार्यकारीणी सदस्यों को किया गया सम्मानित

### करें योग, रहें निरोग, स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं का लें संकल्प- दुर्गेश योगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- पतंजलि योग परिवार सोनभद्र द्वारा प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी सोनभद्र बार सभागार नियमित योग कक्षा का 12 वां वार्षिकोत्सव व सोनभद्र बार एसोसिएशन नई कार्यकारिणी सम्मान समारोह रविवार प्रातः कालीन योग कक्षा के पश्चात पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के कुशल मार्गदर्शक ,संरक्षक, संयोजक के मार्गदर्शन व पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनाया गया। मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी तथा विशिष्ट अतिथि एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा व राज्य कार्यकारिणी सदस्य धीरज तथा मुकेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष/संरक्षक



रमेश राम पाठक द्वारा की गई। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। दयानंद मौर्य , बहन पूनम व सावित्री द्वारा सुंदर योग गीत/स्वागत गीत/सूरज चौबे ,अनिल चौरसिया, संकट मोचन द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि का सम्मान बार के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि के द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद मिश्रा व कार्यकारिणी सदस्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता गण को अंगवस्त्र तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। योग को जन-जन तक पहुंचाने में सोनभद्र की मीडिया भाइयों में वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार पाठक का सम्मान राज्य प्रभारी व सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अंगवस्त्र व पुस्तक देकर किया गया। राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी द्वारा करें योग , रहें निरोग, स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं का संकल्प दिलाया गया। जिले व तहसील के पदाधिकारी के साथ संगठनात्मक बैठक कर मनोज कुमार सिंह को पतंजलि योग समिति का जिला संरक्षक तथा दिनेश कुमार पाठक को पतंजलि का जिला सह प्रभारी का दायित्व दिया गया। युवा भारत का तहसील प्रभारी वैभव शर्मा, राम पूजन, सूरज चौबे, हेमंत कुमार को बनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, युवा भारत जिला प्रभारी मयंक दुबे, किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव, महामंत्री विनोद कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय,नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव ,नगर संरक्षक शेष मणी तिवारी, शिवपूजन झा ,रामकुमार त्रिपाठी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, राजाराम ,राम नारायण गुप्ता, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी बहन पल्लवी, पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह ,अमरनाथ मिश्रा , वरिष्ठ अधिवक्ता शेष नारायण दीक्षित,पूर्व महामंत्री राजीव सिंह गौतम, विनोद शुक्ला, पूनम सावित्री, इंदु, नीतू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश कुमार पांडेय, विवेक कुमार पांडेय, गीता गौर, कीर्ति पांडेय , दिव्या सिंह,वर्षा त्रिपाठी,कंचन सहित तहसीलों दुद्धी, ओबरा ,घोरावल ,रॉबर्ट्सगंज के पदाधिकारी व योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार श्रीवास्तव व अरुण कुमार यादव द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार के विरुद्ध एफआईआर पर जताया विरोध



**कोंच(जालौन)**- डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई कोंच की मासिक बैठक रविवार को स्थानीय सरोजिनी नायडू पार्क में अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें एक पत्रकार द्वारा चैनल पर एक खबर प्रकाशित करने पर उस पत्रकार के विरुद्ध उरई विधानसभा के एक जनप्रतिनिधि द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने की निंदा की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई, तदोपरांत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार साथी नितिन याज्ञिक के विरुद्ध उरई में दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल पत्रकारों ने एक सुर में इसकी निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया। पत्रकारों ने कहा कि इस मामले में संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज राजा के निर्णय और नेतृत्व में कोंच तहसील इकाई के सभी पत्रकार साथी कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, पत्रकारों के उत्पीड़न का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री राजेंद्र यादव ने किया। इस दौरान तहसील इकाई के समस्त पदाधिकारी, सदस्य सहित पत्रकारगण मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग किसान की मौत

**उरई(जालौन)**- चुर्खी थाना क्षेत्र के अटराकलां गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में 75 वर्षीय किसान आसाराम निवासी अटराकला, की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसाराम रोजाना की तरह सुबह अपनी मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चुर्खी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर अपने कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक किसान के परिजनों में घटना के बाद कोहराम मच गया। परिजनों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, ट्रैक्टर चालक की पहचान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्याज से लदी पिकअप पलटी, युवक की मौके पर मौत




**मजदूरी कर घर लौट रहे युवक को कुचल गई अनियंत्रित गाड़ी**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौरा खुर्द स्थित पम्प के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्याज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र बारेलाल, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसाई के रूप में हुई है। बताया गया है कि श्रीराम मजदूरी का काम कर देर रात अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मसोरा खुर्द पंप के पास प्याज से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल पिकअप चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बोर्ड बैठक में निंदा प्रस्ताव के बाद ईओ जुटी डैमेज कंट्रोल में

**●आरआई एवं सभासद प्रतिनिधि के बीच का ऑडियो हुआ वायरल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- बोर्ड मीटिंग में आए निंदा प्रस्ताव के बाद ईओ डैमेज कंट्रोल में जुट गई हैं। हालांकि ईओ ने यह कह कर कि एक सभासद ने अन्य सभासदों के फर्जी नाम से निंदा प्रस्ताव का लैटर दिया था और अन्य सभासदों ने इस पर उनके हस्ताक्षर नहीं होने की बात कही है इसलिए यह लैटर फर्जी है, अपनी बेपरवाही दिखाने की कोशिश की है लेकिन शायद वह भूल गई हैं कि पूरी बोर्ड बैठक की वीडियोग्राफी भी कराई जाती है जिसमें यह साफ हो जाएगा कि बैठक में आखिर हुआ क्या था। इस दलील पर कितना भरोसा किया जा सकता है यह तो नगर की जनता के समझने का विषय हो सकता है लेकिन यह तय है कि इस निंदा प्रस्ताव के आने के बाद ईओ बुरी तरह विचलित हैं और उन्होंने डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। सभासदों को साधने के लिए उन्होंने नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक को लगाया है लेकिन यह सभासदों को कितना साध पाएंगे यह पोल पट्टी उस वक्त खुल कर सामने आ गई जब एक सभासद प्रतिनिधि से फोन पर हुई उनकी वार्ता का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों का तो यहां तक कहना है कि अपनी कुर्सी के पाए हिलते देख ईओ ने अपने लोगों को सभासदों के पीछे दौड़ा दिया कि किसी भी तरह ज्यादा से ज्यादा सभासदों को अपने पाले में खींच कर लाना है। गौरतलब है कि शनिवार शाम पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड मीटिंग संपन्न हुई जिसकी शुरुआत ही हंगामे से हुई। सभासद ईओ की कार्यप्रणाली को लेकर असहज दिखे और सभासदों का एक बड़ा हिस्सा अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के खिलाफ लामबंद नजर आया। सभासदों ने इस दौरान जमकर हंगामा काटा। अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली से नाराज पालिका सभासदों ने शनिवार को बोर्ड मीटिंग में उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा। इस निंदा प्रस्ताव को न केवल स्वीकार किया गया बल्कि पालिकाध्यक्ष की अनुमति से बोर्ड मीटिंग की कार्रवाई में भी शामिल कर लिया गया है। सभासद अमित यादव के लैटर हेड पर लिखे गए पालिकाध्यक्ष को संबोधित इस निंदा प्रस्ताव में कहा गया है कि नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव का आचरण व्यवहार अनुकूल नहीं रहता है जिसे देखते हुए सभासदगण इनकी घोर निंदा करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि इसे बोर्ड कार्रवाई में शामिल किया जाए। प्रस्ताव पर अमित यादव, महेंद्र सिंह कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा, शमसुद्दीन मंसूरी, सीमा, वेदप्रकाश, नजराना, मनोज इकड़या, कमरजहां, आजाद उद्दीन, नंदिनी, लता राजे, विनोद, शादाब अंसारी, ममता देवी, मीरा सहित करीब बीस सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

# वैवाहिक विवाद से परेशान महिला ने की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा में शनिवार की देर शाम एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि महिला पिछले 2 वर्षों से वैवाहिक कलह के कारण मायके में रह रही थी और इसी तनाव में उसने यह कदम उठा लिया। उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी गोमती उर्फ गौरी (35) पुत्री स्व. रामप्रसाद ने शनिवार की शाम अपने घर के कमरे में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने दरवाजा काफी देर तक बंद देखा तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर अंदर झांका, जहां गोमती फांसी पर झूलती मिली। परिजन तत्काल उसे फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई संदीप ने बताया कि गोमती की शादी वर्ष 2012 में मध्य प्रदेश के दतिया जिले के पंडोखर गांव निवासी चतुर सिंह से हुई थी। विवाह के कुछ वर्षों बाद ही दोनों के बीच आपसी विवाद शुरू हो गया। बीते दो सालों से गोमती अपने पति से अलग होकर बच्चों सहित मायके में रह रही थी। पारिवारिक विवाद के कारण वह अक्सर तनाव में रहती थी। गोमती के 2 बच्चे बेटा अंश और बेटी अंशिका है। मां की मौत की खबर सुनते ही दोनों बच्चों सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्राथमिक तौर पर मामला वैवाहिक विवाद और मानसिक तनाव से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

### उत्पीड़न से परेशान पंचायत सहायक ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छामृत्यु

**कोंच(जालौन)**- चमेंड गांव निवासी पंचायत सहायक ने ग्राम विकास अधिकारी पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए महामहिम राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पंचायत सहायक ने पत्र में कहा है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो उसे इच्छामृत्यु की स्वीकृति दे दी जाए। कोंच विकास खंड क्षेत्र के ग्राम चमेंड निवासी अंकित सिंह पुत्र फूलसिंह ने गत रोज महामहिम राष्ट्रपति को भेजे अपने पत्र में कहा कि वह अपने गांव में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है और वर्तमान समय में बीएलओ का कार्य संपन्न कर रहा है। अंकित ने पत्र में आगे कहा कि एसआईआर कार्य में वोट काटने बढ़ाने के नाम पर ग्राम विकास अधिकारी एवं सहायक अध्यापक सुपरवाइजर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं और उसे गलत तरीके से दोषी ठहरा रहे हैं जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है। अंकित ने राष्ट्रपति से मामले में उसे न्याय दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो उसे इच्छामृत्यु की अनुमति दे दी जाए।

# केंद्रीय बजट में किसानों का रखा गया है विशेष ख्याल- मूलचंद्र

**●बजट पर चर्चा विषय पर किसान संवाद कार्यक्रम संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोंच(जालौन)**- भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'बजट पर चर्चा' विषय पर किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्रीय बजट के प्रमुख बिंदुओं से अवगत कराना और सरकार की योजनाओं की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने दीप प्रज्वलन कर संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए विधायक ने हाल ही में पेश हुए केंद्र सरकार के बजट की प्रमुख योजनाओं और उनके विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। भाजपा जिला मंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी ने बजट को विकासोन्मुख बजट बताते हुए किसानों के हित में सरकार की नीतियों की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद किसानों को कृषि यंत्रों और आधुनिक खेती से संबंधित जानकारी भी दी गई जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिल सके। संवाद कार्यक्रम के आयोजक प्रगतिशील कृषक एवं भाजपा नेता मनोहर पटेल किशुनपुरा एवं पदम सिंह ने विधायक सहित अन्य सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उपस्थित किसानों का आभार जताया। संचालन भाजपा नगर महामंत्री राजेंद्र दुवे ने किया। इस मौके पर राजेश्वरी यादव, अमित उपाध्याय, इं.राजीव रेजा, अनिल अग्रवाल, मिरकू महाराज, ओपी कुशवाहा, अनिल कपूर, नरेश वर्मा, सौरभ पुरवार, राहुल, दंगल यादव, बाबूराम पाल, अवधेश पटेल, अभिनव गहलोत आदि मौजूद रहे।

# यूजीसी आयोग समाज को बांटने वाला- पीठाधीश्वर राघवदास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- जगन्नाथ धाम मंदिर अयोध्या के पीठाधीश्वर राघवदास महाराज ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को सनातन विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा, सनातन के मूल सिद्धांतों के विपरीत कार्य स्वीकार नहीं करेगा यह समाज। यूजीसी सनातन के लिए गंभीर खतरा है। समाज को जातियों में बांट कर सनातन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ जातिगत आधार पर भेदभाव घोर निंदनीय है। यह बात उन्होंने विद्वत परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी पं. रमेश चंद्र पटेरिया के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा, यूजीसी गंभीर चिंतन का विषय है और इस पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पर्याप्त चर्चा के कदम उठाया है, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि 'आपने दो बार गलती की, हमने और समाज ने माफ कर दिया, लेकिन यह तीसरी बड़ी गलती है।' महाराज ने कहा कि यह निर्णय समाज में विभाजन और असमंजस का कारण बन सकता है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि हाथी का पांव सबसे बड़ा पांव होता है, जिसमें सबके पांव आ जाते हैं, लेकिन यूजीसी के बहाने उक्त कहावत को झुठलाया जा रहा है। सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और व्यापक संस्कृति है, जो मानवता, सेवा, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यदि शिक्षा व्यवस्था में सनातन के मूल सिद्धांतों के विपरीत कार्य किए गए, तो समाज इसे स्वीकार नहीं करेगा। अंत में उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक सद्भाव और आपसी एकता बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान केके श्रीवास्तव, साकेत पटेरिया, अनिल पटेरिया, रामकिशोर पुरोहित, केशव बबेले, दिलीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भौंरट बांध विस्थापितों ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में उठाई मुआवजे की मांग

**●परिसंपत्तियों का मुआवजा न मिलने से भविष्य अंधकारमय, जल जीवन मिशन से पानी की भी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भौंरट बांध परियोजना से विस्थापित किसानों और ग्रामीणों ने परिसंपत्तियों का समुचित मुआवजा न मिलने से निराश होकर मुख्यमंत्री जनता दरबार में गुहार लगाई है। विस्थापितों ने न केवल लंबित मुआवजा शीघ्र दिलाए जाने की मांग की, बल्कि क्षेत्र की 40 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले माह जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। मजबूरन भौंरट बांध से प्रभावित कई गांवों के किसान और ग्रामीण एक बार फिर मुख्यमंत्री जनता दरबार पहुंचे और अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। विस्थापितों का कहना है कि उनकी बोरिंग, ट्यूबवेल, हैंडपंप, बगीचे, इमारती व फलदार पेड़ जैसी परिसंपत्तियों का अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। मुआवजा न मिलने के कारण वह कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं और पक्के घरों का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में गहरा रोष और निराशा व्याप्त है। ग्रामीणों ने कृषि भूमि के मुआवजे को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि वर्तमान में उन्हें प्रति एकड़ मात्र 8 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि बाजार में कृषि भूमि का मूल्य 15 लाख रुपये प्रति एकड़ तक है। ऐसे में यह मुआवजा उनकी वास्तविक क्षति की भरपाई करने में पूरी तरह नाकाफी है। विस्थापित किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र और उचित मुआवजा नहीं मिला तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बदतर हो जाएगी तथा आने वाली पीढियों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्यायोचित एवं शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री जनता दरबार में की गई इस मांग का नेतृत्व पूर्व जिला मंत्री जगदीश सिंह निरंजन ने किया। उनके साथ दर्जनों प्रभावित किसान और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

# धूमधाम से होगा बाबा सदन का 108वां उर्स

**●बाबा सदन के उर्स की तैयारियां शुरू**

**अंतरराष्ट्रीय कब्बाल, मुराद आतिश, जुनैद सुल्तानी, मुस्तफा नाजा पर रायशुमारी की गई**

**इत्जिमाई शादियां अब होंगी 4 अप्रैल को,बनाई रूपरेखा, तय की जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का इस वर्ष 108वां उर्स सम्पन्न कराया जाएगा, जिसको बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए इतवार को दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बीते बर्ष की भांति इस बर्ष भी राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के मुख्य संरक्षण में उर्स सम्पन्न कराया जाएगा। कौमी एकता की मिशाल हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में उर्स कमिटि की एक बैठक संरक्षक चंद्रभूषण सिंह गुडडू राजा के आतिथ्य व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उर्स कमिटि नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला ने की। संचालन जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने किया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए रणनीति तैयार की गयी। बैठक में विचार-विमर्श कर जिम्मेदारी सौंपी गयीं। उर्स मेले में अर्न्तराष्ट्रीय प्रख्यात कब्बालों के अतिरिक्त शायरों का जहां जमावड़ा रहेगा, वहीं देश के कौने-कौने से लोग आकर उर्स में बाबा की दरगाह की जियारत करेंगे। इसके अलावा बैठक में हर वर्ष की भाँति 4 अप्रैल को आयोजित होने वाली इज्तिमाई शादियों की कार्ययोजना तैयार की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 108वां उर्स बड़े ही भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इस वर्ष मुशायरे एवं कब्बालियों में जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। 31 मार्च को होने वाले सदन कौमी एकता ऑल इंडिया मुशायरे में अंतराष्ट्रीय शायर मंजर भोपाली, शकील आजमी मुंबई, नदीम शाद देवबंद, इब्राहीम अली जीशान, ओम शर्मा ओम, मशकूर ममनून कन्नौजी, शाहनबाज असीम उज्जैन, मोहन मुन्तजिर नैनीताल, तर्वेज आलम राणा, हाशिम फिरोजाबादी, अबरार कासिम, स्वयं श्रीवास्तव, मदन मोहन दानिश, डा.जलील अहमद,अल्तमस अब्बास, कमर आलम जौनपुरी, इस्माइल नजर देवास, असरार चंदेरवी कन्वीनर, असर ललितपुरी, जहीर ललितपुरी पर रायशुमारी की गई। वहीं 1 से 3 अप्रेल तक कब्बाली का सिलसिला शुरू होगा जिसमें टीबी सिंगर इंटरनेशनल जुनेद सुल्तानी, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुराद आतिश बंगलौर, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुनाफा नाजा मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम रईस अनीस साबरी मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम अनीस नवाब, टीबी सिंगर इंटर नेशनल फेम शाकिब अली, समीर साबरी मुंबई, अदनान नाजा के नामों पर सहमति बनी है। बैठक का संचालन जनरल सैकेट्री मोहम्मद नसीम ने किया। इस दौरान जनरल सैकेट्री हाजी साबिर अली, खजांची अख्तर मास्टर, जनरल सेकेट्री रमजानी दादा, नायब सदर अबरार अली, सरफराज खान, जनरल सेकेट्री हमीद मंसूरी, अरमान कुरैशी, समीर चौबे, अजीम खान, खजांची हाजी अख्तर खान, इरशाद मंसूरी, प्रदीप शर्मा, हाजी शहीद मास्टर, मुस्तफा मेंबर, मेम्बर अब्दुल बारी, आसिफ कुरैशी, सेतु यादव, एड.इमरान खान, एड.रहीन खान, खुर्शीद मुंशी, रिक्की पटना, अनीस बेग, सरवर खान, हाजी सईद मंसूरी, मुशीर कुरैशी, इमरान मंसूरी, अंसार कुरैशी, आविद कुरैशी, साजिद पठान, कलीम खान, अंसार कप्तान, यूसुफ खान, हाजी.वसीम उद्दीन, हाजी सत्तार, सिकंदर मंसूरी, सोनू फोटो, असलम अली, जुनेद खान, मो.युनुस, अख्तर अहमद, शब्बीर खान मंसूरी, मोहम्मद शमी, जुनेद मंसूरी, सरवर खान, शकील मंसूरी, जहीर खान, नौशाद कूलर, चांद खान, शेख मोहम्मद उमर, मजीद कुरैशी, घस्सू कंडक्टर, अनस अली, अज्जू बाबा, मो.बरकत, एड. अरमान कुरैशी आदि मौजूद रहे। अन्त में सभी से आगामी दिनों में आयोजित होने वाले उर्स को सफल बनाने की अपील की गयी।

# थाना जखौरा पुलिस ने चलाया साइबर क्राइम जागरूकता अभियान

**●आमजन को बताए बचाव के उपाय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा रविवार को विशेष साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग, स्लेबरी (ऑनलाइन ठगी), आईडेंटिटी थेफ्ट जैसे अपराधों के तरीकों और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को अवगत कराया। साथ ही, तेजी से बढ़ रहे डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने आमजन को सतर्क करते हुए बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने, बिना पुष्टि किसी पोस्ट को साझा न करने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने तथा अपने अकाउंट के सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखने की सलाह दी गई। इसके अलावा कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी लालच, ऑफर या धमकी पर भरोसा न करने और सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व डिजिटल अकाउंट्स के लिए मजबूत पासवर्ड तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय रखने पर जोर दिया गया। पुलिस ने बताया कि यदि कोई साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत करें। इसके अतिरिक्त नजदीकी थाना या डायल-112 पर भी सूचना दी जा सकती है, ताकि साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर वित्तीय नुकसान को रोका जा सकें। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है, और इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# 4 मार्च से भव्य श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महामहोत्सव का शुभारंभ

**●मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ का रहेगा मंगल सानिध्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन सतोदय तीर्थ क्षेत्र, सेरोंन जी में आगामी 4 मार्च से 8 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले श्रीपंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह एवं गजरथ महामहोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक आयोजन समाधि सम्राट आचार्य श्रीविद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य आचार्य श्री समय सागर के मंगल आशीर्वाद से तथा उनके परम प्रभावक शिष्य जगत पूज्य निर्यातक संत मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैय्या (सुयश), अशोक नगर के कुशल निर्देशन में आयोजित इस महामहोत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के श्रेष्ठीजनों से संपर्क प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री, क्षेत्रीय सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व राज्यमंत्री, सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका ईओ, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित समस्त समाजसेवी संगठनों और श्रद्धालुजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया है। प्रचार मंत्री रवि जैन चुनगी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु श्री सतोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी सेरोंन जी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महामहिम सिंघई आनंद जैन (बबीना), अध्यक्ष सतीश जैन (बंटी बजाज), महामंत्री सिंघई मनोज जैन (बबीना), कोषाध्यक्ष विजय जैन (लागौन) सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध भोजन, बेहतर आवास व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न सहयोगी उप-समितियों का गठन किया गया, जिन्हें आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोजन स्थल श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन सतोदय तीर्थ क्षेत्र, सेरोंन जी (ललितपुर) में तैयारियों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन को भव्य, दिव्य एवं स्मरणीय बनाया जा सकें।

# सातवें दिन भी जारी रहा प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा का सत्याग्रह, समर्थन का दायरा बढ़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा द्वारा अपनी बहाली रोके जाने और 25 माह से अधिक समय से लंबित जांच के विरोध में शुरू किया गया सत्याग्रह लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। महाविद्यालय परिसर के मुख्य गेट के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से जारी इस सत्याग्रह ने अब जिले भर में चर्चा का विषय बना लिया है। सत्याग्रह के सातवें दिन प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने दोहराया कि जांच को जानबूझकर लंबित रखकर उनकी नियुक्ति बहाली रोकी जा रही है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सत्य और अहिंसा के मार्ग पर उनका संघर्ष जारी रहेगा। इधर, सत्याग्रह को लेकर शिक्षाविदों और समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शिक्षक संघ के महामंत्री डा. अनिरुद्ध गोयल, पूर्व महामंत्री एवं उ.प्र. उच्चतर शिक्षा आयोग के पूर्व सदस्य डा.बृजेंद्र सिंह बौद्ध, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. ज्योति वर्मा तथा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी हाथरस डा.मनोज कटारा ने सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा को नैतिक समर्थन दिया और मामले के शीघ्र समाधान की मांग की। वहीं, नेहरू महाविद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रदीप चौबे द्वारा जारी पत्र के बाद भी अब तक किसी ठोस निर्णय या जांच निष्कर्ष के सामने न आने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षकों और कर्मचारियों में भी इस प्रकरण को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन और संबंधित जांच समिति कब तक कोई स्पष्ट फैसला लेती है, या फिर यह सत्याग्रह और लंबा खिंचता।

# गाली-गलौज व मारपीट का आरोप, थाने में दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** क्षेत्र के ग्राम मुकुटौरा मजरा सरस्वती निवासी महिला ने पड़ोसियों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया। पीड़िता मोहिनी यादव पत्नी गुलाब यादव ने बताया कि 8 फरवरी 2026 को सुबह करीब 9 बजे वह अपनी जिठानी की बेटी निकिता के साथ घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान गांव की ही निराशा यादव पत्नी नारायण यादव, नेहा यादव पत्नी अनेक यादव व बबुज पत्नी कल्लू यादव वहां पहुंचीं और आलू की फसल को लेकर गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर आरोप है कि विपक्षियों ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गईं। पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 वर्षो से लंबित सीजनल संग्रह अमीनों का विनियमितिकरण, फाइलें चलीं, फैसला आज तक शून्य

**कानपुर।** जनपद में कार्यरत सीजनल संग्रह अमीनों के विनियमितिकरण का मामला पिछले लगभग दो दशकों से केवल आदेशों, पत्राचार और फाइलों तक सीमित होकर रह गया है। प्रार्थना पत्र दिए गए, परीक्षण आख्या बनी, शासन को संदर्भ भेजे गए, लेकिन अंतिम निर्णय आज तक नहीं हो सका। 24 मई 2022 को सीजनल संग्रह अमीनों द्वारा जिलाधिकारी कानपुर नगर को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसे जिलाधिकारी ने एडीएम (वित्त एवं राजस्व) तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट (ACM पंचम) को परीक्षण हेतु अग्रसारित किया। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। इसके बाद 8 जनवरी 2025 से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा शासन से मार्गदर्शन मांगा गया, जिसकी प्रति जारी हुई, पर यह भी केवल कागजी प्रक्रिया बनकर रह गई। 13 मई 2025 को आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए, फिर भी कानपुर नगर में सीजनल संग्रह अमीनों का विनियमितिकरण आज तक नहीं हो सका। नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई–ऐसे में इन कर्मचारियों का भविष्य खराब होने की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? जब अधिकारी शासन के आदेश नहीं मानते, तो फिर अपना ट्रांसफर और प्रमोशन किस आधार पर मानते हैं।

### कार्डधारकों को 26 फरवरी तक मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि माह फरवरी 2026 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अवधि 08 फरवरी से 26 फरवरी तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूं एवं 03 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किलोग्राम) खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से जनपद की समस्त उचित दर दुकानों पर किया जाएगा। वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसे विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण में असफल होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 26 फरवरी को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। खाद्यान्न वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 एवं 1967 पर दर्ज कराई जा सकती है।

### घाटमपुर में केंद्रीय बजट 2026 पर चौपाल



**घाटमपुर।** तहसील घाटमपुर के कटरी गांव में केंद्रीय बजट 2026 पर एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील मुख्य रूप में उपस्थित रहीं, चौपाल के दौरान विधायक कुरील ने जनसंवाद के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 की प्रमुख जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी, उन्होंने विकास कार्यों और आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की, कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओ, सुझाव,और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया, विधायक सरोज कुरील ने उनके समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन भी दिया, चौपाल के दौरान महिलाओं ने विधायक सरोज कुरील का फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया, इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा कानपुर ग्रामीण वेदव्रत सचान, उमेश दुबे, सौरभ त्रिवेदी, कोरों ग्राम प्रधान ब्रजपाल सिंह, किराव ग्राम प्रधान अरविंद कुशवाहा, और विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में भव्यता से मनेगा 31वां राष्ट्रीय एकता महोत्सव-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में आगामी 14, 15 एवं 16 फरवरी को होने वाले परम्परागत 31वें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा हुई। डीएम कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में हुई अफसरों की बैठक में डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को समय से तैयारियों को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में शामिल हुए सांसद एवं बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने महोत्सव आयोजन समिति की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव रखे। वहीं एसपी दीपक भूकर ने सुरक्षा प्रबन्धों को पुख्ता बनाए रखने का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने मुख्य मंदिर परिसर से लेकर पूरे धाम क्षेत्र में



साफ सफाई की अनवरत व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होने श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन व जलाभिषेक को लेकर भी लालगंज एसडीएम व सीओ को सुव्यवस्थित प्रबन्ध सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने महोत्सव को लेकर अनवरत विद्युत आपूर्ति पेयजल तथा अन्य सुविधाओं को लेकर अफसरों को आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होने धाम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास प्रदर्शनी को भी आकर्षक बनाए जाने के निर्देश दिये। एसपी दीपक भूकर ने महोत्सव के दौरान बाबा धाम में कड़ी निगरानी के साथ बैरीकेटिंग तथा सई नदी में नाव व गोताखोर आदि प्रबन्धों के बाबत मातहत पुलिस अफसरों को निर्देशित किया। एसपी ने बाबा धाम में सीसी कैमरे से भी निगरानी बनाए रखने को कहा। बैठक में शामिल हुए महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रशासनिक प्रबन्धों को लेकर आवश्यक सुझाव दिये।बैठक में अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, एसडीएम सदर नैन्सी सिंह, एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा, सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र, ईओ इन्द्र प्रताप, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, लालगंज चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त सुदेश के खिलाफ कुर्की की तैयारी




**घाटमपुर।** घाटमपुर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है,यह कारवाई तब की जाएगी,जब अभियुक्त सुदेश पुत्र अजय कुमार कोर्ट में पेश नहीं होंगा, जाजपुर चौकी प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि सुदेश कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गांव का निवासी है, वह घाटमपुर, कानपुर नगर,थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 562/2024 धारा 109,1, 351/, 3, बीएनएस के तहत् वांछित है, कानपुर देहात के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीजेएम, न्यायालय में सुदेश के खिलाफ गैर जमानती वारंट, एनबीडब्ल्यू, और धारा84 बीएनएसएस के तहत् उद्घोषणा जारी की थी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है ,, पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि सुदेश निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो, उसके खिलाफ धारा 85 बीएनएसएस के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# नवीन मार्केट के एक रेस्टोरेंट में चलता मिला हुक्का बार, पांच को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कोतवाली पुलिस ने आज नवीन मार्केट के प्रथम तल में संचालित एक रेस्टोरेंट में छापा मारकर उसमें संचालित हुक्का बार को पकड़ा है और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक-07.02.2026 को थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर नवीन मार्केट मे प्रथम तल पर संचालित रेस्टोरेन्ट 007 और टीवीके डिस्क एण्ड लॉन्ज में दबिस दी गयी तो वहां पर हुक्कावार चलता हुआ पाया गया, जिसके उपरान्त थाना कोतवाली पुलिस टीम, सर्विलास टीम पूर्वी जोन करते हुए द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए उक्त रेस्टोरेन्ट और लॉन्ज के कर्मचारीगण 1. हिमांशु सोनवानी पुत्र सत्यनारायण नि0 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र 31 वर्ष । मो0- 7234923687 2.



दिव्यांश शर्मा पुत्र रामू शर्मा नि0-66/17 हुलागंज थाना हरबंशमोहाल कानपुर नगर उम्र 22 वर्ष 3. जमान्स शर्मा पुत्र रामू शर्मा नि0-66/17 हुलागंज थाना हरबंशमोहाल कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष 4. उत्कर्ष सिंह पुत्र शरद कुमार सिंह नि0- 22/120 फीलखाना थाना फीलखाना कानपुर नगर, उम्र- 18 वर्ष 5. सूरज विश्वकर्मा पुत्र गोविन्द विश्वकर्मा नि0- 6/33 भैरव घाट पम्पिंग स्टेशन थाना कोहना कानपुर नगर । उम्र- 20 वर्ष को मय 13 अदद हुक्का सेट व चिलम 21 व फ्लेवर डिव्वा 1, कोल पैकेट 55, फ्लेवर 40, हुक्के का चार्जर 01, हुक्के के पाइप 15, एचएमडी 20 के साथ मौके पर गिरफ्तार किया गया।

### समरसता भोज से बढ़ता है आपसी सौहार्द- संजय मिश्र



**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर विकास खण्ड के गड़वर गांव के पंचायत भवन के प्रांगण में हिंदू समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री संगठन हिंदू युवा वाहिनी संजय मिश्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे खिचड़ी समरसता भोज से आपसी सौहार्द और भाईचारा अत्यधिक मजबूत होगा।लोगों को ऐसे भोज कराने चाहिए ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भनवापुर मंडल अध्यक्ष विनय पाठक ने समरसता भोज के माध्यम से बताया की हम हिंदू हैं हम एक है। एक चटाई पर बैठ कर हर जाति के लोगो का भोजन करना । यही तो वास्तविक हिंदू एकता दर्पण है। उन्होंने भोज आयोजक अशोक पाण्डेय को हिंदू जनमानस के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गणेश विश्वकर्मा, रामबरन यादव, फूलचंद चौधरी, अजीत श्रीवास्तव, उद्देश्य नारायण, अनूप पाण्डेय, लूले गौतम, अंबर चौधरी सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कानपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: फर्जी GST फर्म बनाकर टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 08.02.2026 को क्राइम ब्रांच, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा फर्जी GST फर्मो के माध्यम से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का सफल अनावरण किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी व अस्तित्वहीन फर्मों का निर्माण कर, कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर GST पंजीकरण कराते थे तथा बिना किसी वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के फर्जी टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का अवैध लाभ उठाते थे, जिससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई गई। राज्य कर विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कल्याणपुर में गंभीर प्रकरण पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान यह तथ्य स्थापित हुआ कि 'अपूर्वा ट्रेडिंग कंपनी' नामक फर्म पूरी तरह बोगस थी, जिसके पते पर कोई व्यावसायिक



गतिविधि नहीं पाई गई। प्रारंभिक जांच में वर्ष 2019-20 के दौरान लगभग 2.54 करोड़ टैक्स चोरी एवं 12.71 लाख पेनाल्टी, कुल 2.66 करोड़ से अधिक की आर्थिक अनियमितता का खुलासा हुआ। प्रकरण में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उनके कब्जे से बैंक खातों का विवरण, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, मोबाइल फोन, GST इनवॉइस, ई-वे बिल एवं अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। मामले में अन्य संलिप्त अभियुक्तों की पहचान एवं आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# NUPPL द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, कानपुर में IIT/NEET फाउंडेशन कक्षाओं के संचालन को मिली सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर/कानपुर।** नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (NUPPL) द्वारा अपने सीईआर/सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय (ARS), कानपुर में IIT/NEET फाउंडेशन कक्षाओं के संचालन में प्रदान किए गए सहयोग को आज एक भव्य समारोह में विशेष रूप से सराहा गया। अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क आवास, भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। NUPPL द्वारा समर्थित यह फाउंडेशन कोर्स राज्य के 13 ARS विद्यालयों में पहली बार प्रारंभ किया गया है, जो बच्चों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आयुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन का वक्तव्य 'NUPPL द्वारा किया गया यह सहयोग केवल एक शैक्षणिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम है।




IIT और NEET जैसी परीक्षाओं के लिए बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर मार्गदर्शन मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ARS के बच्चों के भविष्य को संवारने में NUPPL की यह भूमिका सराहनीय और प्रेरणादायक है। 'सीईओ, NUPPL श्री एस. दुरई कुमार का वक्तव्य 'NUPPL सदैव समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ARS के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि यह फाउंडेशन कोर्स इन बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा और उन्हें बड़े सपने देखने तथा उन्हें पूरा करने की दिशा में सक्षम बनाएगा।'

**सीडीओ, कानपुर देहात, दीक्षा जैन का वक्तव्य**

'ARS के बच्चों के लिए यह फाउंडेशन कोर्स एक गेम-चेंजर साबित होगा। NUPPL ने जिस संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ इस पहल का समर्थन किया है, वह प्रशंसनीय है। इससे न केवल बच्चों की शैक्षणिक क्षमता बढ़ेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी।' NUPPL द्वारा समर्थित यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि यह कंपनी की सामुदायिक विकास, समान अवसर और सामाजिक उत्थान के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। फाउंडेशन कक्षाओं के माध्यम से ARS के बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान की उन्नत तैयारी कराई जा रही है, जिससे वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। आज आयोजित समारोह में NUPPL के इस योगदान की व्यापक सराहना की गई। यह पहल न केवल ARS के बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि उद्योग और समाज मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में कितना बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

# कानपुर पुलिस में फेर बदल, अफसरों ने लिया चार्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर-** कानपुर पुलिस में फेरबदल होकर आए नवागत अफसरों ने चार्ज ग्रहण कर लिया है,आईपीएस विपिन टाडा को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त,,लॉ एंड आर्डर,,,की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि आईपीएस संकल्प शर्मा को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त,, अपराध एवं मुख्यालय,, बनाया गया है पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के अनुसार आईपीएस विपिन टाडा ने शनिवार को उनसे मुलाकात कर शहर की कानून व्यवस्था और मौजूदा हालात की जानकारी ली,, इसके बाद उन्होंने शनिवार देर रात ही,,जेसीपी लॉ एंड आर्डर,,का चार्ज संभाल लिया, वहीं आईपीएस संकल्प शर्मा सोमवार को अपना कार्य भार ग्रहण करेंगे, लखनऊ पुलिस मुख्यालय से 4 जनवरी को जारी सूची में लखीमपुर खीरी के डीआईजी संकल्प शर्मा और मेरठ के डीआईजी विपिन टाडा को



कानपुर का ज्वाइंट पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है, इससे पहले जेसीपी अपराध एवं मुख्यालय रहे विनोद कुमार सिंह को डॉ भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद का आई जी बनाया गया है, संकल्प शर्मा मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं, इनके पिता इंजीनियर थे, इसलिए शुरूआती पढ़ाई सीकर में हुई, लेकिन इंटर करने के जयपुर में रहने लगे, संकल्प शर्मा की पत्नी हिमाचल प्रदेश कैडर में आईपीएस अधिकारी हैं-सकल्प शर्मा, देवरिया, खीरी,आदि ज़िले में तैनात रह चुके हैं,,



विपिन टाडा भी राजस्थान के जोधपुर के रहने वाले हैं, पिता पेशे से वकील हैं शुरूआती पढ़ाई सरकारी स्कूल में हुई है पहले ही अटेप्ट में एमबीबीएस पास कर डाक्टर बन गए, जिसके आईपीएस बने विपिन टाडा मेरठ, गोरखपुर, आदि जिलों में तैनात रह चुके ,अब फिर हाल दोनों अफ़सर कानपुर कमिश्नरेट में तैनात हैं, वहीं जेसीपी लॉ एंड आर्डर रहें आशुतोष कुमार को एडीजी पद पर पदोन्नति मिली है, उन्हें लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड एवं प्रोन्नति बोर्ड में एडीजी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मिशन रोजगार के तहत चार स्थानों पर वृहद रोजगार मेले का होगा आयोजन, 2000 युवाओं को नौकरी का लक्ष्य

### ●रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं युवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शनिवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मिशन रोजगार के अंतर्गत गठित जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मिशन रोजगार के अंतर्गत वृहद रोजगार मेलों की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के युवाओं को उनकी योग्यता, कौशल और ट्रेड के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं और चयन प्रक्रिया व्यवस्थित तथा परिणाममुखी हो। बैठक में निर्णय लिया गया कि



आईटीआई पाण्डु नगर, डीबीएस महाविद्यालय, नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स और दयानन्द गर्ल्स पीजी कॉलेज में वृहद रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों के माध्यम से 2000 युवाओं के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिला कामगारों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उपयुक्त रिक्तियों और ट्रेड को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को 25 नियोजकों की सूची रिक्तियों की संख्या सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी कंपनियों का पंजीकरण रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता और नियोजकों की मांग का सटीक मिलान सुनिश्चित करने के लिए गूगल शीट पर समेकित डाटा तैयार किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि जनपद के सभी महाविद्यालयों, प्रशिक्षण एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए। जॉबसीकर के पंजीकरण को सरल बनाने के लिए क्यूआर कोड जारी कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मेले में आने वाले युवाओं के लिए पंजीकरण, काउंसिलिंग और साक्षात्कार की सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### अपहरण के अभियोग का अभियुक्त किया गया गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत गोदाही चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी संग्रामगढ़ मनोज कुमार तोमर के नेतृत्व में थाना संग्रामगढ़ के उप निरीक्षक शिवशरण मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर तलाश वांछित धारा 87,137 (2) बीएनएस थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त नागेन्द्र सिंह पुत्र कमलेश सिंह निवासी प्रतापगढ़ थाना निगाहसन जनपद खीरी हाल पता रेहूआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष को थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत गोदाही चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# राम विवाह का मंचन देख खुशी से झूम उठे दर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के धनोहरी गांव में चल रहे रामलीला मंचन के तीसरे दिन कलाकारों ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। राम विवाह के दृश्य ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।कलाकारों ने दिखाया कि राजा जनक ने माता सीता के स्वयंवर की घोषणा की। शर्त यह थी कि जो कोई भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही सीता का वर बनेगा। अनेक बलशाली राजा प्रयास कर थक गए, परंतु शिवधनुष टस से मस न हुआ। उसी समय गुरु विश्वामित्र के आदेश पर अयोध्या के राजकुमार भगवान श्रीराम स्वयंवर मंडप में पधारे। जैसे ही श्रीराम ने सहज भाव से शिवधनुष को उठाया, संपूर्ण सभा स्तब्ध रह गई। धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते ही वह टूट गया और मिथिला नगरी जय-जयकार से गूंज



उठी। राजा जनक ने आनंदित होकर माता सीता का पाणिग्रहण भगवान श्रीराम के साथ संपन्न कराया। इस पावन अवसर पर माता सीता और भगवान श्रीराम का विवाह विधि-विधान से संपन्न हुआ। देवताओं ने पुष्पवर्षा की और समस्त लोकों में मंगल गान होने लगे।मंचन के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया और जय श्रीराम के उद्घोष से पंडाल गूंज उठा।इस दौरान वीरेंद्र मणि, चंद्र प्रकाश यादव, अनुराग श्रीवास्तव, मो. हुसैन, जगराम, सहजराम, सुनील गुप्ता, मदन गुप्ता, जगदेव और शिवधन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे सांसद जगदम्बिका पाल, जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** तहसील इटवा क्षेत्र के ग्राम सकतपुर में चल रहे रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने यज्ञ मंडप में पहुंच कर पूजा अर्चना की। सांसद जगदंबिका पाल द्वारा गरीबों में कंबल वितरण किया गया। सांसद ने कहा कि पूरा ठंडक में पांचों विधान सभाओं में कम्बल वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने सकतपुर मेन रोड से काली मंदिर तक आर सी सी सड़क बनाने के लिए घोषणा की। दोपेडोवा चौराहा



से खानकोट सेमरी तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए धन आवंटन हो गया है और कार्य शुरू है। कई सड़कों का कार्य चल रहा खलीलाबाद से होकर बासी, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, बहराइच तक ट्रेन चलाने के लिए कार्य शुरू हो गया हैं।कार्यक्रम को युवा नेता मोना पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर त्रिपाठी ने किया, इस मौके पर यज्ञचार्य लक्ष्मण महाराज, राम जियावन मौर्या जिलाप्रभारी,यज्ञ आयोजक राम कृपाल चौधरी, जय वर्धन तिवारी, अखंड पाल सिंह,सागर चौधरी, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, विजय कुमार चौधरी,सुनील पांडेय,जितेन्द्र चौधरी, राम बरन यादव, रामनिवास उपाध्याय,मंतोष पाठक, राजू कसौधन, शिवपाल सिंह, कुलदीप मिश्रा, रघुनाथ मिश्रा,अमरजीत यादव, बरसाती यादव, सत्येंद्र सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेले में 160 मरीजों का जांच कर दवाइयां दी गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर पर जन आरोग्य मेला आयोजित हुआ। मेले में डॉ एस सी शर्मा द्वारा 131 मरीजों का जांच कर दवाइयां दी गई, डॉक्टर एस सी शर्मा ने बताया कि इस फरवरी मौसम में गलन से भरी ठंड देखने को मिल रहा है। पैरों में व कमर जोड़ों में दर्द जैसे बीमारी देखने को मिलता है।ठंडक से बचने के लिए गर्म कपड़ा एवं अलाव जलाकर उसके समीप बैठें। पैरों के तलवों में नूरानी,



साकुन का तेल लगाए। खासी, जुकाम, सर्दी ,नजला ,टाई फाई , बचने का सहज तरीका है। सही ढंग से इलाज करवाए।खान पान में लापरवाही ना बरते। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा रामनाथ कठौतिया में डॉ राहुल कुमार ने 29 मरीजों को देखा और उचित सलाह बताकर दवा दी। अपने घरों में नौनिहाल बच्चों के शरीर पर गर्म तेल मालिश करें और खान पान पर विशेष ध्यान दे तथा ठंड से बचाए। इस मौके पर फार्मासिस्ट राकेश कुमार, त्रिशुल चतुर्वेदी, धीरज राय,राजू आदि मौजूद रहे ।

# बच्चे मेहनत के बल पर ही आगे बढ़ते हैं - आशीष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के गोल्हौरा क्षेत्र के सन राइज क्लासेस गोल्हौरा में यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए कार्यक्रम एवं मेधावी बच्चों का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि इन्हीं बच्चों में से कोई आईएएस कोई वैज्ञानिक तो कोई इंजीनियर, अध्यापक बनेंगे। बच्चे मेहनत के बल पर ही आगे



बढ़ते हैं और अपना तथा अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं। आगे इन्होंने कहा कि इस क्लासेज में गरीब एवं असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का एक बेहतर प्लेटफार्म है इसमें गरीब से गरीब बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर सकते है। इस क्लासेज का लक्ष्य अधिक से अधिक गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षित कर आगे बढ़ाना है। इस मौके टेस्ट परीक्षा में सबसे अधिक अंक पाने वाली छात्रा राधिका को प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । प्रबंधक द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को पठन - पाठन सामग्री वितरित की गई। इस दौरान गोविंद प्रसाद शुक्ल, अमित कुमार, रामवृक्ष, रामशब्द, रमाकांत, अनूप दूबे, विरेन्द्र सिंह, विनोद कुमार तथा क्षेत्र के कई विद्यालय के बच्चों प्रतिभाग में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा के प्रति राष्ट्र का उत्तरदायित्व निभाना हर नागरिक का धर्म : रमाशंकर तिवारी



**बलिया** जिले के कदम चौराहा स्थित राम मंदिर परिसर में 'गंगा के प्रति राष्ट्र का उत्तरदायित्व' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगा मुक्ति अभियान के प्रणेता रमा शंकर तिवारी ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए भगीरथ प्रयास सदैव होते रहे हैं और आगे भी इन्हें और व्यापक रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और जीवन पद्धति की प्रतीक हैं, इसलिए उनका संरक्षण राष्ट्रव्यापी दायित्व है। रमा शंकर तिवारी ने गंगा को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक आमजन स्वयं आगे नहीं आएंगे, तब तक गंगा की वास्तविक मुक्ति संभव नहीं है। उन्होंने गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। संगोष्ठी में डॉ. कमलाकर तिवारी, डॉ. जनार्दन राय, ऋषि राजेश्वर द्विवेदी और दिनेश मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गंगा संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गंगा भक्त, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने मां गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

### ठंड से बचने को जलाया अलाव, चिंगारी से लगी बिस्तर में आग, फिरोजाबाद में जिंदा जला वृद्ध



**फिरोजाबाद।** अलाव की चिंगारी से बिस्तर में आग लगने से वृद्ध की जिंदा जलकर मृत्यु हो गई। वह सांस के मरीज होने के साथ कमजोरी के कारण उठने-बैठने में असमर्थ थे। शनिवार सुबह सात बजे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। आगरा में फतेहाबाद के गावं रूपपुर निवासी 60 रामदास एक वर्ष से स्वर्गाश्रम में रहते थे। उन्होंने राधाकृष्ण मंदिर के के पास में कुटिया बना ली थी। वह पांच दिनों से बीमार थे। कमजोरी के कारण उठ-बैठ भी नहीं पा रहे थे। शुक्रवार रात उन्होंने ठंड की वजह से बिस्तर के पास में ही अलाव जलाया था। आशंका है कि रात में अलाव से उठी चिंगारी किसी तरह बिस्तर तक पहुंच गई। जिससे आग लग गई और उनकी जलकर मृत्यु हो गई। सांस का मरीज होने के कारण वह बचाव के लिए गुहार भी नहीं लगा सके। शनिवार सुबह मंदिर पहुंचे लोगों ने कुटी में जला हुआ शव देखा तो पुलिस को सूचना दी थी। इधर कुछ क्षेत्र में आग साजिश के तहत लगाए जाने की चर्चा भी रही। लोगों का कहना था कि पुलिस को इस एंगल से भी जांच करनी चाहिए। थानाध्यक्ष रमित आर्या ने बताया कि कुटी में वृद्ध के कपड़ा और अन्य सामान भी जल गए थे। सोफीपुर में रहने वाला उनका बेटा विष्णु मौके पर आ गया था। इसके बाद उनके अन्य स्वजन को भी सूचना दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के समय में सुधार, देरी से चल रही लोकल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** मौसम में सुधार के साथ ही लंबी दूरी के यात्रियों की परेशानी भी कम हो रही है। कुछ ट्रेनों को छोड़कर लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें समय पर या एक घंटे से कम देरी से चल रही हैं। पिछले दिनों 20 से 50 ट्रेनें दो घंटे से अधिक देरी से दिल्ली पहुंच रही थी। वहीं, रविवार सुबह दो घंटे से अधिक देरी से चलने वाली ट्रेनों की संख्या 10 से भी कम रही। बरौनी-नई दिल्ली हमसफर विशेष सवा छह घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर विशेष छह घंटे और बनारस-नई दिल्ली महामना एक्सप्रेस चार घंटे के देरी से चल रही हैं। किसी भी ट्रेन के प्रस्थान समय में बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, दैनिक यात्रियों की परेशानी बनी हुई है। रविवार सुबह जाखल-पुरानी दिल्ली पैसेंजर व जींद-पुरानी दिल्ली पैसेंजर सवा घंटे, कुरुक्षेत्र-हजरत निजामुद्दीन एमईएमयू एक घंटे, पानीपत-पुरानी दिल्ली ईएमयू, सहारनपुर-पुरानी दिल्ली एमईएमयू, मथुरा-गाजियाबाद ईएमयू, कुरुक्षेत्र-पुरानी दिल्ली ईएमयू, बल्लभगढ़-शकूरबस्ती ईएमयू, दनकौर- शकूरबस्ती ईएमयू व बुलंदशहर-तिलक ब्रिज एमईएमयू 45 मिनट और गाजियाबाद-पुरानी दिल्ली ईएमयू, रेवाड़ी-पुरानी दिल्ली पैसेंजर, अलीगढ़-पुरानी दिल्ली ईएमयू व जींद-नई दिल्ली एमईएमयू आधे घंटे के देरी से चल रही हैं।

# अपनी ही कोम के खून से खेल रहा इस्लामिक स्टेट, इस्लामाबाद को धमाकों से दहलाने की ली जिम्मेदारी

**● आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के क्षेत्रीय सहयोगी संगठन 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने शनिवार को इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में हुये भयावह विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। इस बीच, विस्फोट के एक साजिशकर्ता समेत चार लोगों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गिरफ्तार किया गया है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पाकिस्तान की सेना ने कहा है कि उसने शुक्रवार को इस्लामाबाद मस्जिद में हुए जानलेवा बम धमाके में हमलावर की मदद करने वाले चार 'मददगारों' को गिरफ्तार किया है। सीमा पार हमलों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अधिकारी सुरक्षा अभियान तेज कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को राजधानी में हजारों लोग हमले के पीड़ितों को दफनाने के लिए इकट्ठा हुए। इस हमले में कम से कम 32 नमाजियों की मौत हो गई और 170 अन्य घायल हो गए।

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के क्षेत्रीय सहयोगी संगठन 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने शनिवार को इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में हुये भयावह विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। इस बीच, विस्फोट के एक साजिशकर्ता समेत चार लोगों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गिरफ्तार किया गया है। पेशावर के रहने वाले 32 वर्षीय आत्मघाती हमलावर यासिर ने शुक्रवार को इस्लामाबाद के उपनगर तारली स्थित शिया मस्जिद में घुसकर आत्मघाती विस्फोट किया। घटना के समय लोग वहां नमाज अदा कर रहे थे। शुरुआत में 31 लोगों की मौत हुई और 169 घायल हुए, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि अस्पतालों में कुछ गंभीर रूप से घायल लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। इस्लामिक स्टेट अथवा दाएश की एक शाखा, 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने अपनी अमाक न्यूज एजेंसी पर एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जब सुरक्षा गार्ड ने उसे गेट पर रोकने की कोशिश की तो हमलावर ने उन पर गोली चलाई और मस्जिद के अंदर नमाजियों के निकट विस्फोट कर दिया।

इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हमले के मुख्य साजिशकर्ता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां खुफिया जानकारी के आधार पर खैबर पख्तूनख्वा से की गयी है। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ किया जा रहा है, क्योंकि यह स्पष्ट हो गया है कि आत्मघाती हमलावर अफगानिस्तान जाता था और वहां से प्रशिक्षण प्राप्त करता था।

## क्रिकेट मुकाबले में आईएमए फाइनेंस ने आईएमए साइंटिफिक को हराया



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), कानपुर शाखा द्वारा रविवार 8 फरवरी 2026 को टीएसएच ग्राउंड, बृजेंद्र स्वरूप पार्क, आर्य नगर, कानपुर में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन खेल भावना एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह मुकाबला आईएमए साइंटिफिक एवं आईएमए फाइनेंस टीमों के बीच खेला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. साकेत निगम, अध्यक्ष, इंडियन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन, कानपुर आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ पंकज गुलाटी पूर्व अध्यक्ष, डॉ नीलम मिश्रा पूर्व अध्यक्ष डॉ ब्रजेन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ. विकास श्रीवास्तव, सचिव डॉ. शालिनी मोहन, विशाल सिंह, वित्त सचिव,डॉ अमित सिंह गौर एवं डॉ दीपक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

आईएमए साइंटिफिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 25 ओवर में 165 रन (8 विकेट) बनाए। टीम की ओर से डॉ. सौरभ ने शानदार 53 रन की पारी खेली। इसके अतिरिक्त अभिनव सेंगर (26 रन) एवं दीपक श्रीवास्तव (14 रन) का योगदान सराहनीय रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईएमए फाइनेंस टीम ने 24.3 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम की जीत में राघव रस्तोगी की बेहतरीन 56 रनों की पारी निर्णायक रही। वहीं डॉ. विकास श्रीवास्तव ने केवल 7 गेंदों पर 20 रन बनाकर मैच को रोमांचक अंदाज़ में समाप्त किया। मैच के उपरांत दोपहर 3:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### CISF में संविदा पर तैनात ड्राइवर के पैर में चाकू मारकर लूट, नरेला में दो बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

**दिल्ली।** सीआईएसएफ में संविदा पर कार्यरत एक चालक पर चाकू से हमला कर लूटपाट का मामला सामने आया है। नरेला थाना क्षेत्र स्थित दो बदमाशों ने बृहस्पतिवार शाम वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर नरेला थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपितों का पता लगाने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित 23 वर्षीय शेख तालिबान मूलरूप से बिहार के सारण जिला के गोला मुबारकपुर का रहने वाला है। पुलिस को दिए बयान में शेख ने बताया कि वह नरेला स्थित हिंद अपार्टमेंट में सीआईएसएफ कैंप में अपने दोस्त के साथ रहता है। सीआईएसएफ में संविदा पर चालक की नौकरी करता है। पांच फरवरी शाम पांच बजे वह अपने साथी रोहित के साथ हिंद अपार्टमेंट के पार्क में से होते हुए कैंप में जा रहे थे। जब हम पार्क के बीच में पहुंचे तो दो युवक आए, उनमें से एक युवक ने चाकू दिखाया। दूसरे ने जबरन उनकी जेब से मोबाइल फोन व तीन हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर चाकू लिए युवक ने उनके बाएं पैर में चाकू मार दिया। शोर मचाने पर मोबाइल फोन वहीं फेंक दिया। जबकि तीन हजार रुपये लेकर भाग गए। दोस्त रोहिणी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपितों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन प्रभात फेरी, खेलकूद प्रतियोगिताएँ एवं व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवाँ/**सीतापुर नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा बिसवाँ, सीतापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) इकाई द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन रविवार को जागरूकता, खेलकूद एवं बौद्धिक गतिविधियों से जुड़े विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। यह शिविर 03 फरवरी 2026 से 09 फरवरी 2026 तक ग्राम पंचायत टिकरा स्थित पंचायत भवन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के छठे दिन प्रातःकाल स्वयंसेवकों द्वारा चयनित ग्राम पंचायत टिकरा में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने सामूहिक व्यायाम कर अनुशासन एवं शारीरिक सुदृढ़ता का संदेश दिया। इसके बाद ग्राम के बच्चों के साथ मिलकर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, रस्साकशी, लंबी कूद, ऊँची कूद एवं क्रिकेट मैच जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में बच्चों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। शाम के सत्र में समाजसेवी डॉ. चंद्रशेखर जी द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य युवाओं का सर्वांगीण विकास करना है। एनएसएस के माध्यम से युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक दायित्व की भावना विकसित होती है।

विशेष शिविर के दलनायक मनीष वर्मा के कुशल नेतृत्व में शिविर की गतिविधियाँ सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राहुल वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. शिवाशु राठौर, ओम प्रकाश, अमित वर्मा सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. वकार अहमद, डॉ. महक, डॉ. कोमल वर्मा एवं प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसआईआर की गड़बड़ियों पर भड़की सपा, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में एस आई आर मे हो रही गड़बड़ियों, जनपद की कानून व्यवस्था तथा गन्ना किसानों की समस्याओं का समधान न होने पर नाराजगी जताते हुये समाजवादी पार्टी ने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुचे और राज्यपाल को सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसआईआर के तहत बाहरी व फर्जी व्यक्तियों द्वारा फार्म-7 में मतदाताओं के नाम व इपिक नम्बर प्रिण्ट, कराकर बीएलओ को जमा करने हेतु दबाव बनाने लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से जनपद मे लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था, थानो पर मची लूट, चोरी, हत्या, महिलाओं, बच्चियों पर हो रहे अत्याचार, मारपीट की घटनाओं, अवैध खनन, यूरिया के बोरियों का वजन घटाये जाने, वाल्टरगंज चीनी मिल कर्मियों के बकाया भुगतान, विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की छटनी पर सवाल खड़े किये गये। वन विहार में संत रविदास की प्रतिमा लगाने की मांग की गई।

कप्तानगंज विधायक कविन्द्र चौधरी ने कहा मांग पत्र का सही समय पर निस्तारण न होने की दशा में पार्टी धरना प्रदर्शन को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, राजाराम यादव, मो. स्वाले, सुरेन्द्र सिंह छोटे, सौरभ मिश्रा, जावेद पिंडारी, गुलाब चन्द सोनकर, एबादुल हक, मो. युनुस आलम, प्रशांत यादव, विजय विक्रम यादव, गजानन्द यादव, शंकर यादव, मो. सलीम, रामसिंह यादव, प्रमोद यादव, जमील अहमद, गुलाम गौस, ज्ञानचन्द्र चौधरी, अजय यादव, गीता भारती, विजय लक्ष्मी, मंशाराम कनौजिया, अखिलेश यादव, राहुल सिंह, डा. रामप्रकाश सुमन, हनुमान चौधरी, तूफानी यादव, श्यामसुन्दर यादव, संजय गौतम, रजनीश यादव, रहमान सिद्धीकी, जहीर अहमद, कुलदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली की पीरागढ़ी में एक कार में मिले तीन शव, मृतकों में दो पुरुष और एक महिला शामिल; सामूहिक आत्महत्या की आशंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर एक खड़ी कार में तीन लोगों के शव मिलने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। कार के अंदर दो पुरुष और एक महिला के शव बरामद हुए हैं। शवों पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं, और सभी कीमती सामान भी मौजूद पाए गए हैं।

**मृतकों की पहचान निम्नलिखित रूप में हुई...**

रणधीर (62 वर्ष) - कार उनके नाम पर रजिस्टर्ड थी।

शिवनरेश (42 वर्ष)

लक्ष्मी (40 वर्ष)

रणधीर और शिवनरेश रणहौला के निवासी थे, जबकि लक्ष्मी जहांगीरपुरी की रहने वाली थीं।पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी है और मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। अभी तक कोई अन्य संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है।

## सीसीबरगांव में जोर पर है चुनावी माहौल, गीतार्थ गोस्वामी ने चाउरेन में किया पूजा कर लिया आशीर्वाद





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** 2026 के असम विधानसभा चुनाव के दिन जितने नजदीक आ रहे हैं चुनावी माहौल उतनी ही ज्यादा गर्म होते हुए दिखाई दे रही है। विपक्ष हो या सत्ता में बसे भाजपा दल के टिकट के प्रत्याशी सभी ने कमर कस ली है मंदिर तथा धर्मियों अनुष्ठान में अपने समर्थकों लेकर आशीर्वाद लेने के लिए भागदौड़ में है। नवगठित 79 नंबर सिसीबरगांव चुनावी क्षेत्र के भाजपा दल के अन्यतम एक टिकट के प्रत्याशी गीतार्थ गोस्वामी ने सिलापथार ताई आहूम लोगों की आराधना स्थल चाउरेन में अपने मनोकामना पूर्ण के लिए जेसिंगफा पूजा करवाया। गोस्वामी ने ताई परम्परा अनुसार मांगलिक पूजा की एवं चुनावी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से उपस्थित मूलुंगो सहित आई मातृओ से आशीर्वाद ली।

गोस्वामी सिलापथार घारमरा आदर्श सत्र के सत्राधिकारी प्रेम कृष्ण देव गोस्वामी के पुत्र एवं असम सरकार के खेल एवं युवा कल्याण परिषद के सलाहकार समिति के सदस्यों सचिव के अलावा असम एटलेटिको संस्था के सचिव मुख्यमंत्री के करीबी। उन्होंने गत दो दशक से अधिक समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े हुए हैं। मीडिया को दिए एक टिप्पणी में उन्होंने कहा भाजपा दल के शीर्ष नेतृत्व ने किसको टिकट देना है वह निर्धारित करेगा। अगर दल ने मुझे दायित्व दे तो में लोगों की सेवा के लिए चुनाव लड़नें के लिए प्रस्तुत हूँ।

## बलिया में फिल्म के नाम को लेकर विरोध, 'घूसखोरी पंडित' को बैन करने की उठी मांग

**● बलिया में फिल्म के नाम को लेकर विरोध, 'घूसखोर पंडित' को बैन करने की उठी मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया** में प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के नाम को लेकर लोगों में तीखा आक्रोश देखने को मिला। शहर के कदम चौराहा स्थित छोटी मठिया पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और फिल्म के शीर्षक को समाज विशेष की छवि धूमिल करने वाला बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज या वर्ग को निशाना बनाकर फिल्म बनाना निंदनीय है और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। पूर्व बैंक कर्मचारी अशोक मिश्रा ने कहा कि इस तरह की फिल्में समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती हैं, इसलिए सरकार को बिना देर किए इस पर रोक लगानी चाहिए।

श्याम सुंदर चौबे ने कहा कि किसी भी समाज या वर्ग की छवि खराब करने का अधिकार बॉलीवुड को किसी ने नहीं दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस उद्देश्य और भावना से फिल्म का नाम किसी समाज विशेष को बदनाम करने के लिए रखा गया है। इसी क्रम में पंडित अवनींद्र चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे शीर्षक वाली फिल्मों से आने वाली पीढ़ियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और जातीय द्वेष को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसी फिल्मों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर इन्हें प्रतिबंधित किया जाए। पंडित जितेंद्र चतुर्वेदी



ने फिल्म के निर्माता से ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और फिल्म को तत्काल बैन करने की मांग उठाई।

विरोध प्रदर्शन में बृजेश पांडे, दीपक तिवारी, अजीत पांडे, ईलू पांडे, अखिलेश तिवारी, मनीष चतुर्वेदी, राकेश विक्रम सिंह, रजनीश उपाध्याय, पशुपति गुप्ता सहित अनेक लोगों ने एक स्वर में फिल्म के खिलाफ सहमति जताई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# स्मार्ट फोन से घर बैठें बनाए आयुष्मान कार्ड

**● प्रत्येक कार्डधारक को हर साल पांच लाख तक के इलाज का मिलता लाभ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीतापुर।** क्या आप आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी हैं, और आपने अभी तक अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है, तो आपको इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। अब आप घर बैठे ही अपने स्मार्ट फोन से अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इस कार्ड के माध्यम से कार्डधारक देश के किसी भी सरकारी अथवा सूचीबद्ध निजी अस्पताल से प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा पा सकता है। इस योजना के अंतर्गत कुल 2,250 बीमारियां शामिल हैं। इसमें मातृ स्वास्थ्य और प्रसव या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य स्वास्थ्य, कैंसर, टीवी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आंखों की सर्जरी, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, कोरोनरी बाईपास, घुटना प्रत्यारोपण, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारियां, डायरिया, मलेरिया आदि शामिल है।

इस तरह से बनाएं कार्ड सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि लाभार्थी को सबसे पहले httpsÑ//beneficiary.nha.gov.in/ साइट पर जाना होगा। दाहिनी तरफ लाभार्थी विकल्प को टिक करके अपना मोबाइल नंबर डालें और वेरीफाई पर क्लिक करें, वेरिफाई करते ही आपके मोबाइल नं. पर आए हुए ओटीपी को डालकर साथ ही दिए गए कैप्चा को डालते हुए लॉग इन करें। लॉगइन होने के बाद स्क्रीन में राज्य का नाम, योजना का नाम, अपने जनपद को चुने। सर्च बाई के विकल्प में प्रदर्शित फैमिली आईडी को चुने। जिसके बाद फैमिली आईडी के विकल्प में राशन कार्ड संख्या या पीएम लेटर का एचएचआईडी नं. डालें और बॉक्स में दाहिनी तरफ दिए गए आइकन को क्लिक करें। यदि परिवार योजना के तहत पात्रता रखता है तो परिवार के सभी सदस्यों की सूची खुल जाएगी। यदि परिवार के योजना के तहत पात्रता नहीं रखता है तो स्क्रीन पर 'नो बेनिफिशियरी फाउंड' सन्देश आएगा।

जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना है उस सदस्य के सामने दिए गए आइकन पर क्लिक करें, उसके बाद एक बॉक्स खुलेगा, जिसमें आधार संख्या के सामने 'वेरिफाई' पर क्लिक करें। लाभार्थी के आधार कार्ड से लिंक मोबाइल पर प्राप्त 'ओटीपी' को डालें। जिसके बाद 'कंसेन्ट फॉर्म' का बॉक्स खुलेगा, बॉक्स में सबसे नीचे दिए गये विकल्प पर टिक करें और बॉक्स के दाहिने ओर 'अलाउ' बटन पर क्लिक करें। एक बॉक्स खुलेगा जिसमें 'आर्थेटिक' बटन पर क्लिक करें। उसके बाद अगली सक्रीन पर लाभार्थी का नाम नीले बॉक्स में प्रदर्शित होगा। बॉक्स के नीचे ई-केवाईसी आधार ओटीपी चुने और वेरिफाई पर क्लिक करें। ओटीपी डालने के बाद फिर से 'कंसेन्ट फॉर्म' का बॉक्स खुलेगा, बॉक्स में सबसे नीचे दिए गये विकल्प पर टिक करें और बॉक्स के दाहिने ओर 'अलाउ' बटन पर क्लिक करें। लाभार्थी से संबंधित सूचना एवं फोटो खुल जाएगी। पेज के दाहिनी तरफ कैप्चर फोटो को नीचे दिए गए आइकन पर क्लिक कर मोबाइल के कैमरे के माध्यम से लाभार्थी की फ़ोटो कैप्चर कर 'प्रोसीड' बटन पर क्लिक करें। पेज में दिए गए एडिशनल इंफॉर्मेशन में सबसे पहले मोबाइल नंबर पर 'नो' का विकल्प चुनते हुए लाभार्थी की अन्य सूचना भरें और 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। फोटो के नीचे दिए गए मैचिंग स्कोर 80 फीसद से अधिक होने पर बॉक्स खुलेगा, जिसमें 'ओके' बटन पर क्लिक करके आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किए गए कार्ड को लाभार्थी प्रिन्ट कर सकते हैं या मोबाइल पर सेव कर सकते हैं।

**आयुष्मान कार्ड से यह मिलता लाभ**

योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिज्ञान सिंह ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी देश भर में पंजीकृत किसी भी अस्पताल में भर्ती होकर प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का अपना उपचार करा सकता है। उन्होंने योजना के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें और शहर से बाहर जाने पर उसे सदैव अपने पास ही रखें, जिससे किसी भी विशेष परिस्थिति में उसका उपयोग किया जा सके।

## डीटीसी कर्मचारियों-पेंशनभोगियों को राहत, दिल्ली सरकार ने 1,200 करोड़ का अनुदान किया मंजूर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के हजारों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को राहत देने के अलावा आधुनिक तकनीक से यातायात को सुगम बनाने के लिए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इस राशि का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित होगा। इस राशि को मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह केवल सरकारी अनुदान नहीं है, बल्कि अपने उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार है जो हर मौसम में दिल्ली को थमने नहीं देते। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि हमारे बुजुर्ग पेंशनभोगियों को कभी अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार न करना पड़े।

सरकार द्वारा जारी किए गए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान में से 1,100 करोड़ रुपये सीधे तौर पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, पेंशन और अन्य देयताओं के लिए आवंटित किए गए हैं। कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ, परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। इसके तहत दो महत्वपूर्ण रणनीतिक परियोजनाओं पर काम होगा। इनमें एडवांस्ड ट्रैफिक सिस्टम (एटीएस): यातायात को सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग और राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के अंतर्गत कमर्शियल ई-व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास शामिल है।